


# शुभम संदेश


एक राज्य - एक अखबार

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित




www.lagatar.in | गुरुवार 18 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष 10 , संवत 2081 | पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 | वर्ष : 2, अंक : 10 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



फोटो : रमीज

# उमड़ा आस्था का सैलाब

## रांची में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

**शुभम संदेश टीम। रांची**

रामनवमी यानि भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव. अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण और वहां राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की वजह से इस साल लोगों में दोहरा उत्साह था. पूरा राज्य राममय हो गया. एक ओर जहां मंदिरों में अहले सुबह से पूजन-अनुष्ठान का कार्यक्रम चलता रहा, वहीं राज्य के शहर से लेकर गांवों तक की मुख्य सड़कों से लेकर गली-मुहल्लों तक में भगवान श्री राम और बजरंगबली के जयकारे लगते रहे. मंदिरों में जहां भगवान की पूजा-अर्चना होती रही, वहीं परंपरागत हथियारों को भी पूजा गया. रामनवमी की शोभायात्रा में बड़ी-बड़ी लाल-पीला, हरा-नीला महावीरी पतकाएं लहरा रही थीं. बैंड और ताशा की धुन पर बच्चे, युवा, महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्गों के थिरकते पांव, परंपरागत हथियार चलाने के युवाओं के हैरतअंगेज करतब देख लोगों ने दांतों तले ऊंगलियां दबा लीं. राज्य भर में रामनवमी के मौके पर आकर्षक झांकियां निकाली गयीं. कहीं अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, तो कहीं वीर हनुमान, भगवान शंकर, पार्वती की जीवंत झांकी दिखी. शोभा यात्रा में अखाड़े के युवा से लेकर बुजुर्ग सदस्य तक परंपरागत हथियार चलाने का प्रदर्शन कर रहे थे.



रामनवमी की जुलुस में शामिल हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन.



### बैंड और ताशा की धुन पर थिरक रही थी टोली

बैंड और ताशा की धुन पर थिरकती महिलाओं व युवाओं की टोली शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थी. कहीं पिता के कंधों पर विराजमान बाल हनुमान आकर्षण का केंद्र बने हुए थे, तो कहीं भगवान शिव-पार्वती और गणेश के वेश में बच्चे लोगों में भक्तिभाव का संचार कर रहे थे. जाति-धर्म के बंधन से ऊपर उठकर एक ओर जहां मुस्लिम समाज के लोग सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे थे और गंगा -जमुनी तहजीब को जीवंत कर रहे थे, वहीं विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोग सेवा शिविर लगा लोगों की हर संभव मदद कर रहे थे.

**राज्य भर में चाक-चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था**

रामनवमी को लेकर पूरे राज्य भर में सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद थी. चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे और ड्रोन से भी शोभायात्रा पर नजर रखी जा रही थी. पुलिस की गश्ती टीम भी लगातार गश्त लगा रही थी और खास कर संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही था.

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 42.1 | 30.2 |
| जमशेदपुर | 41.5 | 25.4 |
| डालटनगंज | 41.2 | 24.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,300 |
| चांदी (किलो) | 90,000 |

### थमा प्रचार का शोर पहले चरण के लिए 102 सीटों पर वोट कल



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का प्रचार बुधवार को शाम छह बजे थम गया. आम चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों को मिला कर कुल 21 जगह 102 सीटों पर वोट होगा. अरुणाचल की 2, असम की 5, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की 1, एमपी की 6, महाराष्ट्र की 5, मणिपुर की 2, मेघालय की 2, मिजोरम की 1, नगालैंड की 1, राजस्थान की 12, सिक्किम की 1, तमिलनाडु की 39, त्रिपुरा की 1, यूपी की 8, उत्तराखंड की 5, बंगाल की 3, अंडमान और निकोबार द्वीप की 1, जम्मू-कश्मीर की 1, लक्षद्वीप की 1 और पुडुचेरी की 1 सीट पर वोट डाले जाएंगे.

फर्जी डीड बनाने के सद्दाम से मिले इनपुट पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**सौरभ सिंह/ विनीत उपाध्याय। रांची**

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है. इसमें अंतु तिर्की के अलावा प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और शेखर कुशवाहा शामिल हैं. इससे पहले मंगलवार को ईडी ने चारों लोगों से लंबी पूछताछ की. पूछताछ के बाद देर शाम उन्हें ईडी कार्यालय लाया गया था. फिर देर रात सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. इसके बाद बुधवार को चारों आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया. जहां से चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

ईडी सभी को लेकर पीएमएलए के विशेष कोर्ट के आवासीय कार्यालय पहुंची थी. बता दें कि ईडी ने अंतु तिर्की, प्रियरंजन, विपिन और शेखर कुशवाहा को हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला के मामले में गिरफ्तार किया है. इसमें रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचलों के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी.

### सद्दाम से पूछताछ में ईडी को मिली थी अहम जानकारी

- मंगलवार को पूछताछ के बाद चारों की हुई थी गिरफ्तारी




### ईडी ने सात दिनों की रिमांड मांगी, बहस आज

ईडी को चारों आरोपियों के खिलाफ कई पुख्ता सबूत मिले हैं. ज्ञात हो कि प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह के ठिकानों पर ईडी की टीम पिछले वर्ष भी छापेमारी कर चुकी है. इस क्रम में कई दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किये गये थे. वहीं, ईडी ने पिछले दिनों फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी दी थी. इस आधार पर अंतु तिर्की समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं, पीएमएलए के विशेष कोर्ट में ईडी ने पूछताछ के लिए चारों आरोपियों की सात दिनों की रिमांड मांगी, जिस पर गुरुवार को बहस होगी.

### ईडी ने एक साथ कई ठिकानों पर की थी रेड

इससे पूर्व ईडी की टीम ने मंगलवार की सुबह झामुमो नेता अंतु तिर्की के बरियातू मेडिकल चौक स्थित आवास पर पहुंच कर तलाशी ली थी. अंतु तिर्की के अलावा टीम विपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित आवास, खेलगांव स्थित शेखर कुशवाहा के ठिकानों के साथ-साथ कोकर में प्रियरंजन सहाय और कपड़ा कारोबारी इरशाद के ठिकाने पर भी छापेमारी की गयी थी.



## चुनावी समर 2024

पीएम मोदी ने चुनावी रैली में कहा

### देश में मोदी की गारंटी पूरी होने की गारंटी दे रहा हूं

**नलबाड़ी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आए. असम के बोरकुडा मैदान में चुनावी रैली में उन्होंने कहा, देश भर में मोदी की गारंटी है और मैं इन सभी गारंटी को पूरा करने की गारंटी दे रहा हूं. पीएम ने कहा, पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने यहां केवल समस्याएं दी थीं, लेकिन हमने इसे संभावनाओं का स्रोत बनाया. कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाया और क्षेत्र में शांति लाये. कांग्रेस के 60 साल के शासन में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने 10 साल में प्राप्त कर लिया. पूरे देश में नया माहौल है. हम 500 वर्ष बाद भगवान राम का जन्मोत्सव उनके ही मंदिर में मना रहे हैं और यह सदियों की भक्ति व पीढ़ियों के बलिदान की वजह से हो पाया. अगले पांच साल तक सभी को मुफ्त राशन मिलता रहेगा. मोदी ने दावा किया कि स्थिति बदल गई है और क्षेत्र को सबका साथ, सबका विकास का लाभ मिल रहा है.



प्रियंका गांधी ने किया पलटवार

### मोदी सत्ता के उपासक हैं हमें देशभक्ति न सिखाएं

**सहारनपुर।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को यूपी के सहारनपुर में रोडशो किया और कांग्रेस के लिए वोट मांगे. इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमें ना सिखाएं कि देशभक्ति क्या होती है, हमारे परिवार में लोग शहीद हुए हैं और अच्छी तरह जानते हैं कि असली धर्म क्या होता है. मोदी को सत्ता का उपासक बताते हुए कहा, हम सत्ता को नहीं, शक्ति और सत्य को पूजते हैं. आज जो सत्ता में हैं वो शक्ति के नहीं सत्ता के उपासक हैं. असल राम भक्त वो है, जो सत्य के पथ पर चलता है, चाहे वो किसी भी धर्म या मजहब का हो... कंगना रनौत के सोनिया गांधी पर दिए गए बयान पर कहा, हम शुक्रगुजार है कि वो हमारे बारे में बोल रही हैं. सोनिया जी को तब से गालियां दी जा रही हैं, जब मेरे पिता जिंदा थे. मोदी की गारंटी पर प्रियंका ने कहा, मोदी जी ने गारंटी दी थी कि हर खाते में 15 लाख आएंगे. आए क्या? मोदी ने कहा था 2 करोड़ रोजगार मिलेंगे, मिले क्या?



ममता ने असम में भरी हुंकार

### 'इंडिया' के सत्ता में आते ही एनआरसी-सीएए रद्द कर देंगे

**सिलचर।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर पूरे देश को डिटेंशन कैंप बनाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आता है, तो सीएए और एनआरसी को खत्म कर दिया जाएगा. असम में टीएमसी के चार उम्मीदवारों के समर्थन में यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि अगर पीएम मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटते हैं तो देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा और चुनाव नहीं होंगे. उन्होंने (भाजपा) पूरे देश को डिटेंशन कैंप बना दिया है...मैंने अपने जीवन में इतना खतरनाक चुनाव कभी नहीं देखा. ममता ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी सभी धर्मों से प्यार करती है और नहीं चाहती कि धार्मिक आधार पर लोगों के बीच भेदभाव न हो. बनर्जी ने कहा, इंडिया गठबंधन जीतता है, तो एनआरसी, सीएए और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होगी. हम सभी भेदभावपूर्ण कानूनों को रद्द कर देंगे. बनर्जी ने कहा, जनता इंडिया गठबंधन को जिताए.



टिकैत बोले- पूंजीपतियों की सरकार

### किसानों को भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा नहीं

**नयी दिल्ली।** किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को भाजपा के घोषणापत्र पर भरोसा नहीं है और केंद्र में पार्टी की सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है. टिकैत ने कहा कि भारत को सस्ते श्रम के स्रोत के रूप में देखा जा रहा है और सरकार पर कॉर्पोरेट का नियंत्रण बढ़ गया है. उन्होंने किसान संगठनों से मुद्दों से निपटने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत होने को कहा. भाजपा के घोषणापत्र के बारे में पूछे जाने पर भारतीय किसान यूनियन के नेता टिकैत ने कहा, यह पूंजीपतियों का एक गिरोह है जिसने राजनीतिक दल पर कब्जा कर लिया है. हमें घोषणापत्र पर भरोसा नहीं है. 2014 में भी घोषणापत्र में कहा गया था कि वे स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को लागू करेंगे. अब 10 साल हो गए हैं और सिफारिशें लागू नहीं की गई हैं. टिकैत ने दावा किया कि लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश की जा रही है और वे ए2 एफएल फॉर्मूले का उपयोग कर रहे हैं तथा कह रहे हैं कि सिफारिशों को लागू कर दिया गया है.



**प्रेस कांफ्रेंस** अखिलेश ने कहा : होगा भाजपा का सफाया, 150 सीटों पर अटक जाएंगे पीएम मोदी

# चुनावी बॉण्ड सबसे बड़ी वसूली योजना : राहुल गांधी

**एजेंसी। गाजियाबाद**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड योजना दुनिया की सबसे बड़ी वसूली योजना है और पीएम नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह दावा भी किया कि इस चुनाव में भाजपा को ज्यादा से ज्यादा 150 सीट मिल रही हैं. राहुल गांधी ने कहा, यह विचारधारा का चुनाव है. एक तरफ आरएसएस-भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन इंडिया उसको बचाने में लगा है. उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी जैसे कुछ प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा 24 घंटे लोगों को गुमराह करने में लगी रहती है.

### चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया



राहुल गांधी ने मोदी के हालिया साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा, पीएम ने कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना राजनीति को साफ करने के लिए लायी गयी थी. अगर ऐसा है तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द क्यों किया? उन्होंने आरोप लगाया, चुनावी बॉण्ड योजना दुनिया की सबसे बड़ी वसूली योजना है. प्रधानमंत्री चाहे भी कितनी भी सफाई दे दें, लोग जानते हैं कि वह भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं. उन्होंने कहा कि असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है.

### पीएम ने नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की, अडाणी का समर्थन किया

राहुल ने कहा, पिछले 10 वर्षों में मोदी ने नोटबंदी कर, गलत जीएसटी लागू कर और अडाणी जैसे बड़े अरबपतियों का समर्थन कर रोजगार सृजन की व्यवस्था को कम कर दिया. हमारा पहला काम फिर से रोजगार को मजबूत करना है, इसके लिए हमने 23 विचार दिये हैं. हमारे घोषणापत्र एक क्रांतिकारी विचार है अप्रेंटिसशिप का अधिकार. हम देश के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे.

### भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक सफाया होगा

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक सफाया हो जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा. जहां तक परिवारवाद की बात है, मैं चाहता हूं कि भाजपा संकल्प ले कि वे न तो परिवार वाले को टिकट देंगे और न ही परिवार वाले से वोट लेंगे. कहा कि भाजपा वाले इंडिया गठबंधन का नाम भी ठीक से नहीं ले सकते. तंज कसा कि जो लोग 2014 में आये थे वे 2024 में चले जाएंगे.

## ब्रीफ खबरें

### इंडिया-एनडीए एक ही सिक्के के दो पहलू : आजम

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी नेता आजम अहमद ने कहा कि



झारखंड में इंडिया गठबंधन और एनडीए, गठबंधन एक ही सिक्के के दो पहलु हैं. झारखंड में इंडिया गठबंधन ने 18 फीसदी आबादी वाले लोगों को ठेंगा दिखा दिया है. अल्पसंख्यक समुदाय की बड़ी आबादी होने के बावजूद 14 लोकसभा की सीटों में एक भी उम्मीदवार नहीं खड़ा करना मुसलमानों को सोचने पर मजबूर कर दिया है. इस उम्मीद में नहीं रहे की मुसलमानों के पास कोई विकल्प नहीं है, जायेंगे तो कहां जायेंगे वक्त सब कुछ बता देता है. लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जल्द ही झारखंड के विभिन्न जिला, प्रखंड, पंचायत, गांवों का दौरा किया जायेगा और लोगों को हकीकत से वाकिफ (सामना) कराया जाएगा.

### राजद ने चंद्रशेखर की जयंती मनायी

**रांची।** प्रदेश राजद की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, उपाध्यक्ष अनिता यादव, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, शालिग्राम पांडेय, नंदन यादव, यशवंत यादव, कमलेश यादव, राम इकबाल चौधरी, मैनेजर राय, कमलेश यादव, विशाल कुमार, प्रेम कुमार, मनोज यादव सहित कई राजद नेताओं ने तस्वीर पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि चंद्रशेखर की युवा तुर्क नेता के रूप में पहचान थी और वे सादगी भरा जीवन व्यतीत करनेवाले प्रखर समाजवादी व बेवाक प्रवक्ता थे. देश की एकता-अखंडता व सामाजिक परिवर्तन के लिए चंद्रशेखर ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लंबी पदयात्रा कर एक मिशाल कायम किया था. विवेकशील कार्यशैली, धर्मनिरपेक्षता व विकसित समाजवादी विचारधारा के लिए देश सदैव उन्हें याद करेगा.

### झामुमो नेता ने आपत्तिजनक बयान के लिए माफी मांगी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता नजरुल इस्लाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक बयान देने को लेकर बुधवार को माफी मांग ली और कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था. उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले ही भाजपा की झारखंड इकाई ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर नजरुल इस्लाम को गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी. इस्लाम को एक वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि चुनाव में 400 सीट जीतने के बजाय प्रधानमंत्री 400 फीट नीचे दफनाए जाएंगे. झामुमो नेता ने एक वीडियो बयान में कहा, एक राजनीतिक भाषण के दौरान मैं प्रधानमंत्री के 400 सीट जीतने के दावे के खिलाफ बोल रहा था. मेरे कहने का मतलब यह था कि उन्हें (भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को) 400 सीट नहीं मिलेंगी और वे सत्ता से बाहर हो जाएंगे. उन्होंने कहा, मैं एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति और प्रोफेसर हूं. मैं प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे शब्द नहीं बोल सकता. लेकिन, अगर किसी कारण से मेरी बातों से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं दिल से माफी मांगता हूं.

---

रांची के हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छतों पर ईंट-पत्थर रखे जाने की खबर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की अपील

# सीएम की सोशल मीडिया हैंडलर्स से अपील, भ्रामक खबरें चलाने से बचें

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल से जारी खबर को लेकर अपील की है. उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से जारी बयान में कहा कि रांची के हिंदपीढ़ी, लेक रोड और मेन रोड के कुछ घरों की छत पर पिछले दिनों ईंट और पत्थर देखे गये थे. इस खबर को सोशल मीडिया में चलाया गया. जिससे सोशल मीडिया पर अफवाहों और चर्चाओं का बाजार गर्म है. एक्स पर एक पोस्ट जारी कर सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि छत पर ईंट-पत्थर मिलने को लेकर अफवाह न फैलायें. जिन घरों की छत पर ये सामग्री मिली है, उनके मालिक अलग-अलग समुदायों से आते हैं. सीएम ने कहा कि इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, इसे रोका जाना चाहिए. उन्होंने झारखंड पुलिस को ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.



- कहा-जुलूस, शोभायात्रा में सभी धर्म-समुदाय के लोग हिस्सा लेते हैं, ऐसी भ्रामक खबरों से महौल तनावपूर्ण होता है
- पुलिस को दिया निर्देश, ऐसे खबरें चलाने वालों पर हो सख्त कारवाई

### रांची पुलिस ने रूटीन चेकअप में छतों पर ड्रोन से की थी जांच

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल से कुछ सोशल मीडिया हैंडल द्वारा रांची की हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छत पर ईंट, पत्थर आदि होने को लेकर भ्रामक खबरें चलाई जा रही हैं. रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रूटीन चेक के दौरान 10-11 घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया है. इनमें से कुछ घर हाल में बने हैं, जबकि कुछ अभी भी निर्माणाधीन हैं. पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन घरों के मालिक विभिन्न समुदायों से आते हैं. ऐसी अफवाहों पर ध्यान ना दें.

### रामनवमी जुलूस वाले मार्ग पर भवनों की छत की जांच की गई थी

बता दें कि 15 अप्रैल को जिला प्रशासन ने रामनवमी के जुलूस वाले मार्ग के मकानों की छत की ड्रोन से जांच की थी. लेक रोड, हिंदपीढ़ी और मेन रोड में कुछ घरों की छतों पर ईंट- पत्थर देखे गये थे, जिसे हटाने का निर्देश दिया गया था.

---

देवघर जिला कांग्रेस और अल्पसंख्यक कांग्रेस ने खोला मोर्चा, खरगे को लिखा पत्र

# गोड्डा लोस सीट: दीपिका पांडेय सिंह के खिलाफ कांग्रेस में ही उठे विरोध के स्वर

**कौशल आनंद। रांची**

कांग्रेस की तीसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी संगठन में विरोध के स्वर उठ गए हैं. देवघर जिला और अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. देवघर जिला कांग्रेस समिति ने जहां दीपिका सिंह पांडेय को सबसे कमजोर एवं डमी प्रत्याशी करार देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर अविलंब प्रत्याशी बदलने की मांग की है. वहीं अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मुस्लिम आबादी और उसके प्रतिनिधत्व को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया है.

**जिला कांग्रेस ने खरगे को लिखा पत्र, पुनर्विचार की मांग :** देवघर जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिख कर, गोड्डा संसदीय सीट से प्रत्याशी के नाम पर पुनर्विचार करने की मांग की है. जिला कमेटी के तर्क है कि पार्टी का निर्णय संगठन और धरातल के विपरीत है. जिला कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा है कि क्षेत्र की 90 फीसदी आबादी की अनदेखी की गई. जिला कमेटी का कहना है कि गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 90 फीसदी आबादी पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों की है.विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तर्क है कि दीपिका पांडेय सिंह यहां कमजोर और डमी कैंडिडेट साबित होंगी.कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा है कि दीपिका पांडेय सिंह की उम्मीदवारी से गोड्डा में पार्टी की पांच न्याय और 25 गारंटी के साथ-साथ आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी वाली घोषणा दिखावा सिद्ध हो रही है. कमेटी ने तर्क दिया है कि प्रत्याशी की घोषणा से ऐसा लगता है कि केंद्रीय नेतृत्व को धरातल की वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है. उन्हें गुमराह किया गया है. पार्टी के फैसले से 90 फीसदी आबादी में नाराजगी है.

*कहा-गोड्डा में पार्टी ने उतारा है सबसे कमजोर एवं डमी प्रत्याशी*

*अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुस्लिमों की अनदेखी का लगाया आरोप*



### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने 15% मुस्लिम आबादी की अनदेखी का लगाया आरोप

कांग्रेस ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शमीम अख्तर ने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर नाराजगी प्रकट की है. कहा कि राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानो में एक उम्मीद की किरण जगी थी कि लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा. क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना दामन साफ किया. लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर होने का दावा करती है. उसने लोकसभा में मुसलमानों का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानो के बीच एक संदेश दिया कि वह भी भाजपा की तरह तुष्टीकरण की राजनीति करती है. अख्तर ने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा. जब भी मुसलमानो की प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक भागीदारी की बात आती है, तो कांग्रेस कन्नी काट लेती है. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट न देकर अपनी कब्र स्वयं खोदी है. राज्य में 14 लोकसभा सीट है और इस राज्य में सबसे बड़ा धार्मिक और अल्पसंख्यक समूह मुस्लिम है. मुसलमानों की जनसंख्या सरकारी आंकड़े के अनुसार 15 प्रतिशत है. जबकि मुस्लिम बहुल साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर हैं, जहां मुसलमानों की जनसंख्या 20 प्रतिशत से कहीं अधिक है. परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी जिले में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया या मुसलमानो के प्रतिनिधित्व को उचित नहीं समझा. ब्राह्मणवाद से घिरी कांग्रेस सदा अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती है और मुसलमानों को वोट बैंक समझती है. यही कारण है कि अधिकांश मुसलमानों का झुकाव क्षेत्रीय पार्टियों की ओर बढ़ा है.

---

## झारखंड में प्रथम चरण की चार सीटों के लिए आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड में प्रथम चरण के लिए चार सीटों पर 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इलेक्शन कमीशन 18 अप्रैल को ही इसके लिए अधिसूचना जारी करेगी. इसके साथ ही नामांकन प्रकिया शुरू हो जाएगी. झारखंड के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है. दो सीट पर भाजपा-कांग्रेस, एक पर राजद-भाजपा और एक पर भाजपा-झामुमो के बीच है सीधी लड़ाई झारखंड के प्रथम चरण में होने वाले मतदान में चार सीटों पर भाजपा- कांग्रेस और



भाजपा-राजद के बीच सीधी टक्कर है. खूंटी में भाजपा के सीटिंग एमपी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के बीच सीधा मुकाबला है. लोहरदगा सीट में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत, सिंहभूम में भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो के जोबा मांझी के बीच मुकाबला है. वहीं पलामू सीट से भाजपा के बीडी राम और राजद की ममता भुईंया के बीच मुकाबला होगा.

## लोस चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और खुशनुमा होना चाहिए : महेश पोद्दार

**संवाददता। रांची**

पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने कहा कि आम नागरिकों को पार्टी का झंडा लगाने की अनुमति मिलनी चाहिए. उसे अपनी पसंदीदा पार्टी का झंडा अपने खर्च पर अपनी दुकान या घर के बाहर या छत पर लगाने की छूट हो, इससे लोकतंत्र की खूबसूरती बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि चुनावों को निष्पक्ष और भयमुक्त होने के साथ ही रंगीन और खुशनुमा भी होना चाहिए. उन्होंने इसके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त को अनुरोध एवं सुझाव पत्र भेजा है. इसमें कहा है कि आम चुनावों को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है, इसलिए सभी नागरिकों को इसका उत्सव मनाने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए. कोई भी नागरिक किसी भी पार्टी या उम्मीदवार का समर्थक होता है. उसे अपने पसंदीदा उम्मीदवार या पार्टी का झंडा लगाकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए. इसमें नागरिकों को किसी



प्रकार की हिचक अथवा भय न हो, उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घरों पर झंडा लगाने वालों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा परेशान करने की शिकायत मिल रही है. इसलिए इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारियों को आम नागरिकों को परेशान करने से रोका जाए. उम्मीद जताई कि ऐसे स्पष्ट निर्देश जारी होने से नागरिक भयमुक्त होकर अपने खर्च पर अपने परिसर में किसी भी पार्टी का झंडा लगा सकेंगे. इससे उनके अंदर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अहसास पैदा होगा.

---

## बेड़ो-लोहरदगा रोड को जोड़ने वाली सड़क 74 करोड़ में बनेगी

**संवाददाता। रांची**

लोहरदगा जिला अंतर्गत लोहरदगा-नदिया मोड़-इरगांव वाया अरकोसा रामपुर पथ 10.59 किमी, इरगांव-भंडरा पथ 8.68 किमी कुल 19.25 किमी लंबी सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित करते हुए पथ निर्माण विभाग अंतर्गत शामिल कर लिया गया है. इस रोड को 74.14 करोड़ की लागत से बनाने की योजना है. पथ निर्माण विभाग ने इसका डीपीआर तैयार कराया है. जून माह में प्रशासनिक स्वीकृत ली जाएगी. बता दें कि प्रस्तावित पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है. जिसकी कुल लंबाई 19.25 किमी है. इस पथ का कैरिजवे वर्तमान में सिंगल लेन 3.0-3.75 मीटर है. जिसे पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर इंटरमीडिएट लेन करीब 5.5 मीटर तक चौड़ा किया जायेगा. यह पथ नदिया मोड़ से प्रारंभ होकर अरकोसा, रामपुर एवं इरगांव होते हुए बेड़ो-लोहरदगा पथ एमडीआर-001 के 25वें किमी पर स्थित भंडरा तक जाती है. इस पथ द्वारा लोहरदगा जिला मुख्यालय से इस क्षेत्र के कई गांवों की कनेक्टिविटी होती है. इसके बनने से आवागमन काफी आसान हो जाएगा. सड़क निर्माण में भू-अर्जन इत्यादि भी किया जाएगा.

कल्पना सोरेन ने दी श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं, भाजपा पर किया कटाक्ष

## कहा-ज्ञानी होते हुए भी भगवान श्रीराम ने युद्ध के नीति-नियमों और आदर्शों का पालन किया था

**विशेष संवाददाता। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने श्रीरामनवमी



पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर मैसेज पोस्ट किया. कल्पना ने दिनकर के एक वाक्य को कोट करते हुए लिखा. कहा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू. मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की. सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्री राम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें. रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार. जय जय सिया राम.

इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया. कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्री राम भगवान जी ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था. जिस तरीके से शक्तिशाली होते हुए भी उन्होंने हमेशा धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी है. हमेशा ज्ञानी होने के बावजूद, ज्ञान पाने की तत्परता दिखायी थी और जिस प्रकार से युद्ध में अपने प्रतिदंव्दियों को हराकर भी उन्हें सम्मान के दृष्टि से देखा था. आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है.

---

**मौसम :** झारखंड में अगले चार दिन साफ रहेगा आसमान, 21 से छा सकते हैं बादल

## गोड्डा में 42 डिग्री के पार पहुंचा पारा, बढ़ेगी गर्मी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है. दोपहर में गर्म हवाओं का असर होने लगा है. बीते 24 घंटे में राज्य में गोड्डा सबसे गर्म रहा है. यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री दर्ज किया गया है. राज्य के अन्य हिस्सों में भी पारा 40 के आसपास चल रहा है. वहीं सबसे कम तापमान बोकारो का दर्ज किया गया है. यहां का न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री रहा है. मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट बताती है कि आगामी चार दिनों में मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने वाला है. गर्म हवा और तेज धूप का कहर जारी रहेगा. वहीं रांची का उच्चतम तापमान 36.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.




### 21 से मौसम में बदलाव संभावित

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम में आंशिक बदलाव 21 अप्रैल से देखने को मिल रहा है. इस बीच अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है. वरीय मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, 21 और 22 अप्रैल को आंशिक बादल छा सकते हैं और मौसम शुष्क बना रहेगा. मध्य और दक्षिणी झारखंड में गर्मी का कहर राज्य के दूसरे हिस्से के मुकाबले थोड़ा अधिक रह सकता है.

### 39 डिग्री तक जाएगा अधिकतम तापमान

मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, इस दौरान राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जा सकता है. बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है. वहीं 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहेगा. 19 और 20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक रहने की संभावना जताई गई है. जबकि इन दो दिनों में न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रह सकता है. 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आसमान के साफ रहने और मौसम शुष्क रहने की जानकारी दी गई है.

## एक लाख घरों में पेयजलापूर्ति के लिए योजना तैयार, 5 लाख लोगों को लाभ

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवास में रहने वाले पांच लाख लोगों के बीच पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है. नगर विकास विभाग इसका डीपीआर तैयार करा रहा है. यह प्रयास हो रहा है कि सभी शहरी आवासों में प्रथम 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जाए. ऐसा नियमावली में प्रावधान भी किया गया है. सूडा के अधिकारियों ने बताया कि पेयजलापूर्ति के लिए बीडिंग की प्रक्रिया की जा रही है.चुनाव बाद इस पर काम होगा. अधिक से अधिक कंपनियों की भागीदारी से कार्य किया जाएगा. यह प्रयास है कि सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर विकास विभाग कार्य कर रहा है. यही नहीं पेयजल की उपलब्धता के लिए जल संसाधनों को भी विकसित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि एशिया विकास बैंक, विश्वबैंक और केंद्र की अमृतम योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है. उच्च तकनीक के आधार पर काम किया जाएगा. ठेकेदारों की परेशानियों को भी दूर किया जाएगा. अमृतम और एशिया विकास बैंक के सहायता से चलने वाली इस योजना में 32 सौ करोड़ से अधिक राशि खर्च होगी.

### इन निकायों में शुरू होगी योजना

विश्व बैंक संपोषित योजना
कपाली : 3852 आवास
लोहरदगा : 14300 आवास
गुमला : 12200 आवास.
अमृतम योजना से संचालित योजना
रेहला और विश्रामपुर : 10271 आवास
बड़की सरैया :4913 आवास
महागामा : 8206 आवास
धनवार :5597 आवास
डोमचांच : 7161 आवास
जामताड़ा : 7860 आवास
बंशीधरनगर : 8549 आवास
छतरपुर एवं हरिहरगंज : 15671 आवास
और बड़हरवा : 7095 आवास

---

**खास बाचतीत** चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी का वादा, 25 हजार लोगों को रोजगार देंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में करना होगा बहुत काम

# मैं चुनाव जीता तो मेरी प्राथमिकता चतरा के ग्रामीण होंगे, उनकी खुशहाली ही लक्ष्य है

**चतरा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया गया है. शुभम संदेश के ब्यूरो चीफ प्रवीण कुमार ने उनसे चतरा लोकसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर खास बातचीत की. पेश है बाततीत के अंश...**

**राज्य** की चतरा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी (केएन त्रिपाठी) चुनावी मैदान में उतर गये हैं. राजनीति में लंबा अनुभव रखने वाले कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज के विधायक के साथ-साथ झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं. सियासत में आने



से पहले त्रिपाठी एयरफोर्स में थे. सेना की नौकरी छोड़कर वह राजनीति में आए और साल 2005 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार डाल्टनगंज सीट पर चुनाव लड़े. लेकिन इंदर सिंह नामधारी के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 2009 में फिर डाल्टनगंज सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे और चुनाव जीते. विधायक बनने के बाद उन्हें राज्य सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री बनने का मौका मिला.

**सवालः चतरा संसदीय क्षेत्र की खराब स्थिति के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है?**

**केएन त्रिपाठीः** चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास और वहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराना मेरा पहला मुद्दा है. हर विधानसभा क्षेत्र से पांच- पांच हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना मेरी पहली प्रथामिकता होगी. साथ ही इलाके की स्थिति सुधारने के लिए क्षेत्र में सिंचाई के साधन उपलब्ध कराना, इलाके की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलना, हायर एजुकेशन के क्षेत्र में काम करने के साथ-साथ पलायन रोकने की दिशा में ठोस पहल करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. इस क्षेत्र से कोयला और अन्य खनिज संसाधनों के अलावा मानव संसाधन भी बाहर जाता है, लेकिन बदले में हमें मजदूरों की लाशें ही मिलती हैं. मैं इसी प्रवृत्ति को बदलने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतरा हूं. चुनाव जीतने के बाद अगले 5 वर्षों तक पूरे चतरा संसदीय क्षेत्र में आवश्यकतानुसार उद्योग स्थापित कर युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा.

**सवालः रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य देश के बड़े मुद्दे हैं. आप का चतरा के लिए क्या ब्लू प्रिंट है?**

**केएन त्रिपाठीः** लातेहार, चतरा और पलामू प्रमंडल में बेरोजगारी का आलम है. स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है. केंद्र सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन धरातल पर आने के बाद देखा जा सकता है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल है. चतरा संसदीय क्षेत्र में एक भी अच्छा अस्पताल नहीं है. अगले 5 वर्षों तक मुझे इस क्षेत्र में दिन-रात काम करना है, ताकि यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई के साथ-साथ रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध हो सकें.

**सवालः चतरा की बदहाली के लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं आप?**

**केएन त्रिपाठीः** यह पलामू प्रमंडल और चतरा का दुर्भाग्य रहा है कि आज तक इलाके को मान्यता दिल्ली में नहीं मिल पायी. चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों को चतरा लोकसभा सीट जीत परोसा करती थी. जिनको इलाके की जानकारी नहीं है, लोगों की समस्या से कभी रूबरू नही हुए. वैसे लोग यहां से चुनाव जीतते रहे. उन लोगों ने चुनाव जीतने के बाद कभी क्षेत्र के विकास के लिए काम नहीं किया. अगर वो काम किए होते, तो इलाके में करीब 30 से 40 कोयला खदानें हैं. यहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता. लेकिन बाहर से आए लोग यहां पर काम कर रहे हैं. यहां के लोग दूसरी जगह पलायन कर अपनी दो वक्त की रोजी जुगाड़ करने में लगे हैं. दो जून की रोटी जुगाड़ करने के एवज में चतरा के लोगों को दूसरे राज्यों में काम करने गये मजदूरों का शव मिलता है. यहां कोई कोयला बेस इंडस्ट्री नहीं है. कभी जनप्रतिनिधियों ने इस और ध्यान नहीं दिया.

**सवालः केंद्र में भाजपा की सरकार रहते और चतरा से भाजपा होने के बावजूद इलाके का विकास क्यों नहीं हुआ?**

**केएन त्रिपाठीः** देखिए मुझे आरोप-प्रत्यारोप में नहीं पड़ना. यह सही है कि भाजपा ने हमेशा वैसे कैंडिडेट चतरा से दिये, जिनका चतरा और यहां के लोगो से कोई सरोकर ही नहीं रहा. वर्तमान में भी जिसे भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा है, उनका भी कोई चुनावी अनुभव नहीं है. यहां बस पार्टी के सिंबल से पिछड़े इलाके का होने का फायदा उठा कर राजनीतिक दल के कैंडिडेट चुनाव जीतते रहे हैं. भाजपा की सरकार रहते हुए भी उनके सांसद इलाके की समस्याओं के हल को लेकर कभी ठोस पहल नहीं किये. यहां से चुने गए सांसदों ने हमेशा इलाके की आवाज को दबाने का काम किया है. मैं चतरा का कायाकल्प कर दूंगा. ऐसा भरोसा दिलाता हूं. चतरा का विकास और यहां की खुशहाली ही मेरा मकसद है. मैं जनता के बीच रहने वाला व्यक्ति हूं, मुझे पता है कि काम कैसे किया जाता है.

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी पंचायत में कम से कम हर पंचायत में 10 व्यक्ति मुझे जानते हैं व्यक्तिगत तौर पर मुझे जानते हैं मैं उनके बीच में रहता हूं उनके लिए काम करता हूं

www.lagatar.in

गुरुवार 18 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल पक्ष 10 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 10

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

महावीरी ध्वज के साथ नारी शक्ति

# कोयलांचल राममय, श्रीराम के जयकारे से गूंजा शहर

धनबाद। कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी के अवसर की हर ओर रामनाम की धूम रही. सुबह से ही मंदिरों में हवन-पूजन के साथ सुंदर कांड का पाठ शुरू हो गया था. महावीरी पताकों की पूजा को लेकर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. वहीं, दोपहर बाद से धनबाद, झरिया, कतरास, सिंदरी, हीरापुर, पाथरडीह समेत आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न अखाड़ों द्वारा जुलूस निकाला गया. ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे के साथ महावीरी झंडा लेकर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए गए. पारंपरिक शस्त्रों के साथ हुनरबाजों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन भी किया. वहीं, चैंबर ऑफ कॉमर्स, श्री गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति समेत अन्य समाजिक संस्थानों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न अखाड़ा दलों का स्वागत किया गया. झरिया के महाराणा प्रताप दल की तरफ से कोलकाता से आये पहलवानों ने सब्जी पट्टी में शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन किया. रामनवमी जुलूस के दौरान नारी शक्ति भी किसी से पीछे नहीं थीं. उनका उत्साह देखते ही बन रहा था. हाथों में महावीरी पताका लिए जय श्रीराम का नारा लग रहा था. इस पावन अवसर पर पूरा शहर राममय हो गया था.





दशमी के दिन निकलता है झंडा विसर्जन जूलूस

## जमशेदपुर: महावीरी झंडा को ठंडा करने की अनूठी परंपरा

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

जमशेदपुर में दशमी को झंडा विसर्जन जुलूस निकाला जाता है, जबकि देश भर में यह शोभायात्रा नवमी तिथि को ही निकाली जाती है. जमशेदपुर में दशमी तिथि को जुलूस निकालने की परंपरा वर्ष 1979 से शुरू हुई. जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्रीश्री जय बजरंग अखाड़ा नवयुवक संघ के अभिषेक ने बताया कि झंडे को ठंडा करने का तत्पर्य विसर्जन से ही है.

**1922** से शुरू हुई थी रामनवमी अखाड़ा की परंपरा

**1979** के दंगा के बाद दशमी को निकला जाने लगा जुलूस

जिस प्रकार से दशमी तिथि को देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है, उसी तरह इसी तिथि को शोभायात्रा निकाल कर महावीरी झंडे को ठंडा कर पुनः वापस लाया जाता है. दूसरी ओर जानकार बताते हैं कि वर्ष 1979 में शहर में दंगा हुआ था. उसके बाद जिला प्रशासन ने विसर्जन जुलूस को लेकर कई परिवर्तन किए, जिसने परंपरा का रूप ले लिया. शहर में वर्ष 1922 से रामनवमी अखाड़ा की परंपरा शुरू हुई थी. सभी अखाड़े नवमी की पूर्णाहुति के बाद बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर जाते थे, फिर साकची के बारी मैदान में एकत्र होकर स्वर्णरेखा नदी में झंडा का विसर्जन करते थे. इसमें कुछ नवमी को विसर्जन करते थे, तो कुछ दशमी को. लेकिन 1979 के दंगे के बाद प्रशासन ने अखाड़ा संचालकों की सहमति से इस परंपरा में बदलाव करने को कहा, जिसे मान लिया गया. उसके बाद से दशमी के दिन विसर्जन जुलूस निकलने लगा.

ब्रीफ खबरें

### सांसद वीडी राम पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

धुरकी (गढ़वा)। लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग प्रत्याशियों की हर



गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है. इसके लिए प्रशासनिक अमला को भी निर्देशित किया गया है. इस कड़ी में पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी व सांसद विष्णु दयाल राम के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. वीडी राम पर आरोप है कि उन्होंने ने बिना प्रशासनिक अनुमति के पंचायत भवन में कार्यकर्ताओं के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया था. मामले की जानकारी मिलने पर 72 घंटे बाद बुधवार सुबह धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी के आवेदन पर सांसद एवं अन्य अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज कराया है.

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने ढुल्लू महतो पर जमकर हमला बोला

# भाजपा ने 49 केस वाले को प्रत्याशी बनाया

संवाददाता। धनबाद

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को धनबाद पहुंचते ही भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया, जिसपर 49 केस दर्ज हैं. ढुल्लू महतो के आपराधिक चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भाजपा किसी स्वच्छ छवि वाले नेता को प्रत्याशी बनाती, तो वह धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़तीं.

कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को अनुपमा सिंह के नाम की घोषणा के बाद बुधवार को अनुपमा सिंह कांग्रेस कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रही थीं. इस दौरान उनके पति सह बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह मौजूद थे. अनुपमा सिंह ने आगे कहा कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है, तो वो धनबाद में एयरपोर्ट बनवाने का काम करेंगी. पार्टी में असंतोष के मुद्दे पर अनुपमा ने कहा कि ऐसा हर पार्टी में होता है. ढुल्लू महतो के प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा में भी कई लोग असंतुष्ट होंगे. उन्होंने कहा कि विरोध से ही ताकत मिलती है.



### *ससुर के संघर्ष और पति के जुझारूपन से काफी सीखा*

*अनुपमा सिंह ने धनबाद की जनता से अपील किया कि वोट करते समय एक बार अपने दिल से जरूर पूछें कि कैसे प्रत्याशी को वोट कर रहे हैं. उन्होंने राजनीतिक जीवन में खुद के नये होने की बात पर कहा कि वह प्रेस कॉन्फ्रेंस भले पहली बार कर रही हैं, लेकिन अपने पिता तुल्य ससुर स्व. राजेंद्र सिंह एवं पति अनूप सिंह ने 20 सालों में बहुत कुछ सीखा है. ससुर के संघर्ष को देखा है और पति के जुझारूपन को देखा है.*

### *धनबाद में नहीं चलेगी मोदी की गारंटी: अनूप*

*बेरमो विधायक अनूप सिंह ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि धनबाद में मोदी की गारंटी नहीं चलेगी. उन्होंने कहा कि धनबाद में मोदी ने ऐसे प्रत्याशी को उतारा है, जिसने महिला का यौन शोषण करने का काम किया है, मंदिर बना कर ठेला लगानेवाली महिला का जमीन हड़पी है. ऐसे प्रत्याशी को उतारा है, जिसने रघुवर दास की सरकार में कोयला चोरी की चरम सीमा पार कर दी थी. रघुवर दास के बेटे ललित दास आते थे और कितना पैसा लेकर जाते थे, यह बात जनता को बताना होगा. मोदी ने उस प्रत्याशी को उतारने का काम किया है, जो बीसीसीएल के एरिया एक से लेकर छह तक आतंक का दूसरा नाम है. यदि जलेश्वर महतो ने पिछले विधानसभा चुनाव में दोबारा गिनती कराई होती, तो ढुल्लू महतो चुनाव हार जाते.*

आदित्यपुर में खुला 650 बेड का नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

# गरीबों को समर्पित होगा अस्पताल

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

नेताजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस केजी से लेकर पीजी और पारंपरिक से लेकर व्यवसायिक शिक्षा तक के क्षेत्र में नित्य नये आयाम गढ़ता जा रहा है. इसी कड़ी में इस ग्रुप की ओर से बिहार के बिहटा के बाद अब जमशेदपुर के आदित्यपुर में भी एक मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की गयी है. बुधवार को रामनवमी के अवसर पर नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन किया गया.

ग्रुप के चेयरमैन मदन मोहन सिंह के पिता तेज नारायण सिंह एवं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी ने इस 650 बेड वाले इस मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का उद्घाटन किया. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जियाडा) के अध्यक्ष प्रेम रंजन उपस्थित थे. उन्होंने नेताजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की. बता दें कि बिहार की राजधानी पटना स्थित बिहटा में भी इस ग्रुप की ओर से 650 बेड वाले नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का पूर्व से ही संचालन किया जा रहा है. वहां 500 छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं. वहीं अब वहां पीजी की भी पढ़ाई शुरू हो चुकी है.

नेताजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की एक और उपलब्धि



### जनसेवा व शिक्षा की अलख जगाना लक्ष्य: मदन मोहन

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संबंध में ग्रुप के चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य जनसेवा और शिक्षा की अलख जगाना है. यह अस्पताल गरीबों को समर्पित है. शहर में मेडिकल क्षेत्र में यह अस्पताल नये कीर्तिमान स्थापित करेगा. 650 बेड वाले इस अस्पताल में सभी तरह की आधुनिक एवं स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं. अब बुधवार से यहां ओपीडी सेवा की शुरुआत हो गई है. इसमें लगभग 250 डॉक्टर अपनी सेवा देंगे.

### यह गरीबों का अस्पताल, क्षेत्र का गौरव बनेगा: कृष्ण मुरारी

नेताजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, बिहटा के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि यह अस्पताल अमीरों का नहीं, बल्कि गरीबों के लिए होगा. यहां कम खर्चे में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी. इसके लिए संस्थान पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. एक छत के नीचे स्वास्थ्य से संबंधित सारी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराना है. इसी सोच के साथ इसका शुभारंभ किया गया है. सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में बहुत जल्द यह अस्पताल क्षेत्र के गौरव के रूप में जाना जाएगा.

कार्रवाई | धनबाद थानेदार राजेश कुमार को एसएसपी ने किया निलंबित, नाकामी की लंबी फ़ेहरिस्त पर नपे

# शहर में चोरी-छिनतई की बढ़ती वारदातों ने छीन ली थानेदारी

संवाददाता। धनबाद

शहर में चोरी व छिनतई की लगातार बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे धनबाद थानेदार राजेश कुमार की कुर्सी छीन गई. एसएसपी एचपी जर्नादनन ने उन्हें निलंबित कर दिया है. इंस्पेक्टर राजेश कुमार आचार संहिता के दौरान कार्रवाई की जद में आने वाले धनबाद के पहले पुलिस कर्मी हैं. धनबाद थाने में उनकी पोस्टिंग होने के बाद उपलब्धि बताने के लिए शायद ही उनके पास कुछ था, लेकिनअपराधियों द्वारा अंजाम दिये गये वारदातों की लंबी फेहरिस्त थी.

**02** दर्जन वारदातों में चोरी हुए सामानों की बरामदगी नहीं



### शहर के मंदिरों में लगातार घटी चोरी की वारदातें

धनबाद थाना क्षेत्र के चौराहों पर मौजूद लगभग सभी मंदिरों में चोरों ने हाथ साफ कर दिया है. रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर, पूजा टॉकिज के साई मंदिर, पॉलिटेक्निक रोड मंदिर, विशनपुर नागनगर मंदिर, आदि मंदिरों में बीते कई महीनों में चोरी की वारदातें अंजाम दी गई हैं. कुछ मंदिरों में तो दो-दो बार वारदातें हुईं. कुछ में कैमरे में भी लगे थे. इन कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया. किसी भी मामले का उद्भेदन करने में थानेदार को कामयाबी नहीं मिली थी.

### चेन छिनतई और लूट की वारदातें भी बढ़ीं

शहर के सुरक्षित माने जाने वाले स्थानों पर सरेशाम चेन छिनतई की चार वारदातें हो गईं. इनमें दो धनबाद थाना क्षेत्र में घटी थी. इसके अलावा महिला के साथ जेवर ठगने, युवती के साथ लूट और फिर कारोबारी को मोबिल गिरने की बात कह कर लाखों रुपये का चूना लगाने का मामला भी थाने की फाइलों की शोभा बढ़ा रहा है. इन मामलों में भी पुलिस के हाथ खाली रह गए. हां, शाम को थानेदार राजेश कुमार लाठी लेकर स्टेशन रोड जरूर जाते और लाठियां भांज कर लौट जाते थे.

### दामोदरपुर में खुद से पहरेदारी करने लगे लोग

चोरी की लगातार घटनाओं से परेशान होकर दामोदरपुर के लोगों ने खुद पहरेदारी तक शुरू कर दी. दो चोरों को पकड़ कर यहां के लोगों ने पुलिस को सौंपा भी था. इन चोरों को ही जेल भेजा गया. यहां डेढ़ दर्जन आवासों को सिर्फ दो महीनों के अंतराल में निशाना बनाया गया. चार्टेड अकाउंटेंट शशिभूषण दुबे के घर से 10 लाख, कृष्णा ज्वेलर्स से आठ लाख, बैंक कर्मी के घर से लाखों के सामान समेत कई घरों में चोरी हुई. यहां के लोगों ने कई बार इस बात की गुहार लगाई कि इस इलाके में बेहतर पुलिसिंग की जाए. पेट्रोलिंग हो और लोगों की संपत्ति की सुरक्षा हो, लेकिन ऐसा करने में थानेदार पूरी तरह नाकाम रहे.

### पांच वारदातों में संलिप्तता, पर नहीं मिली संपत्ति

दामोदरपुर के लोगों ने पहरा देने के क्रम में दो बार चोरों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा था. इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में रोहित का चेहरा दिखा था. बाद में उसे लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. उसने चोरी के पांच मामलों में संलिप्तता कबूलते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी भी दी थी. लेकिन उसे जेल भेजने के बाद अलावा पुलिस कुछ नहीं कर पाई. न गिरोह के सदस्य पकड़े गए और ना ही चोरी किये गये सामान बरामद करने में कामयाबी मिल पाई.

# चतरा: नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं, दो की हुई मौत

संवाददाता। चतरा

दुखद घटना

- सिंचाई के लिए खोदे गये गड्ढे में नहा रहीं थीं बच्चियां
- तीन बच्चियों ने किसी तरह तैर कर बचायी अपनी जान

जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी के दिन बड़ा हादसा हो गया. प्रखंड के डाहा गांव में एक नदी में नहाने के लिए गईं पांच बच्चियां डूब गईं. इनमें तीन बच्चियों को बचा लिया गया, जबकि दो की डूबने से मौत हो गई. सभी बच्चियां डाहा गांव की ही रहने वाली बतायी गयी हैं. जानकारी के मुताबिक, सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था. उसी गड्ढे में बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं. इस क्रम में गहरे पानी में जाने से डूबने लगीं.

इस घटना के बाद दोनों मृतक बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक बच्चियों की पहचान डाहा गांव की शिवानी कुमारी (10) और देवंती कुमारी (6) के रूप में हुई है. दोनों बच्चियां गांव के अन्य बच्चों के साथ नहाने के लिए वहां पहुंचीं थीं. नहाने के दौरान पांच बच्चियां डूबने लगीं. इनमें से तीन बच्चियां किसी तरह तैर कर बाहर निकल पायीं, जबकि दो की डूबने से मौत हो गयी. घटना की सूचना पर थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी ली. रामनवमी के त्योहार के दिन दो बच्चियों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है.

## ब्रीफ खबरें

### राम का चरित्र सभी के लिए अनुकरणीय :अविनाश देव

**मेदिनीनगर .** राम के जन्मोत्सव पर पूरा सनातनी हिंदू उत्साह से लबरेज हैं. दिशाओं का फिजा धरा से लेकर नील गगन तक पूरा राममय हुआ है. संतमरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही. वे चैनपुर प्रखंड के बंदुआ में मंगलवारी जुलूस के बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे.

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत , तीन घायल

**पाटन (पलामू )।** प्रखंड के लोईगा मुख्य पथ पर सड़क हादसे में तीन लागे गंभीर रूप से घायल हो गये है.तीनों घायलों का इलाज मेदिनीनगर में हो रहा है . बताया जाता है कि तेज रफ्तार से आ रही दो मोटर साइकिलों में जोरदार टक्कर हो गयी.जिसमें तीन लोग घायल हो गये.घायलों में लोईगा गांव निवासी ललन यादव के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र यादव को गंभीर चोट लगी है.जबकि दो अन्य घायल रोहन कुमार ( 20 वर्ष ) पिता मदन साव व दीपू कुमार ( 20 वर्ष ) पिता लालमोहन साव की हालत भी गंभीर है. किशनपुर के ओपी प्रभारी कुमार नीरज व मुखिया रंजीत कुमार यादव को घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे.

### जय श्री राम के उद्घोष के साथ निकली शोभायात्रा

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में जय श्री राम उद्घोष के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्यौहार मनाया गया. प्रखंड क्षेत्र के झाबर, मुरपा, शेरेगाड़ा, मसीयातु, मारंगलोईया, धाधु, मकइयटांड, बालू, राजवार, नगड़ा सहित अनेक जगहों पर हर्षोल्लास एवं भक्तिमय होकर शोभायात्रा निकाली गई. रामनवमी के अवसर पर रामभक्त सुबह से ही मंदिरों में जाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना व महावीरी पताका लगाया. रामनवमी त्यौहार को ध्यान में रखकर बालूमाथ एसडीओ आशुतोष कुमार सत्यम, बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बीडीओ सोमा उरांव, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरवा, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय अपने दल बल के साथ विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात रहे.

### गढ़वा में श्रीराम चरित्र मानस का आयोजन

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में संगीत में श्री राम चरित्र मानस सुंदरकांड पाठ व अखंड पाठ का आयोजन किया गया. इस दौरान मानस मंडली के सभी सदस्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. कमेटी की ओर से प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया. ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है. मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा सभी मनुष्य को जीवन में श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रत्येक दिन करना चाहिए. मनुष्य को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी को जीवन में उतारना चाहिए.

### लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की पांचवीं पुण्यतिथि 19 को

**मेदिनीनगर।** मां भारती के लाल शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का पांचवीं शहादत दिवस 19 अप्रैल को स्मारक स्थल पर मनाई जाएगी. मेदिनीनगर के सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर निर्मित शहीद स्मारक स्थल पर संध्या 6 बजे शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी. शहीद के पिता जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि आचार संहिता लागू होने कारण इस साल शहादत दिवस सादगी से मनाई जाएगी. शहीद अनुराग की आकांक्षा की पूर्ति करते हुए दीन-दुखियों, जरूरतमंद-असहायों को धोती साड़ी का निःशुल्क वितरण हमेशा की तरह किया जाएगा. शहीद के पिता ने कहा कि शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की शहादत प्रेरणादायक है.

## समाहरणालय के सभी प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त,चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात

# पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन आज से, प्रशासनिक तैयारी पूरी

**खास बातें**

- 26 को होगी नामांकनपत्रों की जांच
- प्रत्याशी 29 अप्रैल तक नाम वापसी

संवाददाता। मेदिनीनगर



पलामू संसदीय क्षेत्र से सदस्य चुनाव को लेकर नामांकन गुरुवार से शुरू होगा. प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी. नामांकन पर्चा समाहरणालय परिसर स्थित पलामू लोकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष दाखिल किया जाएगा. निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी, वहीं निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्षा में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं. नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी. वहीं 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी. इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है. नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है. इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी.

**उपायुक्त कार्यालय सीसीटीवी से रहेगा लैस**

पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त का कार्यालय सीसीटीवी से लैस रहेगा. समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेंगे. 18 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है. इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी. नामांकन के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर कुल छह दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है. उनके साथ पुलिस बल भी मौजूद रहेगा.

## पलामू प्रमंडल में रामनवमी की धूम, चहुंओर केसरिया छटा

# भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय : बैद्यनाथ राम

संवाददाता। लातेहार

स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है. हमें भगवान श्रीराम को अपने अंदर उतारने की जरूरत है. यह संभव हो पाया तो समाज से विद्वेश व कलह मिट जायेगा. विधायक श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होने आगे कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने समाज में एक मर्यादा स्थापित की, उसका अनुशरण आवश्यक है. आज उस मर्यादा की प्रसांगिता अधिक है. हमें उनके बताये मार्गों पर चलने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने स्वागत भाषण दिया. उन्होने इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग देने के लिए तमाम नगर वासियों को धन्यवाद कहा. कहा कि बिना सामूहिक सहयोग के कोई भी कार्य पूरा नहीं हो पाता है. मंच का संचालन वरीय पत्रकार आशीष टैगोर व धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार पांडेय ने किया. इससे पहले महासमिति के द्वारा अतितिथियों को पगड़ी व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया.

**कार्यक्रम में डीसी गरिमा सिंह भी हुई शामिल :** कार्यक्रम में उपायुक्त गरिमा सिंह ने भी अल्प समय के लिए शिरकत किया. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, आइटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई, अपर समार्हत्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार, नगर प्रशासक राजीव कुमार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार, राजधनी प्रसाद यादव, पंकज सिंह, त्रिभुवन पांडेय, अंकित पांडेय, नवीन कुमार गुप्ता, राजीव रंजन पांडेय, उज्जवल पांडेय, उज्जवल साहू, कौशल पांडेय, गौरव दास, विशाल कुमार, संतोष यादव, राजन प्रसाद, अर्जुन पाठक, उपेंद्र पासवान, राकेश कुमार साहू, मोहर सिंह यादव, गोविंद प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे.



### रेहला में निकला राम नवमी का जुलूस



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला व आस-पास के दर्जनों गांव में रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया. जुलूस में राम भक्तो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी. जुलूस रेहला महाबीर चौक से शुरू हुआ. शुरुआत स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, ग्रासिम सीएसआर प्रमुख नितेश पांडेय, कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला, बिजय चौबे, डा डीपी शुक्ला, डां बीपी शुक्ला, गामा चौबे, पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला, महेंद्र चौबे आदि ने श्रीराम दरबार रथ की पूजा अर्चना कर किया.

### भगवान श्रीराम के आदर्श को अपनाने की जरूरत : मनोज

**चैनपुर/पलामू ।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक झांकी का आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार की रात्रि भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, 31 के वार्ड पार्षद प्रमिला देवी, 32 के वार्ड पार्षद अनिसा खातुन, 33 के वार्ड पार्षद चंचला देवी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया. कलाकारों द्वारा झांकी की प्रस्तुति की गयी. अध्यक्षता महावीर ने युवक दल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया . मौके पर मनोज सिंह ने कहा कि रामनवमी पूजा रामभक्त ऐतिहासिक पूजा मना रहे है. 500 वर्षों बाद ऐसा उत्साह देखने को मिला है. मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श को अपनाने की जरूरत है. श्री सिंह ने कहा कि काफी तपस्या एवं रामभक्तों ने प्राणों की आहुति के बाद राजा श्री रामचंद्र जी का आज विशाल मंदिर में प्रवेश हुआ है. वार्ड पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि रामनवमी पूजा सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए आदर्श को अपनाना चाहिए.

### दुर्गा वाहिनी ने लातेहार में निकाली शोभायात्रा

**लातेहार ।** विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में रामनवमी तिथि को शोभायात्रा निकाली गयी. शोभा यात्रा शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई. शोभा यात्रा शहर के थाना चौक से मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ तक गयी. इस दौरान दुर्गा वाहिनी की महिलाओ ने जय श्रीराम के नारे लगाये. शोभा यात्रा में कई झांकियां व अन्य प्रदर्शन किये गये. कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजक कंचन कुमारी, श्वेता कुमारी, सुभाष सिंह, मुकेश कुमार पांडेय, रानी देवी, पर्वती देवी, सोनम कुमारी, सुनीता देवी, पूनम देवी, शांति देवी, अलका कुमारी, अंजु गुप्ता, समेत काफी संख्या में महिलाएं व युवतियां मौजूद थी.

### श्रीराम सेना ने किया पूजा समितियों को सम्मानित

**मेदिनीनगर ।** श्रीराम सेना ने सदर प्रखंड के सुआ स्कूल के पास सम्मान समारोह का आयोजन किया. इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. इससे पहले श्रीराम सेना ने विभिन्न पूजा समितियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया, सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, श्रीराम सेना के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पंसस अजीत सिंह, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय समेत कई लोग मौजूद थे. समारोह में श्रीराम सेना ने विधायक, थाना प्रभारी समेत विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों को सम्मानित किया.

## पलामू में दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत



संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी है. सदर थाना क्षेत्र के पोखरा गांव के पास पांकी रोड में ट्रैक्टर और ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार एक महिला और दो बच्ची की मौत. ऑटो सवार महिला जुगनू बीवी 43वर्ष और दो बच्ची साहिब 7वर्ष और सानिया 8 वर्ष की एमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई, एक अन्य गंभीर रूप से घायल है ,ऑटो सवार कुछ अन्य लोग घायल हैं जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है . यह सभी बरोरवा शरीफ मनातू से मेदिनीनगर आ रहे थे, सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव के पास पांकी रोड में घटना घटी. वहीं दूसरी घटना पलामू के सतबरवा की है .यहां रांची मेदिनी नगर मुख्य मार्ग न 75 के पोंची गांव के पास एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई. मौके पर पहुंची सतबरवा थाना पुलिस ने मृतक किशोर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल. बताया जा रहा है की तेज रफ्तार अर्श बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हुई है फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है.

## 35 सालों से मुस्लिम परिवार बना रहा महावीरी झंडा, बढ़ी डिमांड

- पूर्वजों के समय से ही पूरा परिवार बना रहा महावीरी झंडा, हिंदू-मुस्लिम का नहीं है कोई भेद

शिवशंकर पासवान । पांकी (पलामू)

रामनवमी के मद्देनजर पांकी का मुस्लिम समुदाय महावीरी झंडा खूब बनाते हैं. एक माह से दिन-रात महावीरी झंडे बना रहे हैं. कारीगर युनूस खलीफा ने बताया कि महावीरी झंडा तैयार करने में अली हसन, समीम खलीफा, मुस्तकीम खलीफा सहित पूरा परिवार जुटा हुआ है. यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है. झंडा सिलने की शुरुआत मरहूम दोष खलीफा के समय शुरू हुई. उसके बाद पूरा परिवार इस परंपरा को निभाता आ रहा है. उन्होंने कहा कि दो साल पूर्व लॉकडाउन की वजह से हमलोगों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ा था. परंतु इस वर्ष अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से रामनवमी पर्व का उत्साह काफी है. झंडे की डिमांड भी बढ़ गई है. एक मीटर से लेकर चार पांच मीटर तक का झंडा तैयार किया जा रहा है. लगभग बारह हजार महावीरी झंडा तैयार किया गया है. इससे अच्छी कमाई हो जाती है. साथ ही आपसी सौहार्द्र भी बना रहता है.



**मंदिर के सामने ही महावीरी झंडा बनाते हैं युनूस**

खलीफा परिवार के लोग पिछले कई दशकों से बाजार शेड में फेरी का दुकान लगाकर महावीरी झंडा तैयार करते हैं. युनूस खलीफा ने बताया कि हम लोगों को आज तक कभी भी हिंदू मुस्लिम में फर्क नहीं दिखाई दिया. सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मंदिर के सामने ही झंडा तैयार करते हैं. व्यवसाय में भी किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं देखने को मिलता है. सामाजिक समरसता आपस में हमेशा की तरह आज भी झलकता है.

**आस्था**

## मंत्री ने कन्या पूजन और फीता काट कर किया भंडारा का शुभारंभ

# अन्नपूर्णा की कृपा से जीवन सुखमय हो जाता है: मिथिलेश

संवाददाता। गढ़वा

रामनवमी पूजा के मौके पर शहर के विभिन्न चौक- चौराहों पर विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया. शहर के सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर चौक के समीप झुग्गी- झोपड़ी दुकानदार संघ, गोविंद उवि के गेट का समीप रंका मोड़ पर युवा शक्ति संघ, श्री बजरंग संघ सोनपुरवा, कमलापुरी वैश्य समाज मेन रोड आदि स्थानों स्थान पर भंडारा का आयोजन किया गया. इन स्थानों पर आयोजित भंडारा का उद्घाटन गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर, फीता काटकर कन्या पूजन कर एवं प्रसाद वितरण कर किया.

मंत्री ने कन्याओं को टीका लगाकर, चुनरी ओढ़ा कर दक्षिणा भी प्रदान किया. कन्याओं को प्रसाद खिलाने के बाद मंत्री ने रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया. मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि धरती पर जब- जब पाप और अत्याचार बढ़ता था तब- तब भगवान का अवतार होता है. इसी चैत शुक्ल नवमी के दिन ही भगवान श्रीराम ने अवतार लिया था. उन्होंने अत्याचारी रावण का वध किया था. उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, आपसी भाईचारा, एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं. मंत्री ने कहा कि रामनवमी के मौके पर भंडारा का आयोजन विशेष महत्व रखता है. उन्होंने कहा कि जब मां अन्नपूर्णा की कृपा हो जाएं तो जीवन सुखमय बन जाता है. मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ के अध्यक्ष मनोज मेहता, उपाध्यक्ष सधीर सिंह, सिपाही गुप्ता, अमित, बबलु तिवारी, दीपक, अजय, उमाशंकर, सोनू, अंकित, अरविंद ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.



### वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का निधन

**मेदिनीनगर ।** शहर के रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें साल 2016 में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था. उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इंसेक्ट की सूची तैयार की थी. मृत्युंजय शर्मा के निधन पर आईपीआरडी के उपनिदेशक आनंद कुमार,मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन, अवधेश शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता शलभ कुमार, शैलेंद्र अग्रवाल सहित उनके मित्रों प्रभात किरण, तृप्ति, नीरज कुमार सिन्हा, नवल पांडेय,संजीव कुमार, मनोज गिरि, देवाशीष सेन गुप्ता आदि ने शोक जताया है.




## न्यूज अपडेट

### केएन त्रिपाठी ने नगर भगवती मंदिर में मत्था टेका




**चंदवा (लातेहार)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने के बाद केएन त्रिपाठी ने चंदवा के मां नगर भवगती मंदिर में माथा टेका और जीत की कामना की. उन्होंने मंदिर में जा कर पूजा अर्चना की. बाद में उन्होंने कहा कि आज रामनवमी का पर्व है और इस मौके पर वे माता के शरण में आये हैं. इसके बाद वे चंदवा पहुंचे. मौके पर मोफिल खान, लखन जायसवाल, प्रशांत भगत, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, बारीयातू प्रखंड अध्यक्ष रिगन प्रसाद, राजकिशोर सिंह, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र पासवान, रिंकू खान, अख्तर अंसारी, मोतिउर रहमान, बजरंगी सिंह व मंजू देवी समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### गायत्री मंत्र के जाप से सभी कष्ट दूर होते हैं:कौशल जी




**लातेहार।** प्रज्ञा कुंज, चंदनडीह में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा नवरात्र के नवमी तिथि को हवन व नौ कन्या पूजन किया गया. गायत्री मंत्र के जाम के साथ हवन संपन्न कराया गया. इसके बाद कन्या पूजन किया गया.नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया. इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया. मौके पर गायत्री मंदिर के पुजारी परिवाजक कौशल जी ने कहा कि गायत्री मंत्र के जाप से जीवन के सब कष्ट दूर होते हैं. उन्होंने कहा कि अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है.यदि हम सुधरेंगे तभी संसार सुधरेगा.

### वैष्णव दुर्गा मंदिर में पूर्णाहुति के साथ अनुष्ठान संपन्न



**लातेहार ।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में बासंतिक नवरात्रि के मौके पर नवमी तिथि बुधवार को हवन और पूर्णाहुति की गई. पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई. मौके पर मुख्य यजमान के रूप में संतोष प्रसाद पिंटू अपनी पत्नी के साथ मौजूद थे. जबकि यजमान के रूप में मंदिर समिति के संरक्षक विनोद कुमार साहू,अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, अशोक दास,दीपक विश्वकर्मा, उज्जवल कुमार और प्रदीप प्रसाद शामिल थे. हवन के बाद गाजे बाजे के साथ कलश का विसर्जन औरंगा नदी में किया गया. इससे पहले मंगलवार की शाम महाअष्टमी और संधि पूजा की गई थी.

### अंडर- 16 टूर्नामेंट में रांची ने लोहरदगा को हराया



**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का दूसरा मैच बुधवार को लातेहार जिला खेल स्टेडियम में रांची तथा लोहरदगा के बीच खेला गया. लोहरदगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 118 रन बनाये. मनीष कुमार महतो 47 तथा चैतन्य नारायण तिवारी 21 रनो का योगदान दिया. रांची की ओर से सौरव कुमार ने पांच और मो सरोश ने तीन विकेट चटकाए. लक्ष्य की पीछा करने उतरी रांची की टीम ने 24 वें ओवर में तीन विकेट खोकर 119 रन बनाकर मैच को जीत लिया.

### पलामू से कांग्रेस कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली में होंगे शामिल



**मेदिनीनगर।** 21 अप्रैल को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय रैली की सफलता को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी सदस्यों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की. जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली में पलामू जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे . बैठक में सोमेश्वर प्रसाद, पूर्णिमा पांडे, ओमप्रकाश अमन, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, कृष्णमणि दुबे, संनू खान, देवांग शुक्ला, विद्या सिंह चेरो आदि शामिल थे.

### बहन के तिलक से पहले ट्रेन से कट कर भाई की मौत



**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा स्टेशन के समीप मदरसा रोड रेलवे फाटक पर साइकिल सवार युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. दुर्घटना के स्थान पर शरीर का भाग जगह-जगह बिखरा पड़ा था. शरीर का हिस्सा लगभग 100 मीटर दूर तक बिखरा हुआ था और साईकिल लगभग 20 मीटर दूर डाउन लाइन से बाहर फेंका हुआ था. दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई. वही दुर्घटना की जानकारी परिजनों को मिली और परिजन दुर्घटना स्थल पर पहुंच चुके थे. युवक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा सुखवाना निवासी वीरेंद्र प्रसाद के लगभग 19 वर्षीय पुत्र अरुण प्रसाद के रूप में हुई. जानकारी देते हुए मृतक के चाचा जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि कल 18 अप्रैल को भतीजी यानी मृतक अरुण की बहन का तिलक चढ़ाने नबीनगर जाना था.

### भक्ति भाव देता है एकता का संदेश:डॉ शशिभूषण



**पांकी/पलामू।** रामनवमी पूजा के अवसर पर पांकी स्थित शहीद भगत सिंह चौक के समीप प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता लवली गुप्ता ने फीता काटकर किया. मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि भक्ति भाव हमें एकता का संदेश देता है.हम सभी को करो मिलजुल कर मानना चाहिए. इस अवसर पर मेल जोल से आपसी कटुता मिटती है. विधायक एवं लवली गुप्ता ने भंडारा का भी उद्घाटन किया. मौके पर पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, प्रो बचन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, उपप्रमुख अमीत चौहान, पांकी उपमुखिया अनारिक राम, गोलू सोनी, उपेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे.

### रामनवमी पर मंदिरों में लगी रही भक्तों की भीड़



**मेदिनीनगर।** नवरात्र के आखिरी दिन रामनवमी पर पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर समेत विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई. सुबह होते ही मंदिरों में घंटियों और शंख की गूंज सुनाई देने लगी. कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की. सुबह से ही सभी भक्तगण अपने नजदीक के मंदिरों में आराध्य भगवान व देवी मां की विशेष पूजा अर्चना की. बाजार स्थित हनुमान मंदिर, नदी किनारे देवी मंदिर व हनुमान मंदिर, प्रधान डाकघर कार्यालय के निकट स्थित हनुमान मंदिर चौहान स्थित हनुमान मंदिर काली मंदिर, बाजार स्थित विष्णु मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई. बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी कृष्ण बाबा ने बताया कि और साल की अपेक्षा इस बार अधिक मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ देखी गई क्योंकि अयोध्या में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा इसी वर्ष की गई है.

### सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में नवनिर्मित सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई. बाजे गाजे के साथ भव्य आकर्षक कलश यात्रा में आगे-आगे घोड़ा रथ था. कलश यात्रा सूर्य मंदिर परिसर से निकलकर ताली तलेया, बभंडी होते हुए गांधीपुर शिव घाट कोयल नदी तट पर पहुंची, जहां पंडित प्रेम मिश्रा जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालु कलश में जल भरकर पुनः सूर्य मंदिर पहुंचकर कलश स्थापना की. कलश यात्रा में शामिल मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि तालाब के बीचो-बीच सूर्य मंदिर का निर्माण करना पुणित कार्य हैं. उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था के साथ-साथ अपनी सनातनी एवं विरासत को बचाकर रखने की भी जरूरत है.

### रामनवमी जुलूस को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद, आदर्श आचार संहिता का भी रखेंगे ध्यान

# रामनवमी पर प्रशासन चौकस, 150 जवान व 20 दंडाधिकारी तैनात

संवाददाता। आदित्यपुर



आदित्यपुर थाना क्षेत्र में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी. प्रशासनिक व्यवस्था के तहत आदित्यपुर थाना में 150 जवान और 20 दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं जिनकी निगरानी में रामनवमी महोत्सव सम्पन्न होगा, जिन्हें आदर्श आचार संहिता का भी ध्यान रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. जबकि आरआईटी थाना क्षेत्र में 12 जगहों पर दंडाधिकारी और 55 पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं. आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि कल शाम को फ्लैग मार्च निकालकर रामनवमी शांति पूर्वक मनाने का संदेश दिया जा चुका है. रामनवमी के दौरान सभी चौक-चौराहों व अखाड़ों में 5/1 की पुलिस बल तैनात भेजी जा रही है. सभी अखाड़ों में जवानों के साथ दंडाधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे. थाने में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल भी अलर्ट मोड पर रहेंगे.

**तीन शिफ्ट में विद्युत कर्मी रहेंगे तैनात :** रामनवमी के दौरान बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त रहेगी. विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि बिजली व्यवस्था को लेकर जियाडा स्थित विद्युत एसई कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां तीन शिफ्ट में विद्युत कर्मी तैनात रहेंगे. उन्होंने बताया कि गुरुवार को जुलूस के दौरान शाम चार से रात 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति जरूरत के अनुसार बंद रहेगी.

**स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की मांग :** शोभायात्रा के विसर्जन को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को चालू व बंद रखा जाएगा. सरायकेला अनुमंडल अधिकारी के आदेशानुसार सड़क निर्माण एजेंसी जनरेटर से मुख्य मार्ग स्थित स्ट्रीट लाइट को जलाने का काम करेगी. जनकल्याण मोर्चा ने एसडीओ को पत्र लिखकर मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग की थी. आदित्यपुर थाना क्षेत्र में 10 लाइसेंसी और गैर लाइसेंसी अखाड़ा हैं जबकि आरआईटी थाना क्षेत्र में छह लाइसेंसी और 2 गैर लाइसेंसी अखाड़े हैं.

**खास बातें**

- विद्युत एसई कार्यालय बना कंट्रोल रूम
- तीन शिफ्ट में तैनात रहेंगे विद्युतकर्मी

### श्री चन्द्रमौली शिवालय पूजा कमिटी में निकली शोभा यात्रा

श्री चंद्रमौली शिवालय (एस/आई/एम टाइप) में महानवमी के अवसर पर भोग का वितरण किया गया और इस अवसर पर मंदिर में आए भगवान राम, माता सीता, भक्त शिरोमणि बजरंग बली के रूप लिए कलाकारों का दर्शन किये जो अत्यंत मनोहारी था.

### राम नवमी को लेकर यातायात नियमों में बदलाव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में रामनवमी को लेकर यातायात नियमों में बदलाव किया गया है. इसको लेकर जिला प्रशासन ने आदेश भी जारी कर दिया गया है. जारी आदेश के अनुसार बुधवार दोपहर एक बजे से लेकर रात के 11 बजे तक सभी प्रकार के बाहरी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी. हालांकि इस दौरान बस चलेंगे. वहीं गुरुवार को दोपहर 12 बजे से लेकर शुक्रवार सुबह छह बजे तक भारी वाहनों के साथ साथ बसों का भी परिचालन शहर की सड़कों पर बंद रहेगा.

**ऑटो के रूट में बदलाव :** इसके साथ ही प्रशासन ने ऑटो के रूट में बदलाव किया है. गुरुवार को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक सभी ऑटो गोलमुरी चौक, आरडी टाटा गोलचक्कर, सागर होटल, बसंत टाकीज, साकची गोलचक्कर, बंगाल क्लब, पुराना कोर्ट मोड़ और स्वर्णरेखा घाट वाली सड़क पर नहीं चलेंगे.

## न्यूज अपडेट

### दधि उत्सव के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन



**घाटशिला।** प्रखंड के काशीदा में दधि उत्सव के साथ 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन बुधवार को हुआ. श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दधि उत्सव का आनंद लिया. दधि उत्सव में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू भी शामिल हुई. अशोक कुंज सार्वजनीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित संकीर्तन में बांकुड़ा से जय निताई कीर्तन सम्प्रदाय, विद्युत दास महांति कीर्तन सम्प्रदाय, सुखदेव दास महांति कीर्तन सम्प्रदाय, नीलाचल कीर्तन सम्प्रदाय, पूर्वी मिदनापुर से हरेकृष्ण सम्प्रदाय व अशोक कुंज हरिनाम संकीर्तन सम्प्रदाय काशीदा ने योगदान दिया.

### वनांचल रामनवमी अखाड़ा में हुआ ध्वजारोहण



**आदित्यपुर।** श्री श्री वनांचल रामनवमी अखाड़ा आशियाना आदित्यपुर में बुधवार को धूमधाम से रामनवमी पर बजरंगबली का पूजन व ध्वजारोहण किया गया. इस मौके पर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अखाड़ा के करतब बाजों और खिलाड़ियों ने करतब भी दिखाए. लाइसेंसी श्री राम ठाकुर ने बताया कि यहां 1980 से बजरंगबली का पूजन और अखाड़ा में ध्वजारोहण के साथ रामनवमी मनाया जाता है. रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर श्रीराम ठाकुर, अध्यक्ष अनिल ठाकुर, मंदिर के संरक्षक सुदर्शन प्रसाद, पप्पू सोनकर, कैलाश सोनकर, पवन सोनकर, नीरज सोनकर, आनंद सरायवाला, जितेंद्र प्रसाद, सुशील सिंह शामिल हैं.

### संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में मनाई गई रामनवमी



**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर प्रांगण में बुधवार को प्रार्थना सभा के दौरान रामनवमी के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई. इस अवसर पर विद्यालय के दयानन्द सदन की कप्तान स्नेहा दे द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की. इस कार्यक्रम में श्रेयासी सिन्हा द्वारा संस्कृत सुविचार श्रेयॉश्री साहू द्वारा हिन्दी सुविचार तथा तेजस कुमार द्वारा अंग्रेजी सुविचार प्रस्तुत किया गया. अनन्या मोहांती द्वारा भगवान रामचंद्र के संघर्षों तथा आदर्शो पर एक सुंदर कविता की प्रस्तुति की गई.

### मऊभंडार से निकाला जुलूस, खेल का किया प्रदर्शन

**घाटशिला।** बी-ब्लॉक महावीर क्लब मऊभण्डार की ओर से रामनवमी पर मनोकामना का झंडा लेने के लिए बुधवार की दोपहर पारंपरिक जुलूस निकाला गया. बी-ब्लॉक, ए-ब्लॉक, ग्रेन स्टोर, न्यूलाइन, पांचपांडव, दाहिगोड़ा, नालापार, गोपालपुर, टुमांगडुंगरी, फुलडूंगरी, राजस्टेट, लालडीह समेत विभिन्न स्थानों से मनोकामना का 50 से ज्यादा झंडा ग्रहण किया गया. पारंपरिक डंका-तासा एवं निशान की थाप पर निकली जुलूस में शामिल युवकों और बच्चों ने खेल का प्रदर्शन किया. लाठी, बनौटी, फरसा, तलवार आदि से युवाओं ने एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया. इस दौरान जगह-जगह चना-शर्बत का भी वितरण हुआ. इस मौके पर हिमालय बागती, आशीष बागती, निखिल प्रसाद, राजा दत्ता, सुरेश, ओम, अमन साव, प्रेम रेवानी, प्रेम कुमार, रितेश शर्मा, बबलू, ललित नमाता समेत कई अन्य उपस्थित थे.

### रामभक्तों में बांटा गया खिचड़ी भोग और शर्बत



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूनियन कांटा बजरंगबली अखाड़ा में बुधवार को रामनवमी की पूजा अर्चना धूमधाम से हुई. मौके पर रामभक्तों के बीच खिचड़ी भोग और शर्बत का वितरण किया गया. औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 स्थित इस बजरंगबली अखाड़ा के संरक्षक मजदूर कांग्रेस के नेता अवधेश कुमार सिंह हैं. उनके इस आयोजन में साथ देने वालीं में राम सागर महतो, मुन्ना प्रसाद, कुंदन सिंह, नंदू सिंह, राजकुमार महतो, नागेंद्र मिश्रा, बिंदेश्वर महतो, मिथलेश सिंह आदि शामिल हैं.

### श्रद्धा व भक्ति के साथ की गयी बजरंगबली की पूजा


**चक्रधरपुर।** रामनवमी पर बुधवार को चक्रधरपुर में श्रद्धा व भक्ति के साथ बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई. इस अवसर पर चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बजरंगबली मंदिरों व अखाड़ा स्थल पर विधिवत तरीके से पूजा अर्चना के बाद अखाड़ा कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने अखाड़ा स्थल पर करतब दिखाया. चक्रधरपुर के शीतला मंदिर, ठठेरा मोहल्ला, सोनुवा बस स्टैंड के समीप स्थित हनुमान मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित हनुमान मंदिर, कुंभा टोली, टोकलो रोड, सनतलिया, राणीशक्ति मंदिर के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर, पुरानी रांची रोड स्थित मंदिर, एकाउंट्स कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, पुराने प्रभात टॉकिज के समीप के अलावे अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की. इस मौके पर लोगों ने पवन पुत्र हनुमान जी का ध्वज नये बांस में पिरोकर घरों में व अखाड़ा स्थलों पर गाड़ा.

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सपिरवार की आदिशक्ति की उपासना



**जमशेदपुर।** आदिशक्ति की उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्र पर देश के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने घोड़ाबांधा स्थित आवास पर सपरिवार पूजा-अर्चना की. तत्पश्चात हवन के साथ अनुष्ठान का समापन हुआ. केंद्रय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा समेत अमरप्रीत सिंह काले, कृष्ण शर्मा काली, फ़ाणि महतो, मनोज काउंटिया, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, गणेश सोलंकी इसमें शामिल हुए. वहीं श्री मुंडा ने अपने आपास पर महावीरी पताका लगाया और आदिशक्ति मां दुर्गा, प्रभु श्रीराम और हमुमान जी से अपने परिजनों समेत लोकमंगल की कामना की.

### मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर के अध्यक्ष बने प्रतीक साह



**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर इकाई का पुनर्गठन किया गया. इसे लेकर चक्रधरपुर की थाना रोड स्थित काबरा कुंज में बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता राजू केजरीवाल ने की. बैठक के दौरान पर्यवेक्षक राजेश काबरा व प्रमोद भगेरिया के मागदर्शन में सर्वसहमति से नई टीम का गठन किया गया. जहां अध्यक्ष प्रतीक साह, सचिव मयंक केडिया, उपाध्यक्ष विपुल अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश काबरा, सह कोषाध्यक्ष जतीन साह, सह सचिव शिवम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी निशांत अग्रवाल बनाये गये.

## ब्रीफ खबरें

### जोबा माझी को जिताने के लिए बनाई रणनीति

**किरीबुरु।** झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मेघाहातुबुरु में विशेष बैठक कर सिंहभूम संसदीय सीट से गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व मंत्री जोबा माझी को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया. बैठक में चुनाव से जुड़ी रणनीति, जनसम्पर्क अभियान, बूथ मैनेजमेंट, गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच आपसी तालमेल बनाने आदि पर चर्चा हुई. इस दौरान मुखिया पार्वती किडो, वीर सिंह मुंडा, एन एन घटवारी, आलोक तोपनो, अनिल तोपनो आदि शामिल थे.

### अपनी हद में रहे जिप, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं : योगेश कुमार

**चक्रधरपुर।** ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान के सह संयोजक योगेश कालुंडिया ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर तांतनगर जिला परिषद सह बीस सूत्री अध्यक्ष, झामुमो नेता जवाहर बोयपाई को सलाह देते हुए चेतावनी दी है कि कुजू डैम और संघ के विरुद्ध ओछी राजनीति करते हुए गलत अपवाह ना फैलाए. जिला परिषद् रहते उन्होंने कभी भी डूब क्षेत्र के लोगों का हाल जानने का हिम्मत नहीं किया. संघ के परमान से विचलित होकर अपनी राजनीतिक नशे में चूर झामुमो नेता अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे और भोले भाले ग्रामीणों को उकसाने और बरगलाने का काम कर रहे हैं.

### कोलचोकड़ा गांव में शुरू हुआ हरि संकीर्तन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की कोलचोकड़ा पंचायत के कोलचोकड़ा गांव में बुधवार से 24 प्रहरी अखंड हरि संकीर्तन प्रारंभ हुआ. हरि संकीर्तन के दौरान विभिन्न जगहों से पहुंचे कीर्तन मंडलियों ने कीर्तन पेश किए. इससे आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो उठा. बुधवार को हरि संकीर्तन कीर्तन के दौरान झामुमो से लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी उपस्थित हुई. जहां आयोजन समिति के सदस्यों ने जोबा माझी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस दौरान जोबा माझी ने कीर्तन स्थल पर माथा टेककर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की.

### श्राद्धकर्म में मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया गांव निवासी जतिन जाना के पिताजी का विगत दिनों निधन हो गया था. जिनका परिवार अत्यंत गरीब होने के कारण उन्हें श्राद्धक्रिया में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. जिसकी सूचना मिलते ही बुधवार को पंचायत के मुखिया राम मुर्मू ने उनके आवास पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया. अबुआ आवास योजना से वंचित तथा अन्य सरकारी योजना से जोड़ने का हरसंभव मदद के लिए पीड़ित परिवार को भरोसा दिया. इस मौके पर राजेन मंडल, विश्वजीत राना, अश्विनी जाना आदि उपस्थित थे.

### कोल्हान में रामनवमी शोभायात्रा में अखाड़ेधारियों ने दिखाया करबत, उमड़ी भीड़

# भगवा ध्वजा से पटी कोल्हान की सड़कें

संवाददाता। चांडिल

श्रीराम सनातन समिति चांडिल की ओर से बुधवार को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा सह बाइक रैली निकाली गई. उगडीह दुर्गा मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित करने के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुआ. शोभायात्रा सह बाइक रैली एनएच 32 होते हुए चांडिल स्टेशन चौक, लेंगडीह, चांडिल चौक बाजार, बस स्टैंड होते हुए श्रीसाधु बांध मठिया नागा संन्यासी आश्रम पहुंचकर संपन्न हुआ. रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा वर्ग शामिल हुए. डीजे और वाद्ययंत्रों की धूम पर सभी थिरकते हुए चल रहे थे. इस दौरान प्रभु श्रीराम और बजरंगबली के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो रहा था. हाथों में भगवा पताका लिए सभी राम धुन गाते हुए श्री राम का जन्मोत्सव मनाया. शोभायात्रा में जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती, महंत इंद्रानंद सरस्वती समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए.

**आकर्षण का केंद्र रहा झांकी**

शोभायात्रा सह बाइक रैली में श्रीराम दरबार, शिव परिवार और अन्य झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा. कोलकाता के कलाकार शोभायात्रा के दौरान आकर्षक रूप से सजाएं गए वाहन पर नृत्य कर रहे थे. शोभायात्रा के रास्ते जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए चना-गुड, शरबत, खीर, पानी आदि की व्यवस्था किया गया था. श्री जगन्नाथ ट्रेडर्स के प्रोपराइटर स्वप्न कुमार गुप्ता के शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया.



### रामनवमी पर पूजे गए बजरंग बली और प्रभु श्रीराम

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को रामनवमी पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बजरंगबली हनुमान के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना कर अपने आराध्य देव से मन्नत मांगी. चौका स्थित बजरंगबली मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों ने हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष पूजा किए. यहां गुरुवार को धुमधाम के साथ झंडा विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा. वहीं चांडिल के कदमडीह स्थित मठिया रोड हनुमान मंदिर में पुजारी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर हनुमान पताका लहराया गया. हनुमान पताका लगा सभी राम भक्तों के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती किया गया. यहां सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

**राममय हुआ वातावरण :** रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम एवं बजरंगबली के जयघोष से अनुमंडल क्षेत्र का वातावरण राममय हो गया. पूरा क्षेत्र महावीरी झंडा से पट गया था. अयोध्या मे प्रभु श्री राम के मंदिर स्थापना के बाद मनाए जा रहे पहले रामनवमी उत्सव को लेकर सनातन धर्मावलंबियों मे उत्साह चरम पर देखा गया.



### गुवा में निकली शोभायात्रा, उमड़ी भीड़

**नोवामुंडी।** रामनवमी पर बुधवार शाम 4:00 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई. इससे पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना की गई. इस शोभायात्रा में गाजे-बाजे व भगवा झंडे के बीच भव्य शोभा यात्रा एवं आकर्षक झांकियां निकाली गई. यह शोभायात्रा गुवा रामनगर स्थित राम मंदिर मैं जमा हुए. वहीं कल्याण नगर, हिरजीहाटिंग, कैलाश नगर, बिरसानगर, गुवा बाजार से भी शोभा यात्रा निकलकर रामनगर स्थित राम मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी अखाड़ा के द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए. शोभा यात्रा के स्वागत में विभिन्न समाजसेवी के लोगों ने लड्डू बुंदिया वितरण किया. वहीं समाजसेवी के लोगों ने सड़क किनारे शरबत पानी का वितरण किया. इस दौरान शोभायात्रा में करीब 2000 रामसेवक शामिल हुए. यहां शोभायात्रा रामनगर, रेलवे मार्केट, विवेक नगर, कच्छी धौडा, कल्याण नगर भ्रमण करते हुए जगह-जगह करतब दिखाए गए. साथ ही जय श्री राम के नारों से पूरा गुवा गुंज मान हो उठा. शोभा यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पर पुलिस के जवानों की तैनात की गई है.

### रामनवमी शोभा यात्रा का मुसलमानों ने किया स्वागत

**किरीबुरु।** रामनवमी की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के तमाम मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिरसा चौक के समीप किया. इस दौरान मस्जिद के सचिव अबरार अहमद, आलम अंसारी, मो0 अनीष, मो0 सरफराज, मो0 अखलाक, मो0 असलम, दिल मोहम्मद, पप्पू शेख, समशाद आलम, इरशाद, सोनी, ऐनुल अंसारी, याशिर हुसैर खान आदि मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल हिन्दू भाईयों को गले लगाकर सभी को कोल्ड ड्रिंक्स, शीतल पानी आदि पिलाकर शुभकामनाएं दी.

### युवाओं ने दिखाये एक से बढ़कर एक करतब

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंण्ड क्षेत्र में रामनवमी को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है. चैत्र नवरात्र को लेकर अन्नपूर्णा मंदिरों और रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा के लिए भीड़ लगाए हुए थे. बुधवार को खांडामौदा, दारिशोल, पांचरूलिया, जगन्नाथपुर, वेंदा व आडंग में रामनवमी का जुलूस भी निकाला गया. जुलूस में शामिल श्रद्धालु अपने-अपने हाथों में तलवार, लाठी और केसरिया ध्वज थाम रखे थे.

# नवमी पूजा के लिए मंदिरों व पंडालों में उमड़ी भीड़

संवाददाता। चक्रधरपुर

चैत्र नवरात्र की नवमी पूजा अर्चना के लिए बुधवार को चक्रधरपुर के मंदिरों व दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. चक्रधरपुर शहर के प्रखंड कार्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर, बंगाली एसोसिएशन स्थित मां दुर्गा मंदिर, जरकी गांव स्थित दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, संतोषी मंदिर, श्मशान काली मंदिर, टाऊन काली मंदिर, इतवारी बाजार स्थित काली मंदिर, एकाउंट्स कॉलोनी काली मंदिर, आरई कॉलोनी काली मंदिर, पाउड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी.

वहीं पंडित हाता स्थित दुर्गा पूजा पंडाल व टाऊन काली मंदिर में भी नवमी पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रहीं. वहीं नवमी पूजा के अवसर पर मंदिरों व घरों में श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर नौ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें उपहार दिया गया.



### हवन एवं कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ नवरात्रि का पाठ

**घाटशिला।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले नौ अप्रैल से चल रहा है नवरात्रि बुधवार को हवन एवं कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ. श्रद्धालुओं ने नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती पाठ का समापन हवन एवं कन्या पूजन के साथ संपन्न किया गया. श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की कन्याओं का विधिवत श्रृंगार कर एवं आरती उतारकर पूजा की गई. पूजन के बाद नाना प्रकार के व्यंजन का माता नव दुर्गा के स्वरूप को भोग लगाया गया. इसके बाद नौ दिन तक उपवास में रहे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया.

### पूजन कर ग्रामीणों के साथ प्रसाद ग्रहण किया

## सीआरपीएफ ने सारंडा की कन्याओं का किया पूजन

**किरीबुरु।** नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के थोलकोबाद में तैनात सीआरपीएफ की डी/26 बटालियन के सहायक कमांडेंट एम के चौरसिया के नेतृत्व में कन्या पूजन का आयोजन किया गया. थोलकोबाद अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र सारंडा जंगल के बीच स्थित है. आसपास के ग्रामीणों के आपसी सहयोग एवं सामंजस्य बनायें रखने के उद्देश्य से सीआरपीएफ की डी/26 बटालियन ने भंडारा का आयोजन किया.. जिसमें थोलकोबाद, दवेन्द्री, राटामाटी, गुण्डीजोरा ग्राम के ग्रामवासी व बच्चे शामिल हुए. पूजा समाप्त होने के पश्चात ग्रामवासी और समस्थ जवान एक साथ मिलकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया.

### भंडारा में शामिल हुईं बालिकाएं व छात्र-छात्राएं

**किरीबुरु।** रामनवमी के शुभ अवसर पर सारंडा के छोटानागरा में तैनात सीआरपीएफ की डी/197 बटालियन के कमांडर एवं जवानों द्वारा मिलकर कैम्प में पूजा-हवन एवं भंडारा का आयोजन किया गया. कैम्प के मंदिर में हवन-पूजा कर गाव से आई नौ कन्याओ को विधिपूर्वक पूजन कर प्रसाद खिलाया गया. साथ ही कैम्प से सटे राजकीय आवासीय बालक विधालय के बालकों एवं विधालय के शिक्षकों, किरीबुरु के निरीक्षक, छोटानागरा थाना के थाना प्रभारी, थाना के सभी स्टाफ भी इस पावन अवसर के उपलक्ष्य में उपस्थित होकर पूजा-हवन एवं भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किये.

### अरका जैन यूनिवर्सिटी | कैडेट्स ने आगे भी नेशनल कैंप और रिपब्लिक डे कैंप में वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भरोसा दिलाया

# परेड कैंप से लौटे कैडेट को अंडर ऑफिसर रैंक से किया गया सम्मानित

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



अरका जैन यूनिवर्सिटी में बुधवार को सम्मान समारोह सह रैंक (पीपिंग) समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी के आइक्यूएसी डायरेक्टर डॉ अरविंद कुमार पांडेय, इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के सहायक प्रभारी डॉ अश्विनी कुमार, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट रंजीत कुमार तथा एनसीसी के एक्स सर्विसमैन अमरदीप समद उपस्थित थे. समारोह में अतिथियों ने आरडीसी परेड कैंप में हिस्सा लेकर लेकर लौटे एनसीपीएल सागर मलिंद को अंडर ऑफिसर रैंक तथा प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया. साथ ही सागर के लगन व परिश्रम की सराहना की.

समारोह में में डॉ अरविंद कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, देशभक्ति एवं समाज सेवा की भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. साथ ही अन्य दोनों अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को एनसीसी के लक्ष्य एकता व अनुशासन को जीवन में आत्मसात करने की सीख दी. इस दौरान कैडेट्स ने कहा कि हर साल की तरह आगे भी नेशनल कैंप और रिपब्लिक डे कैंप में वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भरोसा दिलाया.

यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन डॉ एसएस रजी, कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर, निदेशक सह कुलसचिव अमित श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव डॉ डी धंजल, परिसर निदेशक सह डीएसडब्ल्यू डॉ अंगद तिवारी ने सागर मलिंद की इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं. साथ ही विश्वास जताया है कि निकट भविष्य में यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट और बेहतर करेंगे. साथ ही यूनिवर्सिटी एनसीसी यूनिट से जुड़े विद्यार्थी समाज में भी एक आयाम स्थापित करेंगे.

**खास बातें**

- अरका जैन यूनिवर्सिटी में पीपिंग समारोह का आयोजन
- रिपब्लिक डे कैंप में वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भरोसा दिलाया

# ओल्ड इज गोल्ड टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया



संवाददाता। किरीबुरु

स्व सामुएल लाफरी मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में ओल्ड इज गोल्ड ने मेघाहातुबुरु प्लेयर्स को 20-17, 19-20, 15-13 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. विजेता और उप विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक भी के सुमन, सुषमा योगेश राम, सहायक महाप्रबंधक अजीत कुमार ने पुरस्कृत किया. इस प्रतियोगिता में झारखण्ड-ओड़िसा की कुल सात टीमें शामिल थी. इस दौरान मदन शर्मा, मीत करुवा, प्रभात कुमार पंडा, सूर्या मोहंती, जौन रेमंड लाफरी, जगन्नाथ दास, उजेश्वर राय, बसंत मोहंती, अशोक मंडल, सुमित बारा, प्रतिक पांडा, प्रफुल्ल कुमार मंडल, सौरभ कुमार, शुभम कुमार, हर्ष, अफताब आलम, सरफराज, रौनक, अभीषेक, जैद हाशमी आदि मौजूद थे.

विजयदशमी पर शहर में उमड़ेगी लाखों की भीड़, जिला और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में, समाजसेवियों और निजी संस्थाएं भी करेंगी सेवा कार्य

# राम भक्तों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग लगाएगा 21 मेडिकल कैंप

**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

**150** डॉक्टर, कंपाउंडर और वार्ड बॉय विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों रहेंगे तैनात

**110** झांकियां निकलती हैं शहर से लेकर आसपास गांवों के विभिन्न अखाड़ों से

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

स्वास्थ्य विभाग ने विजयदशमी को देखते हुए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर 21 मेडिकल कैंप लगाने की तैयारी कर ली है. इन कैंपों में लगभग डेढ़ सौ स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गयी है. जिनमें सात डॉक्टर शामिल हैं.

बता दें कि हजारीबाग की रामनवमी विश्व प्रसिद्ध है और यहां विजयदशमी के दिन झांकी देखने वालों की भीड़ लाखों में होती है.



शहर से लेकर आसपास गांवों के विभिन्न अखाड़ों से 110 झांकियां निकलती हैं, जो विजयदशमी की रात से एकादशी की शाम तक चलती हैं. ये झांकियां शहर की सड़कों से होते हुए झंडा चौक पहुंचती हैं. इसके बाद बड़ा अखाड़ा चौक, महावीर आस्थान, सेठमोहल्ला, पचमंदिर चौक, जामा मस्जिद रोड, बस स्टैंड रोड से होते हुए अपने-अपने अखाड़े वापस हो जाते हैं. इस दौरान राम भक्त लाठी, तलवार खूब भांजते हैं. इस दौरान सैकड़ों राम भक्त चोटिल भी हो जाते हैं, जिनका सही समय पर इलाज हो इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है.

**मुस्लिम समाज के लोग भी करते हैं राम भक्तों की सेवा :** इसके अलावा कई समाजसेवी, एनजीओ और कई निजी अस्पतालों की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर कैंप लगवा कर 24 घंटे निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जाती हैं. वहीं शहर के दो दर्जन से अधिक समाजसेवियों की ओर से शहर के अलग-अलग स्थानों पर पानी, चना, गुड़, तरबूज, खीर एवं खाने पीने से लेकर अन्य सामग्री का वितरण भी निशुल्क किया जाता है. वहीं मुस्लिम समाज के लोग भी राम भक्तों की सेवा में जुटे रहते हैं. वहीं जिला प्रशासन भी अलर्ट रहता है और जगह-जगह पर वज्र वाहन, बैरिकेड भी लगा होता है. चौक-चौराहों के साथ निजी मकान की छत, सुनसान जगह पर पुलिस जवान तैनात रहते हैं.

### कहां-कहां लगेगा मेडिकल कैंप

मेडिकल कॉलेज अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ड्रामा सेंटर में तीन शिफ्टों में 24 घंटे इलाज होगा. एक स्विफ्ट में तीन डॉक्टर, 10 ड्रेसर, 8 वार्ड बॉय सेवा देंगे. एक साथ 10 राम भक्तों का इलाज हो सकेगा. वहीं जामा मस्जिद चौक स्थित मुख मंच एवं पुराना समाहरणालय कंट्रोल रूम के पास दो डॉक्टर समेत आधा दर्जन स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे. वही इंद्रपुरी चौक, झंडाचौक, बड़ाअखाड़ा, गौराटोली चौक, खिरगांव चौक, पेलावल थाना, काजी मोहल्ला, बजरंगी चौक, गड़ीखाना, सीताराम स्टूडियो, महेश सोनी चौक, सरदार चौक, बंसी लाल चौक, पांचमंदिर चौक, जामा मस्जिद, मतवारी, और पैगोडा चौक के पास कैंप लगा रहेगा.

### कहां-कहां है निगरानी मंच

शहर के मेन रोड स्थित जामा मस्जिद चौक के पास मुख्य मंच बनाया गया है, जिस पर उपायुक्त, कमिश्नर, डीआईजी, एसपी के अलावे कई अधिकारी 24 घंटा रहेंगे. इनकी शहर की गतिविधियों पर नजर रहेगी. इसके लिए मंच पर ही कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक कैमरे लगाए गए हैं. वहीं झंडा चौक के पास भी जिला प्रशासन का एक मंच बनाया गया है. वहीं जिनकी झांकी अच्छी सुंदर होगी और नशा मुक्त राम भक्त होंगे उस अखाड़े को सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा कई संगठनों, समाजसेवियों, नेताओं व मंत्रियों का भी अलग-अलग जगह पर मंच बनाया गया है.

---

## ब्रीफ खबरें

### अपराधियों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

**केरेडारी।** ग्राम पंचायत बारियातु निवासी योगेंद्र साव उर्फ छोटू, पिता ननक साव (30) की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. योगेंद्र की कंडाबेर पंचायत के पतरा खुर्द हटरिया मेला टांड से वापसी के दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल के समीप इस घटना को अंजाम दिया गया. योगेंद्र ने बड़कागांव अस्पताल ले जाते ही वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया. वहीं सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच कर रही है एवं अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है.

### विभिन्न अखाड़ों में पहुंचे समाजसेवी मुन्ना सिंह

**हजारीबाग।** शहर के जाने माने समाजसेवी तथा कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह लगातार विभिन्न अखाड़ों सहित मंदिरों का दौरा कर रहे हैं. उन्होंने शहर के अलावा सदर, दारू, कटकमदाग, कटकमसांडी के कई इलाकों में जाकर पूजा समितियों के पदाधिकारियों से मुलाकात की. एवं शांतिपूर्ण, मर्यादित तथा भव्य रामनवमी मनाने हेतु विचार विमर्श किया. सिंह ने कहा कि भगवान राम को दुनिया में एक आदर्श पुत्र, पति के साथ साथ एक अच्छे राजा के रूप में माना जाता है और अच्छे गुणों के प्रत्येक पहलू में वे श्रेष्ठ प्रतीत होते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए हमें उनका अनुसरण कर रामनवमी का पर्व शांति पूर्ण तथा सद्भावना के साथ मनाना चाहिए. इसके साथ ही मुन्ना सिंह ने सखैया में नवमी मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न झाकियों में एवं जुलूसों का स्वागत किया.

### चौथी बार में अफसर बना दुकानदार का बेटा

**कोडरमा।** संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा यूपीएससी परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है. कोडरमा के झुमरी तिलैया बाईपास रोड निवासी श्याम नंदन सिंह और रंजू सिंह के पुत्र सिद्धांत कुमार ने यूपीएससी में शानदार सफलता प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है. तीन बार लगातार परीक्षा में असफलता मिलने के बावजूद सिद्धांत ने हार नहीं मानी और चौथे प्रयास में बेहतर अंक हासिल किया है. सिद्धांत कुमार ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल राजवंशी नगर पटना से हुई है. यहां से उन्होंने वर्ष 2013 में 12वीं तक की पढ़ाई की. कोच्चि यूनिवर्सिटी से उन्होंने वर्ष 2017 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के डिग्री हासिल की.

---

ख़ास रामनवमी : रामभक्तों के नगर में निराली लगती है झंडा पर्व की फ़िज़ा

# सड़कों पर आज उमड़ेगा जनसैलाब

रंजना कुमारी /उमेश चौबे। हजारीबाग

हजारीबाग की दस साल की रामनवमी बेहद खास है. रामलला अब टेंट में नहीं, बल्कि अद्भुत, अलौकिक और भव्य श्रीराम मंदिर में पधार चुके हैं. मर्यादा पुरुषोत्तम की जन्मस्थली अयोध्या के साथ संपूर्ण दुनिया रामलला के जन्मोत्सव को खास तरीके से मना रही है. झारखंड राज्य के रामभक्तों के शहर के नाम से मशहूर हजारीबाग में झंडा पर्व की फ़िज़ा (माहौल) निराली लगती है. सद्भावना, एकता और भाईचारगी की मिसाल हजारीबाग की विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नजारा आज देर शाम दिखेगा. सैकड़ों अखाड़ों के लोग श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए हाथों में केशरिया परचम लिये एक अद्भूत जोश, जुनून और उमंग के साथ थिरकते- नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे. यह धार्मिक जुलूस अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा. सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति, सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से हैरतअंगेज कारनामे जुलूस को और मनोहारी बना देते हैं. श्रीराम, महादेव और बजरंगबली के नारे से चारों दिशाएं गूंज उठेगी. इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, ख़ुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर-दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ेगा.





### जुलूस विरासतों और अस्मिता का प्रतीक

बता दें कि हजारीबाग रामनवमी का जुलूस यहां की तहजीब, समृद्धि, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है. यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनायी जाती है. मनाये भी क्यों नहीं, यह उनके जन्मदिन का उमंग है, जो पापी, अत्याचारी और अधार्मिक व्यक्ति को भी सन्मार्ग पर लाकर श्रेष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हजारीबाग वासियों द्वारा विशेष तरीके से मनाया जाता है. भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र और धार्मिक उपदेश को पहल करके मनुष्य उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है. जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ यहां दर्जनों स्टॉल लगाए जाते हैं.

### जुलूस को लेकर विधि व्यवस्था की दुरुस्त

रामनवमी जुलूस के सौहार्दपूर्ण संचालन के लिए यहां तमाम जनप्रतिनिधि, रामनवमी महासमिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण के अलावे जिला प्रशासन, सभी राजनीतिक दलों के लोग, सद्भावना समिति के लोग, सभी धर्म- संप्रदाय के लोग, समाजसेवी, शिक्षाविद्ध, प्रेस-मीडिया और हजारीबाग के प्रबुद्ध लोगों के साथ समस्त आम अवाम जुलूस में तैनात रहेंगे. जुलूस के संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है. प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार जुलूस मार्ग का खुद निरीक्षण कर रहे हैं. शहर में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है. सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के अलावे ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही है.

### दो वर्ष नहीं दिख पाया पारंपरिक स्वरूप

कोरोना के विध्वंसकारी स्वरूप ने जो भयावह स्थिति पैदा की उसके कारण हजारीबाग की रामनवमी शोभायात्रा का पारंपरिक स्वरूप हजारीबाग की सड़कों पर दो वर्ष यानी साल 2020 एवं 2021 में नहीं दिखा. साल 2022 में पारंपरिक रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर राम भक्त उत्साहित दिखे. कोविड प्रोटोकॉल के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया गया. साल 2023 में कोविड प्रोटोकॉल पूरी तरह समाप्त होने के बाद राम भक्तों का उत्साह वैभव पर है, लेकिन उनके उत्साह को जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर पाबंदी लगा कर कम करने का प्रयास किया गया. साल 2023 में डीजे के बगैर सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी मनायी गयी.

### पारंपरिक इतिहास एक बार फिर दोहराने को बेताब हैं लोग

100 से अधिक वर्ष का रामनवमी जुलूस का पारंपरिक इतिहास एक बार फिर दोहराने को यहां के लोग बेताब है. हजारीबाग में रामनवमी लोकउत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस धार्मिक उत्सव के दौरान वृहत स्तर पर समाज के कई वर्गों को रोजगार भी मिलता है. इसमें ताशा पार्टी, साउंड वाले, झंडों के व्यवसाई, झांकी के सामग्री विक्रेता, फ्लैक्स, पोस्टर, रशीद छपाई वाले, मिठाई वाले, पूजन सामग्री विक्रेता, गाड़ी वाले, पारंपरिक हथियार विक्रेता, कपड़ा विक्रेता, मूर्तिकार, ठेला - खोमचे वाले सहित अन्य शामिल हैं.

---

## नवमी के उपलक्ष्य में भक्तों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारों से गूंजा पूरा क्षेत्र
- लाठी प्रतियोगिता, पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन

संवाददाता। रामगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को रामनवमी पर्व को लेकर सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व युवतियों ने मंदिर में बजरंगबली और ध्वज की पूजा कर मंदिरों और अपने-अपने घरों में झंडा स्थापित किया. विभिन्न मंदिरों में पुजारी द्वारा अनुष्ठान, रामायण पाठ, भजन कीर्तन के साथ चौक-चौराहा पर महावीर पताका से क्षेत्र रहा पटा. वहीं शाम में विभिन्न गांवों से शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में रामगढ़, गोला, चितरपुर, मांडू के अलावे तेलियातू,पीरी, ललकी धंसना, मसमोहना, सीआईसी बस्ती लाइन पार बरकाकाना में झांकी निकाली गई. बरकाकाना क्षेत्र के झांकी मेन रोड हनुमान मंदिर पहुंचे और लाठी प्रतियोगिता, पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र व एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए.



## जुलूस में कहीं राम-लक्ष्मण की जोड़ी तो कही असुरों की टोली

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के कटकमसांडी व कटकमदाग प्रखंड की दर्जनों झांकियों ने रामनवमी के दिन अपने-अपने क्षेत्र में शाम होते ही भ्रमण किया. इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया. कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह नव युवक दल की ओर से पहली बार झांकियां निकाली जा रही हैं. प्राचीन शिव मंदिर के दृश्य को प्रदर्शित किया गया है. इसमें राम, सीता लक्ष्मण और बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गई है. जुलूस निकाले जाने पर नवयुवक दल काफी खुश है. वहीं दशमी के दिन सभी जुलूस हजारीबाग शहर पहुंचेंगे. नवमी के दिन ढौठवा, लुपूंग, फतहा आदि जगहों पर दर्जनों जुलूस का मिलान हुआ. चतरा और हजारीबाग जिला के एक दर्जन से अधिक अखाड़ाधारी ढौठवा हाईस्कूल मैदान पहुंचे, जहां पर मुस्लिम समुदाय के लोगों जुलूस का स्वागत किया. सुदूरवर्ती ढौठवा गांव में दो जिलों के अखाड़ेधारियों ने घंटों कला-कौशल का प्रदर्शन किया. यह परंपरा पिछले 100 साल से अधिक समय से चली आ रही है. मुखिया जयप्रकाश केसरी ने बताया कि रामनवमी के दिन लगने वाला मेला कौमी एकता की भी मिसाल कायम करता है. यहां पर रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग भी रामनवमी जुलूस में बढ़-चढ़ कर शिरकत करते हैं और भाईचारगी का संदेश बिखरते हैं.

---

एक ट्रक चालक 35 फीट गहरी खाई में गिरकर गंभीर

## घाटी में दो बड़े हादसों में दो की गई जान

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के दनुआ घाटी में रामनवमी के दिन हुये दो बड़े हादसों में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं एक चालक 35 फ़ीट गहरी खाई में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया. पहली घटना बुधवार सुबह 4 बजे की है, जहां जीटी रोड जाम होने के कारण एक चालक गाड़ी से उतरकर जाम क्यों लगा है इसका पता करना चाहा. वह ट्रक से उतर कर कुछ दूर ही गया होगा कि अनियंत्रित होकर गहरे खाई में गिर गया. रात होने की वजह से किसी को पता नहीं चला. सुबह जब उनके साथ वालों ने खोजबीन की तो उसे 254 चैनल के पास गहरी खाई घायल अवस्था में पाया. उसका पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया था. उसे एनएचएआई के एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक अस्पताल लाया गया. घायल की पहचान केदार महतो (50), जिला बोकारो के रूप में हुई.



**सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक व उपचालक की मौत :** वहीं दूसरी घटना भी दनुवा घाटी में घटी, जहां सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक व उपचालक की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे सरिया लदा एक ट्रक अनियंत्रित हो कर छर्री लदा ट्रक को जोरदार टक्कर मारते हुये दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गये, जिससे ड्राइवर एवं खलासी केबिन में दब गए. चालक सुरेंद्र यादव, पिता राजदेव यादव, ग्राम जैयगिर बाराचट्टी की घटना स्थल पर मौत हो गयी. घटना की सूचना पर चौपारण थाना पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ट्रक में दबे ड्राइवर व खलासी को घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर चौपारण अस्पताल ले गई, जहां से खलासी रूपेश यादव (39), पिता सोहन यादव, ग्राम नया टोला बाराचट्टी बिहार को रेफर किया गया, जिसकी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में इलाज के दौरान मौत हो गयी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है.

---

डीसी-एसपी ने पूर्व महासमिति के अध्यक्षों व महासमिति के सदस्यों के साथ की बैठक

## मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने का निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग

रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय परिसर में उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महासमिति के अध्यक्ष, विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों तथा पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के साथ आपसी तालमेल एवं सहयोग के लिये विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गई.

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंहने अब तक के तैयारियों तथा विभिन्न महासमितियों के कर्तव्यों व दायित्वों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की. उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की तरफ़ से रामनवमी के बाबत विस्तृत दिशा निर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं. प्रशासन हरसंभव बेहतर रामनवमी संपन्न कराने को लेकर तैयार है. इसलिए सभी सदस्यों को दिए गए दायित्वों व दिशा निर्देशों के अनुरूप मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने इस बार महासमितियों द्वारा नशा मुक्त रामनवमी को लेकर किये गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर माहौल में रामनवमी मनाएं, प्रशासन हरसंभव आपके साथ है. लेकिन माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर सख़्ती से निपटने की भी तैयारी कर ली गई है. हर घटनाक्रम व जुलूस को सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी. साथ ही विधि व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल सादे लिबास में तैनात रहेंगे. उन्होंने उपस्थित सभी अखाड़ा समितियों, महासमिति तथा पूर्व के अध्यक्षों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की.

### ख़ास बातें

- पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय में हुयी बैठक
- आपसी तालमेल व सहयोग पर किया गया विचार

### डीसी व एसपी ने समिति के सदस्यों को किया सम्मानित

आपसी समन्वय को लेकर आयोजित बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए पगड़ी व लाठी देकर सम्मानित किया. उन्होंने सभी सदस्यों से प्रशासन की तरफ़ से सभी अखाड़ों को अनुशासित रखने का अनुरोध किया. आदर्श आचार संहिता का पालन एवं बेहतर तथा अनुशासित रहकर पूजा सम्पन्न कराने वाले अखाड़ों को जिला प्रशासन सम्मानित करेगा. पुलिस अधीक्षक आवासीय कार्यालय में संपन्न हुयी बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस बार भी जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता का पालन, बेहतर माहौल, अनुशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पर्व संपन्न कराने वाले समितियों को सम्मानित करेगा.

---

**कार्यक्रम** रामनवमी जुलूस सह शह शौर्य यात्रा में घोड़े और रथ पर सवार थे आर्य प्रतिनिधि

## आर्य कन्या गुरुकुल के बच्चों ने दिखाया अपना दमखम

संवाददाता। हजारीबाग

आर्य कन्या गुरुकुल की ओर से बुधवार को रामनवमी के अवसर पर शौर्य शोभायात्रा निकाली गयी. संध्या करीब तीन बजे प्रारंभ हुआ जुलूस रात के नौ बजे समाप्त हुआ. इस दौरान गुरुकुल की 275 ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणियों ने शानदार तलवारबाजी, लाठी और अन्य साहसिक खेलों का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर कर दिया. लाठी के साथ-साथ बालक और बालिकाओं का बैंड दस्ता भी चल रहा था. गुरुकुल के बच्चों ने इस दौरान मुख्य सड़क पर जमकर लाठियां भांजी. जुलूस में रथ और घोड़े भी शामिल किए गए थे. रथ पर आर्य समाज के प्रतिनिधि सवार थे. वहीं घोड़े पर रानी लक्ष्मीबाई बनी बेटियां हाथ में तलवार लेकर शौर्य और वीरता का प्रदर्शन कर रही थी. शोभायात्रा का नेतृत्व आर्य समाज की ओर से जीवन यादव, आरएसएस के जिला संघ चालक श्रद्धानंद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सह आरोग्यम के निदेशक हर्ष अजमेरा, भाजपा के बटेश्वर प्रसाद मेहता, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव अरविंद राणा, महासमिति के पूर्व अध्यक्ष पीकू यादव, आर्य समाज के डॉ. विनोद आदि कर रहे थे. शोभायात्रा नवाबगंज से प्रारंभ होकर गुरु गोविंद पार्क होकर अनंदा चौक - पैगोडा चौक पहुंची. इसके बाद झंडा चौक होकर बड़ा अखाड़ा और फिर वापसी के क्रम में हनुमान मंदिर, ग्वाल टोली चौक होकर पुन : झंडा चौक पहुंची. मालवीय मार्ग - बंशीलाल चौक होकर पुन : अनंदा चौक पहुंचने के बाद इंद्रपूरी चौक होकर गुरुकुल में समापन हुआ. भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी लाठियां भांजी. समारोह में शहर की गणमान्य महिलाएं शामिल हुई. मौके पर संतोष यादव, ब्रजेश कुमार, डॉ. विनोद आर्य, प्राचार्य पुष्पा शास्त्री, , रेखा जायसवाल, अमिता जायसवाल, अजय आर्य, किशोर मोदी, महेश रविदास आदि मौजूद थे.



### शोभायात्रा में खुद हीं बैंड बजा रहे थे बच्चे

शोभायात्रा में सात घोड़े के साथ-साथ रथ को शामिल किया गया था. मनोबल बढ़ाने के लिए ब्रहमचारी और ब्रहमचारिणियां खुद बैंड बजा रही थी. इनका दमखम देखकर लोग ताली बजाकर स्वागत कर रहे थे. शोभायात्रा के दौरान साहसिक खेलों का भी प्रदर्शन किया गया.

---

## आपा खो रहे युवा : युवक ने पत्नी से कहासुनी होने पर लगायी फांसी

संवाददाता। चौपारण

बदलते समय के साथ आधुनिक युग में युवा आपा खोते चले जा रहे हैं. परिजनों के साथ हल्के विवाद अथवा पत्नी से अनबन होने पर आत्मघाती कदम तक उठा ले रहे हैं. ऐसा ही एक मामला प्रखंड मुख्यालय से सटे पपरो गांव में हुआ जहां एक विवाहित युवक ने मोबाइल पर अपनी पत्नी से कहासुनी के कारण फांसी के फंदे पर लटककर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली. मृतक विकास चंद्रवंशी (25) की शादी कुछ माह पूर्व हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान हजारीबाग में हुई थी. मृतक के पिता मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर सभी आशंकित हुए. काफी आवाज देने पर भी जब विकास ने कमरा नहीं खोला तो दरवाजा खोला गया. अंदर का दृश्य देखकर सभी अवाक रह गए. विकास गले में रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ था. परिजनों ने जब उसे उतारा तो वह मृत पाया गया. इसके बाद घर में कोहराम मच गया. तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए आपदा मित्र एंबुलेंस से हजारीबाग भेज दिया. मृतक गरीब परिवार से संबंध रखता है. मृतक की पत्नी हजारीबाग स्थित अपने मायके में थी. वह गर्भवती भी है. घटना की जानकारी मिलने पर गांव में शोक की लहर फैल गई. रामनवमी के बावजूद अंतिम संस्कार में लोग जुटे. घटना की काफी चर्चा है जिसमें मोबाइल युग में आपा खोते युवा वर्ग पर चिंता जताई जा रही है.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** समय सामान्य है. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. आय होगी. चिंता बनी रहेगी. अन्न का दान करें.

**मिथुन** सुख में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें.

**कर्क** यात्रा का योग है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. अन्न दान करें.

**सिंह** लग्न में चंद्र है. रोजगार में वृद्धि होगी. छोटी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** विदेश से कोई शुभ समाचार मिलेगा. खर्च अधिक होने से कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा.

**तुला** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. पर लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** पिता से मनमुटाव होने से मन खिन्न होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा. समय उत्तम है. पर अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** किसी से मानहानि हो सकती है. जुवान पर नियंत्रण आवश्यक है. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार व्यवसाय लाभदायक होगा. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. लाभ होगा.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. व्यापार-व्यवसाय में कुछ लाभ होगा. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. मिठाई का दान मंदिर में करें.

## बाबूलाल मरांडी ने गावां के काली मंडा मंदिर में की पूजा

**गावां (गिरडीह)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को गावां पहुंचे. यहां गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर में वासंतिक दुर्गा पूजा के मौके पर उन्होंने पूजा-अर्चना की और मां के चरणों में मत्था टेका. इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याओं को भी रखा. यहां से वह प्रखंड के पटना स्थित भाजपा नेता राजेन्द्र चौधरी के आवास पर पहुंचे और उनकी माता के निधन पर शोक जताया. मौके पर जेएसएलपीएस सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी, रामचन्द्र ठाकुर, आशा शर्मा, सरयू पासवान, मनोज यादव, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, चंद्रशेखर आजाद, ललित पांडेय, विकास जॉनी, पवन सिंह, बबलू साहा, बनारस सिंह, मनोज सिंह, विशाल पांडेय आदि उपस्थित थे.

### मझगांव विधानसभा के मंझारी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान में सांसद गीता कोड़ा ने झामुमो पर जमकर निकाली भड़ास

# झामुमो अपने कार्यकर्ताओं को दे रही है गुंडागर्दी के संस्कार : गीता कोड़ा

संवाददाता। चाईबासा

झारखंड की निरंकुश व तानाशाह झामुमो सरकार को जवाब देने के लिए भाजपा को वोट करें. उक्त बाते सिंहभूम सांसद सह भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कही. वे बुधवार को मझगांव विधानसभा के मंझारी प्रखंड में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान आम जनता से कही. श्रीमती कोड़ा ने कहा कि सिंहभूम की जनता भाजपा को वोटकर जेएमएम को करारा जवाब देगी. क्योंकि वह विकास के हर मोर्चे पर फेल है. उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा अनुशंसित योजनाओं के लाभ को जनता तक पहुंचने में बाधा उत्पन्न करते रहे. जब मैंने इसका विरोध किया तो मुझे विकास विरोधी कहा गया. सरकारी विरोधी तक कहा गया. लेकिन जनता की समस्या उठाना मेरा फर्ज है इसे निडरता से करती रहूंगी. मेरे काम के रास्ते में रोड़े अटकाये गये. मैंने जनता के हित में कई

**खास बातें**

- भाजपा को वोट कर गुंडों की सरकार को जवाब दें
- आदिवासी मूलवासियों का उत्थान नहीं कर सकती झामुमो सरकार
- पीएम मोदी ने हमें पेसा कानून दिया झाममो ने इसे लागू ही नहीं किया



### विकास के हर मोर्चे पर झामुमो फेल

गीता कोड़ा ने कहा कि जेएमएम की सरकार विकास के हर मोरचे पर फेल है. गरीब गुरबों की आशाएं टूट गयीं. बेरोजगारी बढ़ गयी. लोग पलायन को विवश हैं. झामुमो वालों के पास कोई विजन नहीं है. केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास की योजनाओं के पैसा झारखंड सरकार को भेजती है झारखंड सरकार उसे रोक देती है. एक ओर सरकार बिजली बिल माफ करने की बात कर रही है. लेकिन एक दो बल्ब जलाने पर भी लाभुको को हजारों का बिल थमा दिया जा रहा है.

### भाजपा सरकार में मिला है महिलाओं को सम्मान

गीता कोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है. महिला समूह के खातों में सीधे पैसा पहुंच रहा. जिससे महिलाएं अपने घर-परिवार के साथ गांव का भी विकास कर रही हैं. जेएमएम की सरकार में कभी नहीं चाहा कि महिलाओं का विकास हो. जेएमएम के विधायकों और उनके गुंडों द्वारा हमेशा बाधा डाली जाती है. जेएमएम की सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है. जेएमएम सरकार आदिवासी मूलवासियों का उत्थान नहीं कर सकती है. जेएमएम सरकार से पूछा जाना चाहिए कि पिछले 15 सालों में उन्होंने क्या काम किया है. गीता ने कहा कि हो को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए उनका भी समर्थन था. लेकिन सरकार ने आज तक एक भी हो भाषा के शिक्षक की नियुक्ति नहीं की. कोड़ा ने कहा कि मोदी जी हर वर्ग के लिए विकास के काम कर रहे हैं. आम जनता सावधान रहे झामुमो के लोग गलत प्रचार करेंगे और दिग्भ्रमित करेंगे. मोदी ने पेसा कानून बनाकर जेएमएम सरकार को भेजा, लेकिन सरकार ने इसे लागू नहीं किया. न ही 5वीं अनुसूची क्षेत्र के आदिवासी गांव की विकास के लिए राज्य की जेएमएम सरकार ने कोई सुझाव या मंतव्य भेजा. अगर जेएमएम सरकार के पास आदिवासी क्षेत्रों के विकास करने के लिए विजन होता तो पेसा की नियमावली को ड्राफ्ट कर केंद्र सरकार को भेज देता.

### झारखंड में आरक्षित लोकसभा सीटों पर जोर आजमाइश

# महागठबंधन लगा रहा जोर भाजपा आयातित के भरोसे

प्रवीण कुमार। रांची

आदिवासी सीटों पर सभी दलों का खास फोकस है. क्योंकि राज्य में सरकार बनाने की चाबी आदिवासी सीटों से होकर गुजरती है. पिछले तीन दशकों के ज्यादातर चुनावों में 80 से 90 प्रतिशत सीटों पर भाजपा का ही कब्जा रहा है. लेकिन 2024 का लोकसभा चुनाव झारखंड के लिए कई मायनों में खास होने वाला है. लोकसभा चुनाव के परिणाम आने वाले विधानसभा चुनावो के लिए जमीन तैयार करने के रूप में सभी राजनीतिक दल देख रहे हैं.

2019 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति आरक्षित 28 सीटों में से इंडिया गठबंधन ने 26 पर जीत हासिल की थी. मात्र दो सीटों पर भाजपा की जीत सकी थी,उनमें खूंटी और तोरपा विधानसभा सीटें हैं. 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन ने भाजपा का मिल कर मुकाबला करने की रणनीति बनाई. इस पर काम करना भी शुरू कर दिया है. इंडिया गठबंधन की नजर आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित पांच लोकसभा सीटों पर है. इनमें खूंटी और लोहरदगा में पिछली बार जीत-हार का अंतर काफी कम था. खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा (केंद्रीय मंत्री) ने सिर्फ 1445 वोट से जीत हासिल की थी, जबकि लोहरदगा में यह आंकड़ा 10,363 था. खूंटी व लोहरदगा के अलावा तीन अन्य अनुसूचित जनजाति सीटें राजमहल, सिंहभूम और दुमका हैं. दुमका पर झामुमो का परंपरागत कब्जा रहा है, लेकिन पिछली बार झामुमो के शिबू सोरेन को 47,590 मतों के अंतर से भाजपा से हार का सामना करना पड़ा था. वहीं राजमहल व सिंहभूम में भाजपा हार गई थी. सिंहभूम में गीता कोड़ा के कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले जाने के बाद यब सीट झामुमो के पास चली गयी है.




**एसटी आरक्षित पांच लोस सीटों पर 2000 के बाद कब**

| लोकसभा | 2004 | 2009 | 2014 | 2019 |
|---|---|---|---|---|
| दुमका | झामुमो | झामुमो | झामुमो | भाजपा |
| राजमहल | झामुमो | भाजपा | झामुमो | झामुमो |
| खूंटी | भाजपा | भाजपा | भाजपा | भाजपा |
| लोहरदगा | कांग्रेस | भाजपा | भाजपा | भाजपा |
| सिंहभूम | कांग्रेस | निर्दलीय | भाजपा | कांग्रेस |

### एसटी सीटों पर भाजपा की पकड़ हुई कमजोर

वर्ष 2000 से 2019 के विधानसभा के चुनावी नतीजों पर गौर करें तो अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटों पर भाजपा की पकड़ कमजोर होती चली गई है. वर्ष 2000 में भाजपा ने 12 एसटी सीटों पर जीत दर्ज कर थी. तब सूबे के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे. वर्ष 2014 में भाजपा ने 11 अजा सीटों पर जीत हासिल की थी और वर्ष 2019 में यह संख्या सिमट कर दो पर आ गई है. जबकि वर्तमान में 19 एसटी सीटों पर झामुमो का कब्जा है, जबकि इंडिया गठबंधन को मिला दें, तो कुछ सीटें 26 हैं.

**खास बातें**

- पिछले तीन दशकों के चुनावों में भाजपा की ही रहा दबदबा
- 2019 में इंडिया गठबंधन ने जीती थीं 28 में से 26 सीटें

### भाजपा ने एसटी रिजर्व सीटों पर तीन आयतित कैंडिडेट को मैदान में उतारा

पांच आदिवासी सीटों पर भाजपा ने जीतने के लिए तीन आयातित कैंडिडेट को आपना उम्मीदवार बनाया है. सिंहभूम और दुमका में चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस और झामुमो से आयातित कैंडिडेट गीता कोड़ा को सिंहभूम से और सीता सोरेन को दुमका से चुनाव में उतारा है वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी से से चुनाव लड़ चुके ताला मरांडी की भाजपा में वापसी करीब दो साल पहले हुई थी और उन्हें राजमहल सीट से उतारा गया है. वहीं सिटिंग कैंडिडेट सुदर्शन भगत टिकट काट के समीर उरांव को उतारा है. खूंटी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को चुनाव में उतार कर आदिवासी सीटों को जीतने की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है. नये उम्मीदवार को समाने ला कर एंटी-इनकंबेंसी यानी सत्ता-विरोधी लहर से भाजपा बचने का प्रयास कर रही है.

### गुटों में बंटे कांग्रेस का आंतरिक कलह आया बाहर

# दीपिका को टिकट मिलने से नाराज कांग्रेसियों ने फूंका पुतला




संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा लोकसभा का टिकट गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर महगामा विधान सभा से कांग्रेस विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह को दिए जाने की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं के एक गुट का गुस्सा फूट पड़ा. विरोध का स्वर इतना तेज हुआ कि कार्यकर्ता सड़क पर आ गए और नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का पुतला फूंक दिया. बुधवार की दोपहर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय आए और बैठक करने के दौरान ही काफी उग्र हो गए और दीपिका पाण्डेय सिंह को उम्मीदवार के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया. कार्यकर्ताओं का कहना था प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के मेल में आकर गोड्डा सीट को बेच दिया है. निशिकांत दुबे के इशारे पर एक ऐसे आदमी को टिकट दे दिया गया है जो एक लाख का आंकड़ा भी पार नही कर पायेगी. कार्यकर्ताओं का सारा गुस्सा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ ही था. कार्यकर्ताओं का हुजूम हाथो में झाड़ू लेकर हटिया चौक तक पहुंचा और अपने ही नेताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया. कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर पार्टी नेतृत्व ने प्रत्याशी को नही बदला तो पूरे लोकसभा के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे और सामूहिक इस्तीफा दे देंगे.

### उम्मीद लगाए नेताओं के खिलाफ लग रहा आरोप

कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे विरोध और हंगामा करवाने का आरोप पार्टी के ही नेताओं पर लगाया जा रहा है. एक वरिष्ठ और पुराने कांग्रेसी नेता ने कहा कि टिकट की दौड़ में शामिल नेता ही परदे के पीछे रहकर करवा रहे हैं. पार्टी के जामताड़ा विधायक ने तो खुलकर सामने आकर कहा कि पार्टी के इस फैसले से पार्टी को बहुत पछताना पड़ेगा. गोड्डा में भी विधायक के ही समर्थक थे. एक खास वर्ग ठेकेदारों का भी था जिनको पूर्व में कांग्रेसी सांसद ने पाल पोश कर रखा था.

### बनावटी कांग्रेसी ही विरोध कर रहे : विनय ठाकुर

दीपिका को टिकट मिलने की खबर पाकर इनके समर्थकों में खुशी देखी जा रही है. युवा कांग्रेसी विनय ठाकुर ने पार्टी के इस निर्णय पर खुशी जताते हुए कहा कि बिलकुल सही निर्णय है. बनावटी कांग्रेसी ही विरोध में हैं उन्हें बाहर जाना है. सही कांग्रेसी रहते तो सड़क पर नहीं उतरते. अन्य दावेदारों के बारे ने कहा कि पहले के चुनावों में पहले भी तीन बार प्रदीप यादव और तीन बार फुरकान अंसारी लोकसभा में चुनाव हार चुके हैं. दीपिका जी चुनाव में जीत दर्ज कराएगी.

### राधाकृष्ण किशोर ने दलबदल का रिकार्ड बनाया, रह-रह कर पलटनिया मारते रहे

# दलबदलू ने फिर पलटी मारी, राजद से किशोर का इस्तीफा, अब कहां ठौर

समीर चक्रवर्ती। रांची

छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा देकर फिर रिकार्ड कायम कर लिया है. वामदल को छोड़कर शायद ही देश की कोई ऐसी पार्टी रहेगी, जिसमें किशोर नहीं रहे. समय और सुविधा के हिसाब से वे दल बदलते रहे. पलामू सीट की चाह में किशोर राजद में शामिल हुए थे. मगर टिकट नहीं मिलने पर राजद पर ही आरोप लगा कर पार्टी छोड़ दी. इसके साथ ही पलामू में किसी राजनेता का दल बदलने के मामले में रिकार्ड नेता राधाकृष्ण किशोर के नाम हो गया. मालूम हो कि राधाकृष्ण किशोर पूर्व आईपीएस और पलामू के सीटिंग एमपी भाजपा नेता बीडी राम के रिश्तेदार हैं.

**पाला बदलने में माहिर रहे हैं किशोर :** राधाकृष्ण 2014 में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे. इसके बाद 2019 में भाजपा का साथ छोड़कर आजसू में गए थे. ये छतरपुर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं. ये छतरपुर से 5 बार विधायक रह चुके हैं. राधाकृष्ण जदयू में भी रह चुके हैं. इस प्रकार देखा जाए तो झारखंड के पूर्व मंत्री का यह पांचवां राजनीतिक दल है. पूर्व में भी राजद को छोड़ एक बार छोड़ चुके है. अब ये किस दल में जायेंगे. ये देखने वाली बात होगी.





**खास बातें**

- राजद से चुनाव लड़ने की तमन्ना थी, पानी फिरा तो पलटा मारा
- टिकट की खातिर कांग्रेस, जदयू, भाजपा, राजद, आजसू को लात मारते देर न लगी

पलामू के कुछ दिग्गज राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि किशोर राजद में गये थे पलामू सीट के लिए गए थे. मगर ममता भुईंया को टिकट मिलने के बाद, आहत होकर उन्होंने राजद को छोड़ा. साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है. किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है. वहीं प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने इस बारे में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद अब एटूजेड और विकास के लिए सामाजिक भाईचारा की पार्टी नहीं रह गयी है.

### पार्टी के नीति-नियत पर ही उठा दिया सवाल

पलामू लोक सभा के संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा द्वारा समाज को बांटने वाले दिए गए बयान पर भी किशोर आहत दिखे. साथ ही एटूजेड पार्टी बनाने में तेजस्वी यादव के असफल रहने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की. राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि फिलहाल वे किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे .लोकसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति के लिए काम करेंगे जो पलामू-गढ़वा के विकास के लिए काम कर रहे हैं. साथ ही जिसकी जीत से राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत हो वैसे उम्मीदवार को सपोर्ट करेंगे. किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने यह नारा दिया था कि हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों (एटूजेड) की पार्टी है, परंतु दूसरी ओर पलामू लोकसभा चुनावी अभियान को शुरू करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा ने एक इलेक्ट्रोनिक मीडिया को दिए गए बयान में यह कहा है कि मोदी चुनाव जीतते हैं तो देश ब्रह्मणवाद की ओर मुड़ जायेगा. लोकसभा चुनाव के अवसर पर गौतम सागर राणा के बयान स्पष्ट है कि राजद एटूजेड की पार्टी नहीं है. यह स्थापित सत्य है कि किसी भी राजनैतिक संगठन के लिए विश्वास एक बड़ी पूंजी है. यदि पार्टी से कार्यकर्ताओं और जनता का विश्वास उठ जाए तो फिर वैसे राजनैतिक दल स्वयं को जनता के बीच स्थापित नहीं कर सकता है.

**Format C-7**

**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Name of Political Party: Communist Party of India (Marxist-Leninist) Liberation
Name of the Election: General Election to the House of the People Lok Sabha 2024
Name of State: Jharkhand
Name of the Constituency: 05-Kodarma
Name of the Candidate: Vinod Kumar Singh

| Sl. No. | Criminal antecedents | | |
|---|---|---|---|
| 1 | a. | Nature of the offences | 1. Under IPC Sections 144,341, 342, 188<br>2. Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 389, 427<br>3. Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 |
| | b. | Case no. | 1. 12/2021<br>2. GR1372/12<br>3. GR428/14 |
| | c. | Name of the Court | 1. Special Judicial Magistrate, F.C. (MPMLA cases)<br>2. First Class Judicial Magistrate, Dhan.<br>3. Chief Judicial Magistrate, Giridih |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1. Yes<br>2. Yes<br>3. No |
| | e. | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Nil |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Shri Vinod Kumar Singh is a leader of people's movements, who enjoys the trust and affection of People. He is being victimised through false cases, for leading struggles for farmers, workers, women and for general public, and for education, employment, democratic rights and against corruption. |
| 3 | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | The cases against Shri Vinod Kumar Singh are because of his antecedents as the leader of people's movements, not criminal antecedents. They are politically motivated cases. It is common for leaders of people's movements to have such cases against them. |

Manoj Bhakt

(Manoj Bhakt, State Secretary, Jharkhand)

# अपने-अपने दावे

आमतौर पर चुनाव घोषणापत्र खानापूरी बन कर रह गए हैं. पिछले कुछ दशकों से राजनीतिक दलों ने जिस तरह से सरकारों का संचालन किया है, उसमें जनता से चुनाव पूर्व किए गए वायदों के पूरा नहीं होने की लंबी फेहरिस्त है. बावजूद इसके किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है. हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है. इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं. ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए. देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती. हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए. हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें. सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए. यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिए लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं. चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिए ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं. सभी राजनीतिक दलों को देश की प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए. भारत विविधता की संस्कृति का देश है. सामाजिक समरसता के लिए जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं. राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिए ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है, जो हर हाथ को काम दे सके. आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है. हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े. पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है. जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं. बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों के केंद्र में रखें. देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में इसकी गूंज कुछ कम ही सुनी जा सकती है. चूंकि तेज विकास गति के साथ मानवीय चेहरा बनाए रखने का दबाव लोकतंत्र की खासियत का हिस्सा है. इसके साथ ही चुनाव घोषणा पत्र देश में नवउदारवादी आर्थिकी के संकटों और चुनौतियों का संकेत भी देते हैं. महंगाई या बेरोजगारी पर कोई ठोस बात करने की जरूरत है. ये दोनों ही इस समय देश के सबसे गंभीर सवाल हैं और इन्हें दूर करने का ठोस उपाय तत्काल बताना चाहिए. कांग्रेस ने 30 लाख नौकरियां देने की बात जरूर की है. लेकिन नवउदारवादी दौर में उत्पादक आर्थिकी किस तरह विकसित होगी, इस पर दोनों ही पार्टियों के पास ठोस योजना नहीं दिखती है.

> सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं. राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिए ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके. आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है.

## सुभाषित

**सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यादपि हितं वदेत्।**
**यद्भूतहितमत्यन्तं एतत् सत्यं मतं मम॥**

यद्यपि सत्य वचन बोलना श्रेयस्कर है तथापि उस सत्य को ही बोलना चाहिए जिससे सर्वजन का कल्याण हो. मेरे (अर्थात् श्लोककर्ता नारद के) विचार से तो जो बात सभी का कल्याण करती है वही सत्य है. जिस सत्य से सर्वजन को हानि हो, वह त्याज्य है.

# व्यक्ति विशेष का नहीं, भारत का डंका बजेगा

**पूरे भारत में यदि सरदार आपके सामने खड़ा हो तो आपको बेचैनी होती है कि यह आदमी ज्यादा ताकतवर है, अब इससे भिड़ूं कैसे. इसमें झगड़ा-झंझट करने का भाव नहीं है तो हम मजाक उड़ाते हैं, हम मखौल करते हैं. वह मखौल झूठ है, मात्र ईर्ष्या व भय के कारण है. यह बात तो सौ प्रतिशत सच है कि ऐसा ही होता है और आज भी ऐसा हो रहा है. लेकिन, कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिसे जानकर भी जनता चुप रहती है, लेकिन क्या ऐसा चुनाव में भी हो सकता है! चुनाव तो गुप्त होता है.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

कुछ राजनीतिज्ञ कुशल नहीं होते हैं. ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर उनकी अकुशलता का कारण क्या हो सकता है? दरअसल, अकुशल राजनीतिज्ञ वही है, जो यह सोचने लगता है कि पूरी दुनिया मेरे पीछे चल रही है. मैं जहां भी जाऊंगा, दुनिया वहीं जाएगी. यही उसकी सबसे बड़ी गलती होती है, यानी खुद को सर्वेसर्वा मानना. वहीं, कुशल राजनीतिज्ञ वह होता है, जो भांप लेता है कि लोग किस तरफ जा रहे हैं और उसी के हिसाब से वह अपना भी रास्ता तय करने लगता है. आज देश में चुनावी माहौल चरम पर पहुंच चुका है, इसलिए नेताओं की भीड़ आपको भी आसपास मंडराती नजर आती होगी. बड़ी मासूमियत से आपके चरणों को स्पर्श करके आपसे अपना उद्देश्य बताते हैं- बस एक वोट. आप उनकी मासूमियत पर फिदा होकर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुन लेते हैं और संसद भेज देते हैं. अब सिक्के का दूसरा पहलू देखिए कि अगर किस्मत से उस नेता की पार्टी सत्तारूढ़ हो गई, तो फिर दुबारा उनके दर्शन आपके लिए ईश्वर के दर्शन जैसा हो जाएगा. यदि आप उनसे उनके विशेष 'दरबार' में मिलने भी जाते हैं, तो वहां उनकी मासूमियत करवट बदल चुकी होती है. अब उनकी इच्छा होती है कि आप उनके चरणों में झुककर उन्हें नमन करें, उनके सामने अपना दुखड़ा रोएं या फिर याचना जताएं. असल में आज की राजनीति में होता यही है, लेकिन स्वीकारना या न मानना, आप पर निर्भर करता है.

चुनावी दौर में जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, सभी को अपनी बात कहने का अधिकार भारत का संविधान देता है. इन्हीं बातों को अपनी नजर में रखते हुए सभी दल चुनाव जीतने के बाद उनके द्वारा देशहित में क्या कुछ किया जाएगा, इसका लिखित पत्र देश की जनता को समर्पित करते हैं, जिसे आजादी के बाद से आज तक चुनावी घोषणापत्र कहा जाता रहा है. सभी दलों की भांति अब कांग्रेस ने भी अपने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए कहा है कि यदि उसकी सरकार बनी तो नौकरी, सामाजिक न्याय, युवा-महिला और किसान-मजदूरों के बीच की दूरी को पाटने की दिशा में काम किया जाएगा. कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि वह सालाना तीस लाख नौकरियां, प्रतिवर्ष अप्रेंटिश अधिकार अधिनियम के तहत एक लाख रुपया, केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, हर गरीब परिवार की एक महिला सदस्य को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये, देश में सभी के लिए पच्चीस लाख रुपये का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, जातिगत जनगणना करने और किसानों को एमएसपी की योजना, राजग (भाजपा) सरकार के दस वर्ष के दौरान पारित विवादित कानूनों की जांच, नोटबंदी, चुनावी बॉण्ड, पेगासस, राफेल जैसे मामलों में भ्रष्टाचार की जांच, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समीक्षा, मणिपुर सरकार को हटाना, 2025 से ही महिला आरक्षण को अमल में लाना, जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना और दिल्ली के उपराज्यपाल की शक्तियों में कटौती की जाएगी.

वहीं, राजग (भाजपा) ने अपने घोषणापत्र का नाम बदलकर 'संकल्प पत्र' कर दिया है. इसमें प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम घोषणापत्र नहीं, संकल्प पत्र लाते हैं और उसे पूरा भी करते हैं, नीयत साफ हो, तो नतीजे सही आते हैं. वहीं, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और पुष्कर की चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है. कांग्रेस के पास देशहित की नीतियां नहीं हैं. उन्होंने कटाक्ष किया कि आज विपक्ष जीत का दावा न कर सिर्फ भाजपा को न्यूनतम सीटों पर रोकने की बात कर रहा है. इसी के साथ उन्होंने देश को याद दिलाया कि अपने तीसरे कार्यकाल के लिए सौ दिन में और फैसले लेने जा रहा हूं जिसके लिए पूरी तैयारी कर चुका हूं. उन्होंने जनता पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालते हुए कहा कि जो डंका बज रहा है, उसकी वजह मैं नहीं, आपका वोट है.

वैसे आप पाएंगे कि सरदारों का मजाक पूरे मुल्क में उड़ाया जाता है. उसके कुछ कारण हैं- सरदारों से ईर्ष्या और भय. ईर्ष्या के कारण भी साफ हैं, क्योंकि सरदार शारीरिक रूप से अपेक्षाकृत कहीं अधिक मजबूत होते हैं. गर्दन दबा दें तो आपकी मौत भी हो सकती है. पूरे भारत में यदि सरदार आपके सामने खड़ा हो तो आपको बेचैनी होती है कि यह आदमी ज्यादा ताकतवर है, अब इससे भिड़ूं कैसे. इसमें झगड़ा-झंझट करने का भाव नहीं है, तो हम मजाक उड़ाते हैं, हम मखौल करते हैं. वह मखौल झूठ है, मात्र ईर्ष्या व भय के कारण है. यह बात तो सौ प्रतिशत सच है कि ऐसा ही होता है और आज भी ऐसा हो रहा है. लेकिन, कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिसे जानकर भी जनता चुप रहती है, लेकिन क्या ऐसा चुनाव में भी हो सकता है! चुनाव तो गुप्त होता है. मतदाता के मत डालते समय तो सरदार उसके सामने नहीं होता है, फिर उस सरदार का डर कैसा! हमारा आपका तो कर्तव्य है सोच-समझकर उसे मतदान करना, जो चुनाव के बाद भी आपके मान-सम्मान का ख्याल रखे और समाज और देश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत योगदान दे. जब तक आप सोच-समझकर मतदान नहीं करेंगे और बहकावे में नहीं आकर अपनी परख को मान्यता देते हुए मतदान करेंगे तो निश्चित रूप से देश का विकास होगा. और, यदि देश का विकास होता है, तो आपका भी निश्चित ही विकास होगा. आपको रोजगार मिलेगा, जब बाजार में धन आएगा तो आपका व्यवसाय भी बढ़ेगा और जब ऐसा होगा, तभी विकसित भारत कहलाएगा. व्यक्ति विशेष का नहीं, भारत का डंका बजेगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## माया और सरलता

मोह वश मन, वचन, काया की कुटिलता द्वारा प्रवंचना अर्थात् कपट, धूर्तता, धोखा व ठगी रूप मन के परिणामों को माया कहते है. माया व्यक्ति का वह प्रस्तुतीकरण है, जिसमें व्यक्ति तथ्यों को छद्म प्रकार से रखता है. कुटिलता, प्रवंचना, चालाकी, चापलूसी, वक्रता, छल कपट आदि माया के ही रूप है. साधारण बोलचाल में हम इसे बे-ईमानी कहते है. अपने विचार अपनी वाणी अपने वर्तन के प्रति ईमानदार न रहना माया है. माया आतंरिक वस्तु है. किसी एक आत्मा द्वारा दूसरी आत्मा पट आरोपित भाव नहीं ...यह जादू व मिथ्या कृतित्व है, जो माया के प्रभाव हैं. माया शब्द संस्कृत के दो शब्दों मा और या से मिलकर बना है. ...मा का अर्थ होता है 'नहीं है' और या का अर्थ होता है जो. इस तरह माया का अर्थ है जो वस्तु नहीं है. इस दुनिया में जो भी चीज अस्थायी या काल्पनिक है, उसे माया कहा जाता है. अतः व्यवहार में माया का अर्थ , अज्ञान है. अज्ञान और माया को मिटाने के लिए ज्ञान की जरूरत है. माया का अर्थ प्रचलित धन सम्पत्ति नहीं है, धन सम्पत्ति को यह उपमा धन में माने जाते छद्म, झूठे सुख के कारण मिली है. माया वश व्यक्ति सत्य का भी प्रस्तुतीकरण इस प्रकार करता है, जिससे उसका स्वार्थ सिद्ध हो. माया ऐसा कपट है जो सर्वप्रथम ईमान अथवा निष्ठा को काट देता है. मायावी व्यक्ति कितना भी सत्य समर्थक रहे या सत्य ही प्रस्तुत करे. अंततः अविश्वसनीय ही रहता है. तथ्यों को तोडना मरोडना, झांसा देकर विश्वसनीय निरूपित करना, कपट है. वह भी माया है, जिसमें लाभ दर्शा कर दूसरों के लिए हानि का मार्ग प्रशस्त किया जाता है. दूसरों को भरोसे में रखकर जिम्मेदारी से मुख मोड़ना भी माया है. हमारे व्यक्तित्व की नैतिक निष्ठा को समाप्त प्रायः करने वाला दुर्गुण 'माया' ही है..वक्रता प्रेम और विश्वास की घातक है. कपट, बे-ईमानी, अर्थात् माया, शील और चरित्र (व्यक्तित्व) का नाश कर देती है. माया करके हमें प्रतीत होता है कि हमने बौद्धिक चातुर्य का प्रदर्शन कर लिया. सौ में से नब्बे बार व्यक्ति मात्र समझदार दिखने के लिए, बेमतलब मायाचार करता है. किंतु इस चातुर्य के खेल में हमारा व्यक्तित्व संदिग्ध बन जाता है. माया एक तरह से बुद्धि को लगा कुटिलता का नशा है. कपट, अविद्या (अज्ञान) का जनक है. और अपयश का घर. माया हृदय में गडा हुआ वह शल्य है जो निष्ठावान बनने नहीं देता. माया को आर्जव अर्थात् ऋजुता (सरल भाव) से जीता जा सकता है. माया को शांत करने का एक मात्र उपाय है 'सरलता'

# राजनीतिक पतन को दर्शाते हैं चुनावी बॉण्ड्स

• सामयिकी

जगदीश रत्तनानी

किसी भी समझदार व्यक्ति के सामने यह बात तय और स्पष्ट है कि चुनावी बॉन्ड्स की योजना एक जबरन वसूली रैकेट थी. भले ही इसे जारी करते समय इसका वह (इसे बनाने वालों के चैरिटेबल होने का कलंक लगाने का) इरादा नहीं था जिस इरादे के साथ इसे तैयार किया गया था. इस योजना से जो वैध दिखाई देने वाला भ्रष्टाचार फैलाया गया, उसका लंबे समय तक अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा. यह घोटालों के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा, जिसने अपने पीछे असाधारण और ऑडिट किए गए दस्तावेजों को देखते हुए कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है. इसकी विभीषिका यह है कि लेन-देन की बारीकियों में विशेष रूप से जब यह सामने आता है- (अ) फार्मा कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा और उनके दान, (ब) विभिन्न प्रकार की शुरू हुई जांच जो 'दान' के बाद बंद हो गई, इनमें से एक प्रकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रक्रिया की ओर अग्रसर है, (स) भुगतान के बाद व्यापारिक घरानों के पक्ष में लंबे समय से लंबित मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना और (द) विदेशी धन के लिए दान के रूप में आने वाला एक स्पष्ट रास्ता सिर्फ शीर्ष चिंताएं हैं. ये न केवल चुनावी बॉन्ड्स योजना के राष्ट्र-विरोधी चरित्र की ओर इशारा करती हैं, बल्कि भ्रष्टाचार को निमंत्रण देने के रूप में भी सामने आती हैं- एक खुली नीति जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करने का स्पष्ट रास्ता बताती है. चुनावी बॉन्ड्स से राष्ट्र को हुए गहरे नुकसान में उपरोक्त सभी को शामिल नहीं किया गया है. बड़ा झटका तो यह है कि भारत को स्वीकारोक्ति के इस अहसास के साथ आना होगा कि उदारीकरण और निजीकरण के युग में 1991 की उसकी दिशा विफल हो गई है. भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था. आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था. देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे. इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी. अर्थशास्त्री राजकृष्णा ने 1950 से 1970 के दशक में देश की धीमी आर्थिक गति को ही 'हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ' कहा था, उससे ऊपर उठ सकें. सुधारों से पहले व्यवसायियों ने व्यापार-सरकार संपर्क की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई दिल्ली में संपर्क कार्यालय रखे. बहुत समय पहले 1970 के दशक के 'वैश्विक तेल संकट' के मद्देनज़र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था. प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया, जिसके बाद इस लाइसेंस-नियंत्रण-राज की जरूरत ही नहीं रही. मनमोहन सिंह ने घोषणा की थी- 'समग्र रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक कुशल और आधुनिक बनने से लाभान्वित होगी और औद्योगिक प्रगति की दुनिया में अपना सही स्थान लेगी.' फिर भी जब प्रक्रिया को प्रबंधित करने के लिए एक साइड गेट मौजूद हो तो ये सारे जोखिम क्यों उठाए जाएं? ये आरोपित खिलाड़ी हैं, जो झुकी हुई रीढ़ के साथ शासन करना जारी रखेंगे और हमारे पास निजी क्षेत्र के नाम पर (कुछ अपवादों को छोड़कर) जो है उसे हर कीमत पर कम से कम जोखिम के साथ पैसा बनाने में मदद करेंगे. समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए भारत का यह सपना नहीं हो सकता. इस वजह से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उदारीकरण नीति के साथ हमने ब्रिटिश राज के दौरान प्राप्त धन और आय असमानता को अधिक बढ़ाया है. वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब के भारती, चांसल, पिकेटी और सोमांची के वर्किंग पेपर 'इनकम एंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023: द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' में यह बात लिखी गई है.

> बहुत समय पहले 1970 के दशक के 'वैश्विक तेल संकट' के मद्देनज़र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था.

# भाजपा और कांग्रेस के घोषणापत्र का अवलोकन

• सियासत

एस.ए. देशप्रिय


भाजपा के घोषणा पत्र में हर पेज पर मोदी जी का फोटो. 50 से ऊपर तो होंगे. फोटो के मामले में तो कांग्रेस के घोषणा पत्र से बहुत आगे है. कांग्रेस के घोषणा पत्र में तो राहुल के तीन चार फोटो होंगे. और वह भी साथ में. अकेला तो कोई दिखा नहीं. बाकी मोदी जी के फोटो में तो कोई उनके साथ फ्रेम में आ ही नहीं सकता. सारे फोटो एकल होते हैं. कांग्रेस की 30 लाख सरकारी नौकरियों का जवाब तो भाजपा के घोषणा पत्र में कहीं दिख नहीं रहा. न महंगाई की बात. न शिक्षा फ्री करने की बात. घोषणा पत्र शुरू ही मोदी जी के देश के नाम संदेश से होता है. जिसमें वे 23 साल बाद की बात 2047 की कर रहे हैं. दस साल में लाखों युवा ओवर एज हो गए और 2047 तक वे भी हो जाएंगे जो अभी टीन एज (किशोरावस्था) में आ रहे हैं या आए ही हैं. लेकिन जो भी हो यह मुकाबला अच्छा है. घोषणा पत्र बनाम घोषणा पत्र का. कांग्रेस के घोषणा पत्र ने देश में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी थी. उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल ने एक करोड़ रोजगार की बात करके उस उम्मीद को और परवान चढ़ा दिया. इससे पहले बिहार में सरकार में रहते हुए तेजस्वी यह कारनामा कर चुके थे. लाखों शिक्षकों को नौकरी देने का, इसलिए उनका केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर नौकरियों को प्राथमिकता देने के वादे का युवाओं और उनके माता-पिताओं पर गहरा असर हुआ. अब लग यह रहा था कि कांग्रेस आरजेडी और इन सबका जवाब देने के लिए मोदी जी नौकरियों का खजाना वैसे ही खोल देंगे जैसे उन्होंने अडानी-अंबानी के लिए सरकार के खजाने खोल दिए हैं. मगर 76 पेज के संकल्प पत्र में, जाहिर है कांग्रेस के 46 पेज के न्याय पत्र से ज्यादा पेज का निकालना था, युवाओं को नौकरी देने की गारंटी ढूंढे नहीं मिल रही है. एक चेप्टर है युवाओं को अवसर मोदी की गांरटी. मगर उसमें सरकारी नौकरी का कहीं जिक्र नहीं दिख रहा है. एक उप शीर्षक है- पारदर्शी सरकारी भर्तियां. मगर उसमें सरकारी नौकरी कितनी और कब देंगे के बदले पेपर लीक नियंत्रण के लिए कड़े कानून बनाने की बात है और पारदर्शी सरकारी परीक्षाओं की. अभी तक ये दोनों काम क्यों नहीं किए, इसका कोई कारण नहीं बताया है. युवाओं से हर वादा ऐसा है कि अभी और जीते होते यही इंतजार होता. 2014 में मोदी जी आए थे. उस समय जो युवा था वह दस साल से इंतजार कर रहा है. अब इस घोषणा पत्र में उससे कहा है 2047. मतलब 2014 के 33 साल बाद का नक्शा. तब तक 2014 का युवा वरिष्ठ नागरिक हो चुका होगा. शायद इसलिए वह वरिष्ठ नागरिकों वाला चेप्टर ज्यादा ध्यान से पढ़ रहा है. मजेदार है. देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है. कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है. सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए. क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा? 2014 में जिसकी औसत आयु 27 वर्ष थी. वह 2047 में 60 वर्ष का हो जाएगा. परफेक्ट सीनियर सिटीजन. ढूंढे कि उस उम्र के क्या-क्या लाभ मिलते हैं. वैसे बता दें कि सीनियर सिटीजन को मिलने वाले रेल यात्रा कंसेशन को मोदी सरकार बंद कर चुकी है. और न केवल बंद कर चुकी है, बल्कि इसका फायदा भी देश को यह कहकर बता चुकी है कि वरिष्ठ नागरिकों के रेल किराए में छूट खत्म करके हमने 5800 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए भी. मतलब वरिष्ठ नागरिक जिनके पास आय का कोई जरिया नहीं होता, उनसे भी पैसे छीने. और इसे गर्वपूर्वक अपनी कमाई बता रहे हैं. यह ऐसा ही है जैसे घर में वृद्ध माता-पिता की दवाइयां बंद करके या उनके खाने-पीने में से दूध, दही, घी, फल, सब्जी निकालकर कहा जाए हमने इतने पैसे कमाए! 2047 के विकसित भारत का सपना देख रहे युवाओं को यह देख लेना चाहिए उस समय जो वे वरिष्ठ नागरिक हो चुके होंगे तो उनके लिए क्या होगा. युवावस्था में नौकरी नहीं और वृद्धावस्था में उनके खाने-पीने, दवाइयों से कटौती करके कमाई! इसलिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पूछा है कि क्या जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? दें युवा जवाब. और बाकी सब भी दें.

> यह ऐसा ही है जैसे घर में वृद्ध माता-पिता की दवाइयां बंद करके या उनके खाने-पीने में से दूध, दही, घी, फल, सब्जी निकालकर कहा जाए हमने इतने पैसे कमाए! 2047 के विकसित भारत का सपना देख रहे युवाओं को यह देख लेना चाहिए उस समय जो वे वरिष्ठ नागरिक हो चुके होंगे तो उनके लिए क्या होगा.

## मीडिया में अन्यत्र

# सचेत करने वाले की आजादी

**इस** हफ्ते व्हाइट हाउस में, राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन ने यह बेसाख्ता टिप्पणी की कि उनका प्रशासन ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के अनुरोध पर विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांज के खिलाफ आरोप वापस लेने पर 'विचार कर रहा' है. इस टिप्पणी ने असांज के परिवार और समर्थकों में उम्मीद की लहर का संचार किया है. ऑस्ट्रेलियाई नागरिक असांज ब्रिटेन की बेलमार्श जेल में हैं और इस नुक्ते पर ब्रिटिश अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हैं कि क्या वह 2022 के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं जिसके तहत उन्हें अमेरिका भेजा जाना है, ताकि वह अमेरिकी सरकार व राजनयिकों के केबलों (गुप्त संदेशों) के 2010 में प्रकाशन से जुड़े गंभीर आरोपों का सामना कर सकें. अदालत का आदेश 20 मई को आना है और उसने अमेरिका से यह आश्वासन मांगा है कि असांज को मौत की सजा का सामना नहीं करना होगा. हालांकि, बाइडेन से अल्बनीज की अपील उस फैसले को अनावश्यक बना सकती है. दरअसल 52 वर्षीय असांज, शरण की तलाश करते हुए और कैद में रहते हुए, पहले ही काफी सजा भुगत चुके हैं. उनके परिवार के मुताबिक, वह बहुत बीमार हैं और प्रत्यर्पित किये जाने को लेकर काफी परेशान हैं. असांज बलात्कार और हमले के लिए स्वीडिश वारंट का सामना कर चुके हैं. इन आरोपों से उन्होंने इनकार किया था और बाद में मामला वापस ले लिया गया था. अमेरिका में उनके खिलाफ 18 आरोप हैं जिनके तहत उन्हें कुल 175 साल की कैद हो सकती है. ये आरोप - जिनमें से 17 अमेरिका के एक सदी पुराने जासूसी कानून के तहत हैं - इराक और अफगानिस्तान युद्धों से जुड़े हजारों अमेरिकी दस्तावेजों के विकीलीक्स द्वारा प्रकाशन से संबंधित हैं. इनमें से कई दस्तावेजों ने अमेरिकी सेना के तौर-तरीकों की एक खराब तस्वीर पेश की और अमेरिकी सरकार की रणनीति को जगजाहिर किया. इसमें कोई शक नहीं कि दस्तावेजों के भंडार को बारीकी से जांचे बिना ही प्रकाशित करने के असांज के निर्णय और विशिष्ट अमेरिकी अधिकारियों, कर्मचारियों, सैनिकों व नागरिकों के नामों के खुलासे ने कई जानों को जोखिम में डाल दिया. सरकारों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े राज़ रखने का हक है और एक वाजिब वजह से गोपनीयता का सम्मान किया जाता है. यह भी सच है कि कई मामलों में, विकीलीक्स ने गुप्त दस्तावेज हाथ लगने पर आवश्यक जांच-परख के लिए मीडिया संगठनों से साझेदारी की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वही उजागर हो जो जनहित में है. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### फल/फलक

**गीता** में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है-कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन. मतलब कर्म करना ही तेरा अधिकार है, फल की इच्छा मत करो. यही बात संन्यासी फिल्म के लिए गीत लिखकर गीतकार एम जी हस्मत ने भी कही है-करम किये जा फल की इच्छा मत कर ऐ इंसान, जैसे करम करेगा, वैसे फल देगा भगवान. ये है गीता का ज्ञान. फल तो ऐसा शब्द है कि इस से हर कोई परिचित है. इसके सामान्य अर्थ से लेकर लक्षार्थ और व्यंग्यार्थ तक आम बोलचाल की भाषा में सहज ही महसूस कर लिया जाता है. फिर भी इस शब्द पर कुछ विशेष जानकारी की आवश्यकता महसूस हो रही है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार फल संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. मोटा-मोटी तौर पर फल पेड़-पौधों से प्राप्त गूदेदार बीज कोश को कहते हैं. जैसे अनार, अमरूद, आम आदि. गीता के ज्ञान के आलोक में फल को कर्म से जोड़ा जाता है, जिसका अर्थ है परिणाम. आशय यह कि अच्छा या बुरा फल कर्म पर ही निर्भर करता है. कर्म अच्छे होंगे तो परिणाम भी अच्छा होगा. कर्म बुरे होंगे तो परिणाम भी बुरा ही होगा. आपने सुना होगा- बुरे कर्म का बुरा नतीजा, क्या भाई चाचा, हां भतीजा. मतलब यह कि फल के पर्यायवाची शब्द परिणाम और नतीजा भी हैं. परीक्षा लिखी और उसका परिणाम आ गया तो उसे परीक्षा फल कहते हैं. आपने कोई काम किया है और उसका परिणाम सामने आ गया तो उसे कर्म फल कहते हैं. गणित में जोड़, घटाव, गुणा या भाग जैसी क्रियाओं का अंतिम परिणाम भी फल ही कहलाता है. लाभ तो फल है ही. तलवार की धार या तीर, बर्छी के अगले भाग को भी फल कहते हैं. हिंदी में फलक शब्द दो भाषाओं संस्कृत और अरबी से आये हैं. संस्कृत मूल वाले फलक का अर्थ है लकड़ी का तख्ता, पटल, पट्टी, पुस्तक का पृष्ठ, तीर की नोंक. वहीं अरबी भाषा के फलक के पर्यायवाची शब्द हैं आकाश, आसमान, गगन, नभ.

# देश सेवा के अखाड़े में एक नया अखाड़ेबाज

• तीर-तुक्का

सूर्यबाला



यह खबर चारों तरफ आग की तरह फैल गई कि मैं देश-सेवा के लिए उतरने वाला हूं. उसने सुना, भागा आया और मेरे निर्णय की दाद दी. बधाई-संदेशों का तांता लग गया- 'सुना, आप देश-सेवा पर उतर रहे हैं, ईश्वर देश का भला करें!' प्रस्ताव-पर-प्रस्ताव आने लगे कि बाइ द वे, शुरुआत कहां से कर रहे हैं? कौन-सा एरिया चुन रहे हैं? मैंने सोचा, जगहें तो सारी एक-सी हैं, ऐसे स्कोप कहां नहीं हैं! लेकिन जब कहा जा रहा है, ऑफर मिला है तो उन्हीं के एरिया से शुरुआत हो जाए. मेरा निश्चय सुनते ही प्रेस वाले दौड़े आए और आग की तरह फैलती इस खबर में घी डाल गए. शाम को उस एरिया के व्यापारी-संगठन का प्रमुख आया और आजिजी से बोला, 'देश-सेवियों का भोजन तो अत्यंत संतुलित और नियमित होता है. साहब तो अनाज को हाथ नहीं लगाते थे और देख लीजिए काठी ऐसी है कि सत्तर की उम्र में सत्ताईस वालों को बगल में दबाकर घूमें. अखाड़ेबाजों-सा सधा और तना हुआ शरीर सिर्फ मीनू की बदौलत ही तो है! बाइ द वे आपका मीनू?' 'मैंने झेंपकर कहा, 'अभी बनाया नहीं....' 'वह बेतकल्लुफी से बोला, 'क्यों शर्मिंदा कर रहे हैं आप? आप इस एरिया के जनसेवक होकर आ रहे हैं और खरीदकर मेवे खाएंगे 'लानत नहीं होगी, इस जमीन के बाशिंदों के लिए? आखिर हम किस मर्ज की दवा हैं? आज ही सूखे मेवों का एक टोकरा भेजे देते हैं. मैंने जल्दी से कहा, 'नही-नहीं, आपके मेवे...' मैंने ससंकोच उन्हें समझाने की कोशिश की, 'लगता है, आप लोगों को कुछ गलतफहमी हो गई है-मैं तो यहां देश-सेवा के इरादे से आया हूं.' उन्होंने फौरन कहा, 'लीजिए, तो हम कौन-से देश के बाहर हैं? हम भी तो उसी देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है, प्रदूषण की. हमें कोई गलतफहमी नहीं है! और एक बात आपको भी याद दिला दें कि आप भी किसी गलतफहमी में न पड़िएगा, यह इलाका जितना आपका है उतना ही हमारा भी. इतना ध्यान रखिएगा, देश-सेवा के क्षेत्र में रहकर हमारे जैसे देशवासियों से द्रोह न मोल लीजिएगा! बाकी जिम्मेदारी हमारी. न वोट की कमी होने देंगे, न नोट की. आप चैन से सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र के पिछड़े हुए तमाम काम कीजिए, चाहे काम तमाम कीजिए.' इस प्रकार धमकी भरे आश्वासन और आश्वासन-भरी धमकियां देते हुए भूतपूर्व मंतरी के संतरी और उसके बिरादरों ने अपने-अपने क्षेत्रों को गमन किया और उस विचारोत्तेजक धमकी से प्रेरित हुआ मैं, ओ मेरे क्षेत्रवासियों, आपके नाम यह संदेशनुमा धमकी जारी करता हूं कि चूंकि मुझे अब कुछ भरोसेमंद साथी मिल गए हैं, अतः मैं बेखौफ, बेहिचक आपके क्षेत्र की सेवा के अखाड़े में कूदने वाला हूं. सावधान!

# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : प्रियंका चोपड़ा

## जानिए, ये हैं प्रियंका के डाइट सीक्रेट



लुक्स, फैशन सेंस, फिटनेस से लोगों को दीवाना बनाने वाली प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड ही नहीं, हॉलीवुड में भी अपना मुकाम बनाने में सफल रहीं. प्रियंका अपनी फिटनेस के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करती हैं. डाइट और वर्कआउट को लेकर प्रियंका काफी बातों को ध्यान में रखती हैं. कई साक्षात्कारों में प्रियंका ने अपनी डाइट और फिटनेस से जुड़े सीक्रेट शेयर किए हैं. आइए जानते हैं हेल्दी रहने के लिए प्रियंका किस डाइट और वर्कआउट रूटीन को फॉलो करती हैं.
प्रियंका चोपड़ा खुद को एक आम पंजाबी की तरह फूडी बताती हैं जो दिन भर खाने के बारे में ही सोचती रहती हैं. हालांकि प्रोफेशन के कारण इस बात का ध्यान रखती हैं कि उनकी डाइट पोषक तत्वों से भरपूर हो. वह ब्रेकफास्ट में ओटमील, दो अंडो का ऑमलेट, टोस्ट, स्किम्ड मिल्क, एवोकाडो आदि ही लेती हैं. खाती हैं. इसके अलावा, वह इडली या डोसा लेना भी पसंद करती हैं. कभी कभी खूब सारी सब्जियों से तैयार पोहा, उपमा या दलिया भी लेती हैं. जब वह इंडिया में होती हैं, तब नाश्ते में पराठे खाना पसंद करती हैं. ब्रेकफास्ट में इस बात को लेकर भी आश्वस्त होती हैं कि वह पर्याप्त प्रोटीन से युक्ति हो.
दोपहर के भोजन के लिए वे घर का बना खाना पसंद करती हैं. इसमें आमतौर पर रोटी, भिंडी/लौकी या कोई अन्य हरी सब्जी, दाल, आलू गोभी, अचार, दही और सलाद आदि शामिल होता है. रोटी आमतौर पर रागी के आटे से बनी रोटी प्रोटीन से भरपूर और ग्लूटेन फ्री होती है. कभी कभी दही चावल या चावल दाल भी शौक से खाती हैं. अमेरिका में सबसे आम लंच सलाद के साथ रोस्टेड फिश होता है. स्नैक्स टाइम में भूने मखाने, नट्स, सीड्स आदि के साथ नारियल पानी, बटर मिल्क आदि होता है. रात के खाने में सूप, ग्रिल्ड चिकन-फिश, उबले अंडे आदि शामिल करती हैं. डिनर हमेशा प्रोटीन से भरपूर होता है. खुद को हाइड्रेट रखने के लिए प्रियंका दिन भर में 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीती हैं. वीकएंड उनका चीट डे होता है जब वे चाट, केक, चॉकलेट, तंदूरी फूड आदि खाती हैं, पर एक सीमा में ही. फिटनेस के लिए जिम में नियमित पसीने बहाती हैं. कार्डियो एक्सरसाइज, स्विमिंग, योगा आदि करती हैं.

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## सबसे अधिक लोकप्रिय वृक्ष "फुटकल" अर्थात "पाकर"



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

झारखंड में फुटकल अर्थात पाकर अर्थात पाकड़ नाम से पहचाने जाने वाली वृक्ष घरेलू पारंपरिक उपचार और अचार के लिए प्रसिद्ध है. हिंदी में पाकर कहते हैं और बोल-चाल में फुटकल का वृक्ष नाम से पुकारते हैं. लैटिन में फाईकस वीरेन्स कहते हैं. यह छाया प्रधान पेड़ है. शीतल, ब्रण, योनिरोग, दाह, पित्त, कफ, सूजन, रक्तविकार में लाभकारी होता है. महिलाओं को विशेष रूप में खाना चाहिए.
झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में पाकर के टुसा अर्थात निकलने वाले पत्तों के प्रारंभिक अवस्था के भाग को अर्थात पूर्व पल्लवित भाग को तोड़ कर बिक्री करते पाए जाते हैं. पूर्व पल्लवित भाग(टुसा ) औसतन मार्च माह और अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक ही प्राप्त होता है. टुसा कोमल और खट्टे होते हैं. पत्ते कोमल और हरित वर्ण के होते हैं. पुष्प दिखते नही हैं. कच्चे फल हरा और पक जाने पर सफेद दिखते हैं.
इसका संवर्धन प्राकृतिक द्वारा बनाए नियमों के तहत ही बीज से हो सकता है. जैसे पक्षी पहले खाते हैं और फिर बीठ त्याग के बाद भूमि पर आने के बाद ही नया पौधा प्राप्त होता है. ऐसे शाखा से संवर्धन आसानी से हो जाता है. इस वृक्ष के पतली शाखा के छोटे टुकड़े को लगा देने से नया पौधा प्राप्त हो जाता है.
झारखंड में फ़रवरी माह में पतझड़ के बाद मार्च माह में नव पल्लवित (टुसा) को तोड़ कर सुखाकर रख लेते हैं और सुविधाजनक इसका उपयोग खाने में करते हैं. चावल के माड़ संग टमाटर इत्यादि डाल कर एक व्यंजन बनाते हैं जो पाचन क्रिया, कब्ज नाशक, पेट के लिए गर्मियों में काफी फायदेमंद साबित होता है. मैंने



तस्वीर : अनिल कुमार पाठक

आदरणीय आदिवासी गण के घरों में काफी सेवन किया है और बहुत ही पवित्र भाव से बनाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि गर्मियों में इसका सेवन शरीर के लिए लाभदायक है. झारखंड में पारंपरिक औषधि अर्थात पेट संबंधित साधारण रोग से पीड़ित रोगी को घरेलू नुस्खे के रूप में इस्तेमाल करते हैं.
पाठक विगहा गांव के वैद्य जनार्दन पाठक और वैद्य सह पुजारी चंद्रशेखर पाठक का कहना था कि रक्तविकार नाशक औषधी है. हमारे अनुभव के अनुसार रक्त कैंसर में आहार चिकित्सा के तहत इसका उपयोग भारत सरकार को करवाना चाहिए. औषधीय पौधों के पहचान और व्यवहारिक ज्ञाता लातेहार के एन.के.मिश्रा के अनुसार पेट और गैस वाले रोगी को सालों पर आहार चिकित्सा के तहत सेवन करना चाहिए. इस औषधीय वनस्पति का दोहन अवैज्ञानिक तरीके से हो रहा है और पारंपरिक तरीके का लोप होने के चलते ग्रामीणों युवा पीढ़ी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे पाकर नामक औषधीय वृक्ष विलुप्त हाते जा रहे हैं. भारत सरकार को विभिन्न स्तरों पर ऐसे वनस्पतियों पर शोध टीम बनाकर सूक्ष्म शोध करवाना चाहिए जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान मानव जीवन के लिए उपयोगी साबित हो सके. **(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

## पुरुषों में बढ़ती इंफर्टिलिटी

# उम्मीदों के ये दस कदम

विश्व प्रसिद्ध जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक रिपोर्ट की मानें तो साल 1950 में भारत में प्रजनन दर यानी प्रति महिला जन्म दर 6.2 थी जो साल 2021 में घटकर 2 से भी कम हो गई है. यह रिपोर्ट चौंकाने वाला है. अपने देश की पहचान दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के रूप में है. गर यहां प्रजनन दर लगातार घटती जा रही है तब वह दिन दूर नहीं जब यह घटती दर एक समस्या के रूप में सामने आए. रिपोर्ट के मुताबिक साल 2050 तक इसके और ज्यादा कम होने का अनुमान है. रिपोर्ट के अनुसार, साल 2050 प्रजनन दर 1.29 तो साल 2100 में यह दर घटकर 1.04 तक पहुंच सकती है. इस रिपोर्ट से पहले भी एक गैर सरकारी संगठन के अध्ययन में जाहिर हुआ था कि भारत के 15-20% जोड़े इंफर्टिलिटी यानी संतान को जन्म देने की अक्षमता से गुजर रहे हैं. इनमें 40% मामले पुरुषों की अक्षमता से जुड़ी है, 40% महिलाओं की अक्षमता से और 20% दोनों से संबंधित है. इंफर्टिलिटी की स्थिति जोड़ों को मानसिक-शारीरिक-आर्थिक और सामाजिक संताप से जूझते हैं. इंफर्टिलिटी क्यों होता है, इसका जवाब बेहद विस्तृत है और बिना उपयुक्त जांच के किसी नतीजे पर कहना बेमतलब है. बावजूद इसके, यह सच्चाई है कि हमारी जीवनशैली इसे बहुत प्रभावित करती है और इसमें किए गए छोटे-छोटे बदलाव कई बार बेहद सुखद परिणाम लाते हैं. आइए, आज इन्हीं छोटी-छोटी बातों की करें चर्चा-



### 1. भावनात्मक जुड़ाव



प्रजनन क्षमता में कमी की समस्या झेल रहे पुरुषों को सबसे पहले खुद को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना चाहिए. इसका सबसे आसान तरीका है साथी के संग संबंध में मधुरता और आपसी समझ बढ़ाना. एक दूसरे के साथ समय गुजारना. साथ खाना, टहलना, घूमना...यह वह सभी गतिविधि में शामिल होना जो दोनों के लिए सुखद हो. मन की बातें और उलझने एक-दूसरे से साझा करें. इससे तनाव कम होगा और शरीर में हैपी हॉर्मोन्स का स्तर बढ़ेगा. यह स्थिति स्पर्म काउंट को बेहतर करने में सहायक होती है.

### 2. ये योगासन कारगर

कुछ खास योग हैं, जो पुरुषों में प्रजनन क्षमता बढ़ाने का माद्दा रखती हैं. इनमें पादहस्तासन, सर्वांगासन, धनुरासन, हलासन और उष्ट्रासन आदि की चर्चा कर सके हैं. इन योगासनों से पेल्विक मसल्स मजबूत होती हैं. जनानांगों में रक्त का प्रवाह तेज होता है. स्पर्म काउंट बढ़ता है.

### 3. इन रोगों पर नियंत्रण जरूरी


तनाव, एंग्जाइटी, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के साथ ही इरेक्टाइल डिसफंक्शन और प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां खासतौर पर पुरुषों की प्रजनन क्षमता को कमजोर करती हैं. बेहतर जीवनशैली के माध्यम से इन रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है. आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक से संपर्क करें और रोग पर समय रहते लगाम लगाएं.

### 4. अतिरिक्त वजन कम करें



हावर्ड यूनिविर्सटी के रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार ऐसे पुरुष जो अधिक वजन वाले हैं, मोटापे के शिकार हैं, उनकी शुक्राणुओं की संख्या कम हो जाती है. इतना ही नहीं, उनके शुक्राणु की गुणवत्ता भी कम हो जाती है. कई रिसर्च में यह जाहिर कि शरीर में अत्यधिक वसा टेस्टोस्टेरोन स्तर जैसे प्रजनन हार्मोन के स्तर में बदलाव और कमी ला सकती है, जिससे पुरुषों में बांझपन हो सकता है. सच पूछिए तो मोटापा और कम वजन दोनों ही प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं. इसलिए बेबी प्लान कर रहे हैं तो संतुलित आहार का सेवन करें. शारीरिक सक्रियता पर ध्यान दें. सुबह शाम कम से कम 30 मिनट तेज कदम से चलना या कोई व्यायाम करें. रिफाइंड ऑयल, सफेद चीनी, मैदा, जंक फूड आदि का उपयोग कम करें. स्वस्थ शरीर के वजन को बनाए रखने में मदद मिल सकती है.

### 5. धूम्रपान-शराब से दूरी




धूम्रपान का प्रजनन क्षमता से सीधा संबंध है. धूम्रपान शुक्राणु की गुणवत्ता को प्रभावित करता है. इसकी वजह से शुक्राणुओं की संख्या कम हो जाती है, शुक्राणु की गति में कमी आती है और शुक्राणु की गुणवत्ता प्रभावित होती है. हाल के अध्ययनों के अनुसार, यदि आप धूम्रपान करते हैं तो महिला के अंडे को निषेचित करने की शुक्राणु की क्षमता भी कम हो जाती है. इसीतरह बहुत अधिक शराब भी पुरुष बांझपन का कारण बनती है. यह शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता और संख्या तीनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है.

### 6. एंटीऑक्सीडेंट सेवन करें




एंटीऑक्सीडेंट पुरुषों में प्रजनन क्षमता बढ़ाते हैं. मिशिगन यूनिवर्सिटी के एक रिपोर्ट के अनुसार उन पुरुषों में डीएनए क्षतिग्रस्त शुक्राणुओं में भारी कमी देखी गई, जिन्होंने अपने आहार में एंटीऑक्सीडेंट का सेवन किया.
सीप, केकड़े, लाल मांस, बीन्स आदि जिंक से भरपूर होते हैं. इसी तरह पपीता, जामुन, खट्टे फल में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होती है. एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर भोजन

### 7. तनाव को कम करें



तनाव इनफर्टिलिटी का बड़ा कारण माना जाता है. बेहतर हो कि इस बाबत चिंता छोड़ कर खुद को पसंदीदा कामों में व्यस्त रखें. संगीत सुनें. दोस्तों के साथ समय गुजारें. पार्टनर के साथ मौका मिलते ही कहीं घूमने निकल जाएं. तनाव को कम करने के लिए योगा, एक्सरसाइज और मेडिटेशन को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करें.

### 8. पर्याप्त नींद लें



हार्मोनल संतुलन और समग्र कल्याण का समर्थन करने के लिए एक अच्छी नींद का लेना बहुत जरूरी है. प्रति रात 7-9 घंटे की नींद लें. कई बार नींद ठीक न होने के कारण भी प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है.

### 9. टाइट कपड़े न पहनें



कई शोध में जाहिर हुआ है कि अगर पुरुष ज्यादा टाइट कपड़े या अंडरगारमेंट पहनते हैं, तो इससे उनके टेस्टिकल्स शरीर से चिपक जाते हैं. शरीर का तापमान ज्यादा गर्म होता है टेस्टिकल्स की तुलना में जिससे उनमें ठीक से स्पर्म नहीं बन पाता है. टेस्टिकल्स का शरीर से बाहर होने का मतलब है कि उन्हे ठंडा रखा जा सके. इसलिए पुरुषों के लिए ढीले अंडरवियर पहनने की सलाह दी जाती है.

### 10. पौष्टिक आहार लें



अन्य कई शारीरिक समस्या की तरह इंफर्टिलिटी के लिए भी पौष्टिकता मायने रखती है. संतुलित भोजन करें जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और स्वस्थ वसा शामिल हों. एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे जामुन, पत्तेदार साग और नट्स शामिल करें. इससे भी फर्टिलिटी अच्छी होती है.

## तो दिमाग रहेगा एक्टिव

*हमारी लाइफ स्टाइल और गलत खान की आदत हमारे मस्तिष्क और उसके काम करने की क्षमता पर असर डालती है. इसलिए अपनी रूटीन डाइट में कुछ ऐसे न्यूट्रीशनल फूड शामिल करना जरूरी है जो इसपर बेहतर प्रभाव डाले. आइए, आज ऐसे ही कुछ फूड की करें चर्चा-*

- **जिंक** - जिंक से मस्तिष्क से डोपामिन रिलीज होता है जो याददाश्त बढ़ाने और ध्यान लगाने के लिए बढ़िया है. इसलिए हरी सब्जियां अपनी डाइट में शामिल करना जरूरी है.
- **कॉपर और आयरन** - मस्तिष्क के विकास के लिए यह पौष्टिक तत्व बहुत जरूरी है. मीट, कद्दू के बीज, दही-दूध, साबुत अनाज, चिकन, बींस आदि कॉपर रिच खाद्यपदार्थ हैं. इन्हें डेली डाइट में शामिल करें तो मेमोरी बूस्ट होगी. अनार, चुकंदर खजूर काले अंगूर जैसी चीज आयरन रिच होती हैं. आयरन रिच फूड मस्तिष्क को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन देता है जिससे मस्तिष्क स्वस्थ और एक्टिव रहता है.



- **मैग्नीशियम** - इस पौष्टिक तत्व से मस्तिष्क से ऐसे केमिकल रिलीज होते हैं जो मस्तिष्क की याद रखने की क्षमता को बढ़ाते हैं.
- **सुपर फूड** - डार्क चॉकलेट, पालक, केला, बादाम, ब्राउन राइस, मूंगफली, काली मिर्च, मखाना आदि अपने डाइट में शामिल करें.

**ये भी काम के** : ब्रेन को एक्टिव रखने के लिए कुछ गेम्स जैसे सुडोकू, पजल्स उपयोगी हैं. किताबें पढ़ने की आदत भी बेहतर परिणाम दिलाती है. मस्तिष्क को तेज करने वाले व्यायाम काफी फायदेमंद हैं. इन्हें करने से मस्तिष्क में अच्छे केमिकल रिलीज होते हैं जो खुश रखते हैं और मस्तिष्क को भी सक्रिय रखने में हमारी मदद करते हैं.

## घर का डेंटिस्ट "एलोवेरा"

*आंगन या बालकोनी के छोटे से गमले में भी बिना खास देखभाल के उगने-बढ़ने वाला एलोवेरा हमारे दांतों के स्वास्थ्य में लाभदायक है. सलीके से इसका इस्तेमाल हो तो यह कमजोर दांतों को मजबूत बना सकता है, मसूड़ों की समस्या दूर कर सकता है, कैविटी को दूर करता है, यहां तक की कैंसर सेल्स को बढ़ने से भी रोकता है. ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि योग गुरु राम देव ने कई मंचों पर कहा. साथ ही देश-विदेश में हुए कई शोधों में भी इसकी पुष्टि हुई है.*

### बाबा का दावा

योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव का मानना है कि इसकी पत्तियों को चबाने से हिलते हुए दांत बंद हो जाते हैं. टूथब्रश पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल या पाउडर लगाकर दांत साफ किया जा सकता है. यह मसूड़ों को आराम पहुंचाता है और किसी भी तरह के संक्रमण या घाव को ठीक करता है. बकौल बाबा रामदेव जिन लोगों के दांत कमजोर हैं उन्हें एलोवेरा चबाना शुरू कर देना चाहिए. इससे हिलते हुए कमजोर दांत मजबूत बन सकते हैं. बाबा का दावा है कि उन्होंने ऐसा कर दिखाया है. महाराष्ट्र का एक व्यक्ति उनके पास आया था जिसके सारे दांत हिल रहे थे लेकिन जब उन्होंने इसे चबाना शुरू किया तो, उन्हें बहुत लाभ हुआ. एलोवेरा बहुत ज्यादा सॉफ्ट होता है और इसे वो भी चबा सकते हैं जिनके दांत कमजोर होते हैं या दांत होते ही नहीं हैं. इसका ज्यादा लाभ लेने के लिए आप इसे कच्चा चबा सकते हैं. बाबा रामदेव का कहना है कि मसूड़ों को स्वस्थ रखने में एलोवेरा जूस भी कारगर है.

### रिसर्च रिपोर्ट में पुष्टि

एलोवेरा पर किए गए कुछ शोध अध्ययनों से पता चला है कि यह दंत चिकित्सा में इस्तेमाल किया जा सकता है. जर्नल ऑफ डेंटल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक मरीज के बारे में लिखा है जिसके दांत निकाले गए थे और उसके बाद घाव को एलोवेरा के गाढ़े रस से धोया गया और फिर एलोवेरा जेल और एलोवेरा की पत्ती को घाव वाली जगह पर लगाया गया. इस उपचार से मसूड़े जल्दी ठीक हो गए. जर्नल ऑफ द एकेडमी ऑफ जनरल डेंटिस्ट्री में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि एलोवेरा जेल का उपयोग दांतों को साफ करने और कैविटी पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए किया जा सकता है. एक अन्य शोध में देखा गया कि यह कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है और रेडियोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करता है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### अय्यर को झटका, लगा 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए.आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. यह रॉयल्स की सात मैचों में छठी जीत थी जबकि केकेआर को छह मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा.

### डोर्टमंड चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

**डोर्टमंड (जर्मनी)।** मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरूसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हरा कर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई. मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा. जूलियन ब्रेंट ने डोर्टमंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद सेबिटजर के पास पर मियान मैटसन ने गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया.

### पैरा तीरंदाज शीतल ने जीता रजत पदक



**नयी दिल्ली।** एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता. वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं. डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं.इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था.

### बार्सीलोना को हरा पीएसजी लीग के अंतिम चार में

**बार्सीलोना (स्पेन)।** एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई. काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई. फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है.

**आईपीएल संभावना :** आगे बढ़ना है, तो अब करना होगा चमत्कार

# अभियान को पटरी पर लाने के इरादे से आज उतरेंगे पंजाब और मुंबई

एजेंसी। मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीमों की जंग में गुरुवार को यहां जब आमने-सामने होंगे, तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे. छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं. दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है. पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइनस 0.234) आठवें स्थान पर है. पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं. दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे. पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण सात से 10 दिन के लिए बाहर हो गए हैं.

**पंजाब का प्रदर्शन चिंताजनक :** इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है. प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है. वह छह मैच में 19.83 की औसत से 119 रन ही बना पाए हैं. भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए भी यही कहा जा सकता है. विश्व कप टीम के लिए चयन निकट आने के साथ जितेश अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे, जो अब तक छह मैच में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं. पंजाब को सैम कुरेन (126 रन और आठ विकेट) और कागिसो रबादा (नौ विकेट) की अपनी विदेशी गेंदबाजी जोड़ी के लिए अधिक समर्थन ढूंढ़ना होगा. अर्शदीप सिंह (नौ विकेट) और हर्षल पटेल (सात विकेट) की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी बल्लेबाजों के लिए आसान शिकार रही है.




**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा और ल्यूक वुड.

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

### मुंबई को एकजुट प्रदर्शन की जरूरत

मुंबई इंडियंस को पता है कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त क्षमता है, लेकिन उन्हें लगातार एकजुट होकर प्रदर्शन करने की जरूरत है. दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो जीत से उनका लगातार तीन हार का क्रम टूटा, लेकिन रोहित शर्मा के शतक के बावजूद चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम को हार मिली. हार्दिक पंड्या की फॉर्म और टीम में भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं. इस ऑलराउंडर ने गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी साझा करने की कोशिश की है, लेकिन उनकी 12 की इकोनॉमी रेट चिंताजनक है. गेराल्ड कोएट्जी (नौ विकेट) और आकाश मधवाल (चार विकेट) ने भी प्रति ओवर 10 रन से अधिक की दर से रन दिए हैं. बल्ले से भी पंड्या टीम को मजबूती देने में नाकाम रहे हैं.साथ ही पंड्या ने इस सत्र में अब तक खेले सभी मैच में विभिन्न स्टेडियमों में प्रतिकूल माहौल का सामना किया है, जिसका किसी खिलाड़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में रोहित और इशान किशन की फॉर्म मुंबई इंडियंस के लिए महत्वपूर्ण हो गई है. चोट के बाद वापसी करते हुए सूर्यकुमार यादव ने अब तक मिश्रित परिणाम दिए हैं.

पर्पल के लिए भी इन तीन के बीच लड़ाई जारी

## दो शतक के बावजूद ऑरेंज कैप से कोसों दूर हैं जोस बटलर

एजेंसी। नयी दिल्ली



जोस बटलर ने आईपीएल 2024 के 31वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी खेल राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई. यह बटलर का इस सीज़न दूसरा शतक रहा. इससे पहल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बटलर के बल्ले से शतक निकला था, तब भी उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद शतकीय पारी खेली थी. अब आप सोच रहे होंगे कि दो शतक लगाने के बाद तो बटलर ने पर्पल कैप पर कब्ज़ा जमा लिया होगा, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है. सीज़न में दो शतक लगा चुके बटलर तो ऑरेंज कैप की रेस से कोसों दूर हैं. मौजूदा वक्त में ऑरेंज कैप विराट कोहली के सिर पर सजा हुआ है, जिन्होंने 7 पारियों में 72.20 की औसत और 147.35 के स्ट्राइक रेट से 361 रन बना लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकल चुके हैं. वहीं जोस बटलर की बात करें तो दो शतक लगाने के बाद वह सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की फेहरिस्त में आठवें नंबर पर हैं. बटलर ने अब तक 6 पारियों में 62.50 की औसत और 147.93 के स्ट्राइक रेट से 250 रन बना लिए हैं. सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की लिस्ट में राजस्थान रॉल्स के रियान पराग दूसरे नंबर पर हैं. रियान ने अब तक 7 पारियों में 63.60 की औसत और 161.42 के स्ट्राइक रेट से 318 रन बना लिए हैं. इस लिस्ट में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन 276 रनों के साथ तीसरे, केकेआर के सुनील नरेन 276 रनों के साथ चौथे और मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा 261 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं.

हाथ मिलाया और गले भी लगाया

## शाहरुख की वजह से पूरा हुआ यशस्वी जायसवाल का ख्वाब!

एजेंसी। कोलकाता



यशस्वी जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के शानदार खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं. लेकिन वे इस सीजन में कुछ खास नहीं कर पाए हैं. यशस्वी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 19 रन बनाकर आउट हो गए. हालांकि जोस बटलर ने शतक लगाकर टीम को जीत दिला दी. राजस्थान-कोलकाता के मैच के बाद बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान ने खिलाड़ियों से मुलाकात. वे यशस्वी से भी मिले. राजस्थान रॉयल्स ने इसका एक वीडियो शेयर किया है. दरअसल राजस्थान ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है. इसमें यशस्वी, शाहरुख से मिलते हुए दिख रहे हैं. शाहरुख से मिलना उनका सपना रहा है. यशस्वी ने जैसे ही शाहरुख को देखा वे बेहद खुश हुए. शाहरुख जब यशस्वी से मिले तो उन्हें गले भी लगाया. यशस्वी ने उनको देखा और देखते ही रह गए. एक्स पर इस वीडियो को फैंस ने काफी पसंद किया है. कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट भी किया है.

यशस्वी के लिए आईपीएल 2023 बेहतरीन रहा था. उन्होंने 14 मैचों में 625 रन बनाए थे. इस दौरान एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए थे. लेकिन वे इस सीजन में कुछ खास नहीं कर पाए हैं. यशस्वी 7 मैचों में 121 रन ही बना सके हैं. वे आरसीबी के खिलाफ जीरो पर आउट हो गए थे. पंजाब के खिलाफ 39 रन बनाए थे. यशस्वी ने गुजरात के खिलाफ 24 रन बनाए थे. मुंबई के खिलाफ 10 रन ही बना सके थे. दिल्ली के खिलाफ भी महज 5 रन बना पाए थे.

## सुनील नारायण को संन्यास वापस लेने के लिए मना रहे पावेल

एजेंसी। कोलकाता



**56** गेंद में 109 रन बनाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया

वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को ब्लॉक (फोन नंबर ब्लॉक करना) कर दिया है, जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है.अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था. लेकिन इस आईपीएल सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए नारायण को अपने फैसले को बदलने के लिए मनाने की कोशिश की गई है. नाइट राइडर्स के खिलाफ 224 रन के आईपीएल के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की दो विकेट की जीत के बाद पावेल ने कहा, पिछले 12 महीनों से मैं उसके कानों में यह बात डाल रहा हूं, उसने सभी को ब्लॉक कर दिया है. (कीरोन) पोलार्ड, (ड्वेन) ब्रावो, (निकोलस) पूरन से पूछा, उम्मीद है कि टीम का चयन करने से पहले वे उसे मना लेंगे.वर्ष 2012 से नाइट राइडर्स के अहम सदस्य नारायण ने मंगलवार को 56 गेंद में 109 रन बनाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया.नारायण नाइट राइडर्स के शीर्ष स्पिनर हैं और इस सत्र में उनके सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं. गेंद के साथ उनके नाम सात विकेट दर्ज हैं और उन्होंने 6.87 रन प्रति ओवर की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं. पावेल ने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, यह देखने के लिए बहुत अच्छी पारी थी. सुनील ने इस सत्र में नाइट राइडर्स के लिए शीर्ष पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है. वह वेस्टइंडीज का मेरा साथी खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगा. उन्हेंने कहा, वेस्टइंडीज का होने के नाते अपने हमवतन को आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते देखना हमेशा अच्छा लगता है.

### कोहली और धौनी जैसे भरोसा बनाते हैं, मैंने भी ऐसा किया: बटलर

**कोलकाता ।** राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने कहा कि आईपीएल में अजीब चीजें होती देखी हैं और उन्होंने विराट कोहली तथा महेंद्र सिंह धौनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की.बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए जिससे राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार रात नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया. बटलर को पारी के अंत में चलने में भी दिक्कत हो रही थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. रिकॉर्ड 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स का स्कोर 13वें ओवर में छह विकेट पर 121 रन था जिसके बाद बटलर ने पासा पलट दिया.बटलर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विश्वास कायम रखना, यही आज सफलता की असली कुंजी है. मैं लय के लिए थोड़ा संघर्ष कर रहा था. कभी-कभी आप निराश महसूस करते हैं या आप खुद से सवाल कर रहे होते हैं. मैं खुद से कहता हूं कि यह ठीक है, आगे बढ़ते रहो, आप अपनी लय वापस पा लेंगे और शांत बने रहने की कोशिश करो.

## बल्लेबाज के रूप में नारायण की सफलता का श्रेय गंभीर को: रिंकू

एजेंसी। कोलकाता



**15** गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक बनाया

रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना मास्टरस्ट्रोक (चीजें बदलने वाला कदम) साबित हुआ है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में भेजने का श्रेय टीम के मार्गदर्शक गौतम गंभीर को जाना चाहिए. नारायण ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बनाकर अपना पहला टी20 शतक बनाया.मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर उनकी फॉर्म उल्लेखनीय रही है. उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे, जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में 276 रन बना चुके हैं.ईडन गार्डन्स में यादगार शतक बनाने के बाद नारायण ने 2017 के बाद पहली बार पारी का आगाज करने का मौका देने के लिए पूर्व कप्तान गंभीर को श्रेय दिया.रिंकू ने भी मैच के बाद नारायण से सहमति जताई. उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आप देख सकते हैं कि नारायण इस समय किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं. हर मैच में वह रन बना रहे हैं, पारी का आगाज कर रहे हैं और यह केवल उनका (गंभीर का) विचार था. नारायण 2017 में गंभीर की कप्तानी में एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उभरे, जब उन्होंने 15 गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक बनाया. बाद में लोकेश राहुल (14), पैट कमिंस (14) और यशस्वी जायसवाल (13) ने इसमें सुधार किया. पहले नारायण हर गेंद पर सिर्फ अपना बल्ला घुमाते थे, लेकिन इस बार कौशल और संयम के साथ बल्लेबाजी करते नजर आ रहे हैं. इस बदलाव के बारे में पूछे जाने पर रिंकू ने कहा, कुछ खास नहीं बदला है. यह नेट्स पर उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है. उन्होंने कहा, मैंने बस एक बदलाव देखा है - वह अब अधिक धैर्यवान हैं. पहले वह हर गेंद पर अपना बल्ला घुमाता थे, अब उन्होंने खुद को संयमित कर लिया है और गेंद के अनुसार खेल रहे हैं. वह समझदारी से बल्लेबाजी कर रहे हैं.

**कैंडिडेट्स शतरंज** भारत के लिए आनेवाले दौर चुनौतीपूर्ण, करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन

# करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा का सामना नाकमुरा से

एजेंसी। टोरंटो



रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे, तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीत कर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी. आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा. टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है. विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है.शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है.

**अगला दौर तय करेगा टूर्नामेंट की दिशा :** अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे, जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है. ये दो मैच संभवतः टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं. गुकेश के लिए करूआना के खिलाफ मुकाबला महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलेगा.इतालवी अमेरिकी करूआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है. गुकेश 12वें दौर में सबसे निचले स्थान पर मौजूद अजरबेजान के निजात अबासोव को हराने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बशर्ते वह करूआना को रोकने में सफल रहें. काले मोहरों के साथ अजरबेजान के अबासोव के खिलाफ खेलने वाले गुकेश निश्चित रूप से जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. अबासोव को हालांकि सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिलेगा.

### प्रज्ञानानंदा के लिए दो मुकाबले महत्वपूर्ण

भारतीय दृष्टिकोण से प्रज्ञानानंदा के अगले दो दौर के मुकाबले सबसे अधिक महत्वपूर्ण होंगे. भारतीय खिलाड़ी ने पिछले विश्व कप में नाकामुरा को हराया था और इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे, विशेषकर विदित से सीख लेते हुए जिन्होंने अमेरिकी के खिलाफ अपने दोनों मुकाबले जीते हैं. नाकामुरा के बाद प्रज्ञानानंदा को नेपोमनियाची से भिड़ना है और अगर इस भारतीय ने इन दोनों बाजियों के दबाव को झेल लिया तो वह विजेता को दी जाने वाली 48 हजार यूरो की इनामी राशि के दावेदार हो सकते हैं.

### महिला वर्ग में भारत की चुनौती लगभग समाप्त

महिला वर्ग में मुकाबला चीन की दो खिलाड़ियों झोंगयी टैन और टिंगजी लेई के बीच है जो बाकियों से बेहतर साबित हुई हैं.कागजों पर कोनेरू हंपी के पास अब भी मौका हो सकता है लेकिन व्यावहारिक रूप से इस वर्ग में भारतीय खिलाड़ी की चुनौती लगभग समाप्त हो गई है. शीर्ष पर चल रही चीन की दोनों खिलाड़ियों के समान 6.5 अंक हैं. रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना और कैटरीना लेगनो 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं.

## पेरिस ओलंपिक में अमेरिका और चीन के अधिकतर पदक जीतने की उम्मीद

एजेंसी। पेरिस



अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है.अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है. चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है. तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए तोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे. यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है. यह खेलों से पहले ओलंपिक खेलों से जुड़ी प्रमुख प्रतियोगिताओं पर भी नजर रखता है. ग्रेसनोट की रैंकिंग जीते गए कुल पदकों की संख्या पर आधारित होती है जबकि अन्य लोग रैंकिंग को स्वर्ण के कुल योग पर केंद्रित करते हैं.यह लगातार आठवीं बार होगा जब अमेरिका के ग्रीष्मकालीन खेलों में कुल पदक के मामले में सबसे अधिक पदक जीतने का अनुमान है. बार्सीलोना में 1992 में यूनिफाइड टीम पदकों की कुल संख्या के मामले में शीर्ष पर रही थी. वे एथलीट पूर्व सोवियत संघ से थे जो तब एक संप्रभु राज्य के रूप में टूट गया था.

## ब्रीफ खबरें

### तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर ।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, मादक पदार्थ की छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था. इसी क्रम में मंगलवार देर रात लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. भागलपुर पुलिस को सूचना मिली कि प्रशस्तडीह से घोघा जाने वाले रास्ते में कुछ व्यक्ति हथियार के बल पर राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे है. वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया.

### छापेमारी में देसी कट्टा व दुकानदार गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया आरएस थाना पुलिस ने चंद्रदेई वार्ड संख्या सात में तौसीफ आलम पिता मो.कलीम के दुकान में मंगलवार देर रात छापेमारी कर दुकान में छिपाकर रखा गया एक देसी कट्टा बरामद किया है. पुलिस ने गुप्त सूचना पर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर छापेमारी की. मौके से ही आरएस थाना पुलिस ने आरोपी दुकानदार तौसीफ आलम को गिरफ्तार कर लिया. इस बात की जानकारी सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने बुधवार को दी. पुलिस गिरफ्तार किए गए दुकानदार से हथियार को लेकर आवश्यक पूछताछ कर रही है.

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक की मौत

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार में टक्कर मार दी. इस टक्कर में कार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया. घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा के समीप की है. मृतक युवक की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के उलाव गांव के रहने वाले राजकुमार शर्मा के पुत्र सोनू कुमार शर्मा के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया है कि सोनू कुमार शर्मा अपनी कार चलाकर पत्नी को लाने के लिए ससुराल जा रहा था. तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पहसारा के पास कार में जबरदस्त टक्कर मार दी. इस हादसे में सोनू की मौत हो गई.



### महावीर मंदिर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**पटना ।** पटना के महावीर मंदिर में बड़ा हादसा टल गया. महाआरती के दौरान गर्भ गृह के बाहर आग लग गई. यह आग फूलों की सजावट में लगी थी. हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. इस दौरान मंदिर में दो सौ से ज्यादा लोग मौजूद थे. बता दें कि रामनवमी को लेकर मंगलवार मध्य रात्रि से महावीर मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी.



### शोभायात्रा में रामलला के रूप का हुआ दर्शन

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर शहर में रामनवमी पर अनोखी शोभा यात्रा और जुलूस आकर्षण का बड़ा केंद्र बना. यहां शहर के सिकंदरपुर से अनोखी शोभा निकाली गई. ये यात्रा शहर के अलग-अलग जगहों से होकर निकाली गई. इस शोभा यात्रा का लोगों ने स्वागत किया है और जय श्री राम के नारे भी लगाए गए. शोभा यात्रा में पहली बार अयोध्या के प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला के रूप का अनोखा दर्शन दिखा,

### लोकसभा चुनाव : बुधवार को पहले चरण का चुनाव प्रचार थम गया


# चार सीटों के 38 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा कल

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की चार सीट (औरंगाबाद, गया, जमुई,नवादा) पर बुधवार शाम पहले चरण का चुनाव प्रचार थम गया. बिहार की 4 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है. पहले चरण में मैदान में 38 उम्मीदवार हैं, जिसके भाग्य का फैसला होना है. राजनीतिक दलों ने पहले चरण की चार सीटों पर अपनी कमर कस ली है. शुक्रवार 19 अप्रैल को बिहार की दो सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों गया, जमुई तथा दो सामान्य संसदीय क्षेत्रों नवादा तथा औरंगाबाद में मतदान होंगे. पहले चरण की चार सीटों पर गया में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी तथा पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत तो औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह तथा राजद के अभय कुशवाहा आमने-सामने हैं. जबकि, नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर, राजद उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा, निर्दलीय विनोद यादव तथा गुंजन कुमार समेत आठ प्रत्याशी मैदान में हैं. जमुई में लोजपा आर के अरुण भारती तथा राजद की अर्चना कुमारी ताल ठोंक रहे हैं. एनडीए में जहां पांच दल भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम व रालोमो हैं वहीं महागठबंधन में छह दल-राजद, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, माले तथा वीआईपी हैं. दोनों गठबंधन आपस में बेहतर समन्वय बनाकर एक-दूसरे के वोट को ट्रांसफर कराने के प्रयासों में लगे हैं.

**नेताओं द्वारा क्षेत्र में कैंप किया जा रहा है :** पहले चरण की वोटिंग को लेकर राजग की बूथस्तर पर समन्वय समिति बनी है. नेताओं, राज्य सरकार के मंत्रियों की सभाएं लगाई जा रही हैं. नेताओं द्वारा क्षेत्र में कैम्प किया जा रहा है. वहीं महागठबंधन के दलों ने भी निचले स्तर पर अपने प्रमुख नेताओं की सूची आपस में साझी की है, ताकि ग्रासरूट तक एक बेहतर तालमेल बन सके. जदयू मुख्यालय में राज्यभर की चुनावी तैयारी की रिपोर्ट जिलों से ली जाती है. जदयू की चुनाव अभियान समिति हर घटना-कार्यक्रम पर नजर रखी हुई है. आवश्यकतानुसार जिलों को समिति के द्वारा दिशा-निर्देश भी जारी होते हैं. दो दिनों पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्चुअल बैठक कर स्वयं ही पंचायत स्तर तक के पार्टी पदाधिकारियों को टास्क सौंपा है.

**बिहार की इन चार सीटें पर कल होगा मतदान**




#### चुनाव आयोग ने दिया निर्देश
### राजद कार्यालय में छापेमारी, 50 हजार बरामद

**पटना ।** बिहार के चार लोकसभा क्षेत्रों में पहले चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार का बुधवार को अंतिम दिन था. इसी बीच औरंगाबाद के राजद कार्यालय में चुनाव आयोग के निर्देश पर छापेमारी की गई है. कार्यालय से 50 हजार रुपये और प्रचार सामग्री बरामद की गई है. दरअसल, औरंगाबाद में भी पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान है. पुलिस के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के फार्म के समीप एक होटल में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यालय में गुप्त सूचना के आधार पर फ्लाइंग सर्विलांस की टीम ने छापेमारी की. इस दौरान टीम ने कार्यालय से 50 हजार रुपये और काफी मात्रा में प्रचार सामग्री को जब्त किया. छापेमारी के दौरान नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ संजय पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान राजद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा करने लगा.

# बिजली बिल को लेकर बेटे ने पिता को मार डाला

**संवाददाता । पटना**

औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव में मंगलवार की रात एक बेटे ने गला दबाकर अपने पिता की जान ले ली. सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची मदनपुर थाने की पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार कर शव को कब्जे में ले लिया.

मृत पिता की पहचान महेंद्र प्रसाद 60 साल और हत्यारे पुत्र की पहचान संदीप कुमार 35 साल के रूप में की गई है. मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पिता-पुत्र रानीगंज में ही संयुक्त रूप से लिट्टी,चोखा और चाय की एक गुमटी चलाते थे. बिजली बिल बकाया रहने के कारण उनके घर का कनेक्शन पिछले 15 दिनों से कटा हुआ था. जिसे लेकर दोनों में तकरार हुई थी. बिजली कटने से घर के लोग परेशान थे. मंगलवार रात दोनों घर लौटे तो बेटे ने बकाया पैसे जमा कर पिता से कनेक्शन जुड़वाने की बात कही. पैसे की तंगी को लेकर पिता ने असमर्थता जताई और बेटों को ही मिलकर बिल जमा करने की बात कही.

**बेटे ने आवेश में आकर पिता का गला दबा दिया :** थानाध्यक्ष ने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों में जमकर तकरार हुई और आवेश में आकर बेटे संदीप ने पिता का गला दबा दिया. गला दबाने के कारण पिता महेंद्र प्रसाद गिर पड़े. उस समय घर के सभी सदस्य वहां मौजूद थे, उनके गिरते ही परिवार के अन्य सदस्य उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने हत्या कर फरार हो रहे बेटे संदीप को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया.

### 15 हजार रु. का इनामी जवाहर यादव गिरफ्तार

**बगहा ।** पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में पुलिस ने उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे धवहिया गांव से 15 हजार के इनामी बदमाश जवाहर यादव को गिरफ्तार किया है. अभियुक्त जवाहर यादव पर यूपी व बिहार के विभिन्न थानों में करीब 29 मामले दर्ज हैं. जिसमें बिहार के धनहा थाना में चार व यूपी के पडरौना, खड्डा, नेबुआ नौरंगिया, सेवरही, हनुमानगंज सहित आधा दर्जन थानों में 25 मामले दर्ज है. एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी ने भी मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली, जिसके बाद आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की गयी.

#### गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया हाजीपुर
## अपराधियों ने 3 को मारी गोली

**संवाददाता । पटना**

हाजीपुर में रामनवमी के जुलूस में शामिल होने निकले तीनों दोस्तों को अपराधियों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले. तीनों जख्मी दोस्त को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. पुलिस मामले की कार्रवाई में जुट गई है. पूरा मामला हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाका राज नारायण कॉलेज के पास का है. इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल हो गया है. बताया जा रहा है कि इस्सोपुर के रहने वाला साहिल कुमार अपने



दोस्त अभिषेक और छोटू के साथ रामनवमी जुलूस में शामिल होने के लिए घर से निकला था. इस दौरान घात लगाए कुछ अपराधियों ने तीनों दोस्त को रोक पहले हवा में फायरिंग की और फिर तीनों के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. गोली लगने से तीनों दोस्त जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों ने घायल तीनों दोस्तों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां तीनों दोस्तों का इलाज चल रहा है.

## कारोबार

### इस्पात की खपत 2023-24 में 13% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** घरेलू तैयार इस्पात की खपत 2023-24 में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.6 करोड़ टन हो गई है. अनुसंधान कंपनी स्टीलमिंट इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि मोटर वाहन और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की बढ़ती मांग से वृद्धि का बल मिला. वित्त वर्ष 2022-23 में देश में तैयार इस्पात की खपत 12 करोड़ टन (एमटी) थी. स्टीलमिंट ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में मोटर वाहन उद्योग की मांग में सुधार हुआ है. साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर ध्यान दिया जा रहा है.

### इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** वार्डविज़ार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 1.5% बढ़कर 3,801 इकाई रही. वड़ोदरा स्थित कंपनी ने मार्च 2023 में 3,744 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की आपूर्ति की थी. कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों सहित कुल 26,996 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की थी. सीएमडी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में नई प्रौद्योगिकियों तथा अनुसंधान एवं विकास में निवेश से मजबूती मिलेगा.

### इंडोनेशिया में विनिर्माण पर करेंगे विचार :एपल

**जकार्ता ।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने बुधवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो से मुलाकात के बाद कहा कि कंपनी इंडोनेशिया में विनिर्माण पर विचार कर रही है. कुक ने मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा, हमने देश में विनिर्माण को लेकर राष्ट्रपति की इच्छा के बारे में बात की और हम इस पर ध्यान देंगे. कुक ने कहा, मुझे लगता है कि इंडोनेशिया में निवेश की अनंत क्षमता है. मुझे लगता है कि निवेश करने के लिए बहुत से बेहतरीन स्थान हैं. हम निवेश कर रहे हैं. हम देश में विश्वास रखते हैं. कुक ने एक दिन पहले हनोई में वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की थी.

#### दुनिया भर के शेयर बाजार में मचा हाहाकार
# तीन दिन में निवेशकों के 7.93 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी । मुंबई**

इजराइल-ईरान युद्ध के बढ़ते खतरे और बॉन्ड प्रतिफल (यील्ड) बढ़ने से भारत सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है. पिछले तीन दिनों की बात करें तो निवेशकों को 7.93 लाख करोड़ रुपए की चपत लग गयी है. 3 कारोबारी दिनों में भारत में सेंसेक्स 2000 अंक से अधिक लुढ़क गया और निफ्टी में 2.58 प्रतिशत की गिरावट आयी, हालांकि सोने की चमक फीकी नहीं पड़ी. वह नये शिखर पर पहुंच गया है. जयपुर में प्रति 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 75,150 रुपए पर, इंदौर में 75,100 रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचने की खबर है. लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपया ऑल-टाइम लो पर चला गया. एक डॉलर की कीमत 83.53 रुपए हो गयी है. मंगलवार को सेंसेक्स 456 अंक लुढ़क कर 72,943 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी 125 अंक गिरकर 22,148 के स्तर पर रहा.

**बीएसई की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 7.93 लाख करोड़ रुपये घटा :** जानकारी सामने आयी है कि तीन दिनों में बीएसई की लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4,750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ. एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी (निफ्टी) में भी 124.60 अंक यानी 0.56 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी. निफ्टी 22,147.90 अंक पर बंद हुआ.

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो नुकसान में रहे. दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं.

**इन शेयरों पर असर पड़ने की संभावना बढ़ी :** ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढने से आइटी, निर्यात, फार्मा और कई बैंकिंग शेयरों को नुकसान पहुंच सकता है. विभिन्न क्षेत्रों के कई घरेलू स्टॉक में गिरावट की आशंका बढ़ गयी है. टीसीएस, इंफोसिस, अदाणी पोट्र्स, सन फार्मा, ल्यूपिन, एसबीआइ, विप्रो, टेक महिंद्रा, एनएमडीसी, कल्याण ज्वैलर्स, टाइटन और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों पर इसका असर पड़ सकता है. इसका कारण यह है कि इन सभी कंपनियों की इजराइल में मौजूदगी है.

**सोना भी नयी ऊंचाई पर पहुंचा**



### ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

**एजेंसी । लंदन**

ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है. खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है. फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी. हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी थी. मुद्रास्फीति अब भी बैंक ऑफ इंग्लैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है. यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ऊर्जा लागत में तेज वृद्धि के कारण 2022 के अंत में मुद्रास्फीति 11 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई थी.





बुधवार को कोलकाता में एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री अदा शर्मा.

#### वित्त वर्ष 2023-24
### स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ रुपये हुई

**नयी दिल्ली ।** खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उछाल तथा बाजार में तेजी से मार्च 2024 के अंत में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड श्रेणी की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गई. यह सालाना अधार पर 83 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है. संपत्ति में वृद्धि को निवेशकों की संख्या में वृद्धि ने बल दिया. मार्च 2024 में फोलियो की संख्या 1.9 करोड़ तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 1.09 करोड़ थी. इसमें 81 लाख इज़ाफा हुआ. यह स्मॉल-कैप फंड के प्रति निवेशकों के रुझान को दर्शाता है. फायर्स में उपाध्यक्ष (अनुसंधान) गोपाल कवलिरेड्डी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का वृद्धि पथ लोगों की बढ़ी हुई रुचि को आकर्षित कर रहा है. इससे कई गैर-सूचीबद्ध स्मॉल-कैप कंपनियां पूंजी बाजार से समर्थन मांग रही हैं. यह प्रवृत्ति दीर्घकालिक विकास संभावनाओं पर नजर रखने वाले निवेशकों को आशाजनक अवसर प्रदान करती हैं. उन्होंने कहा कि हालांकि आम चुनाव, मानसून पूर्वानुमान, आर्थिक गतिविधि, मुद्रास्फीति, जीडीपी अनुमान और वित्त वर्ष 2024-25 की आय वृद्धि जैसे कारक स्मॉल-कैप कंपनी के मूल्यांकन को प्रभावित कर सकते हैं और इस खंड में अस्थिरता ला सकते हैं.

**चर्चा**

#### अर्थशास्त्री रघुराम राजन जॉर्ज वाशिंगटन विवि में एक कार्यक्रम के दौरान बोले-
# भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है

**एजेंसी । वाशिंगटन**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है. जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है. राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है.

राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में '2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना: इसके लिए क्या करना होगा' विषय



पर चर्चा में कहा, मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि हम इसका फायदा नहीं उठा रहे हैं. उन्होंने कहा, इसलिए मैंने

> **यदि आप सोचते हैं कि अभी हम इसी स्थिति में हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों से गड़बड़ी को दूर कर लें. वह छह प्रतिशत जनसांख्यिकीय लाभांश में ही है.**

कहा, छह प्रतिशत वृद्धि. यदि आप सोचते हैं कि अभी हम इसी स्थिति में हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों से गड़बड़ी को दूर कर लें. वह छह प्रतिशत जनसांख्यिकीय लाभांश में ही है. यह उससे काफी कम है जहां चीन तथा कोरिया तब थे जब उन्होंने अपना जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा हासिल किया था. राजन भारत द्वारा चिप निर्माण पर अरबों डॉलर खर्च करने के आलोचक रहे हैं.

**चिप निर्माण पर मिलेगी सब्सिडी मिलेगी :** उन्होंने कहा, इन चिप कारखानों के बारे में सोचें. चिप निर्माण पर इतने अरबों डॉलर की सब्सिडी दी जाएगी. उन्होंने कहा, जबकि चमड़ा जैसे रोजगार प्रधान कई क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं. राजन ने कहा, हम उन क्षेत्रों में नीचे जा रहे हैं. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे पास नौकरियों की कमी की समस्या है. यह पिछले 10 साल में उत्पन्न नहीं हुई बल्कि पिछले कुछ दशकों से बढ़ रही है. हालांकि अगर आप उन क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं जिन्हें बढ़ाया जा सकता है. मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमें अब चमड़ा क्षेत्र पर सब्सिडी देने की जरूरत है, लेकिन यह पता लगाएं कि वहां क्या गलत हो रहा है और उसे सुधारने का प्रयास करें. एक सवाल के जवाब में राजन ने कहा कि बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है. इस बीच कार्यक्रम में मौजूद सेलेस्टा कैपिटल के प्रबंधक साझेदार अरुण कुमार ने कहा, भारत को वैश्वीकरण का फायदा मिल रहा है. इसकी आर्थिक समृद्धि भारत में और भारत से व्यापार तथा निवेश बढ़ाने में इसकी वैश्विक परस्पर निर्भरता से प्रेरित होगी, जिससे रोजगार सृजन, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तथा समृद्धि में मदद मिलेगी.


# वोडाफोन-आइडिया ने जुटाए करीब 5,400 करोड़ रुपये

- कंपनी ने 74 कोष को 11 रुपये प्रति शेयर की दर पर 490.9 करोड़ शेयर आवंटित किए

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले अपने एंकर बुक आवंटन को बंद करने की घोषणा की है, जिससे प्रमुख वैश्विक तथा घरेलू निवेशकों से करीब 5,400 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं. वन97 कम्युनिकेशंस और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाद यह तीसरी सबसे बड़ी एंकर बुक हो सकती है. वन97 कम्युनिकेशंस और एलआईसी ने एंकर दौर में क्रमशः 8,235 करोड़ रुपये और 5,627 करोड़ रुपये जुटाए थे. कंपनी ने बुधवार शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने 74 कोष को 11 रुपये प्रति शेयर की दर पर 490.9 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं इससे लेनदेन का आकार 5,400 करोड़ रुपये हो गया.

कंपनी ने बताया कि एंकर बुक की सदस्यता लेने वाले प्रमुख निवेशकों में जीक्यूजी पार्टनर्स, यूबीएस, मॉर्गन स्टेनली इंडिया इन्वेस्टमेंट फंड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, गोल्डमैन सैक्स, फिडेलिटी आदि शामिल हैं. इनके अलावा मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और क्वांट म्यूचुअल फंड सहित घरेलू निवेशकों को एंकर दौर में शेयर आवंटित किए गए.





## अयोध्या में रामलला का भव्य सूर्य तिलक किया गया

# पीएम मोदी ने कहा, अद्भुत व अप्रतिम क्षण देखने का सौभाग्य मिला

एजेंसी। अयोध्या

रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर में पूजा की विशेष व्यवस्था की गयी थी. दोपहर 12 बजे रामलला की प्रतिमा के माथे का सूर्य की किरण से अभिषेक किया गया. प्रंदिर प्रबंधन द्वारा 5.8 सेंटीमीटर प्रकाश की किरण के साथ रामलला का सूर्य तिलक किया गया. इस अवसर पर 10 भारतीय वैज्ञानिकों की टीम राम मंदिर में तैनात थी. जानकारी दी गयी कि दोपहर 12 बजे से लगभग 3 से 3.5 मिनट तक दर्पण और लेंस का प्रयोग कर प्रतिमा के माथे का सूर्य की किरण से अभिषेक किया गया.



### ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है

पीएम मोदी ने कहा कि असम के नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला. श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है. ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा.

### ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के तहत रामलला का सूर्य तिलक किया गया

एनडीटीवी ने सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई), रुड़की के वैज्ञानिक और निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार रामचार्ला के हवाले से कहा कि ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के तहत रामलला का सूर्य तिलक किया गया. निदेशक ने कहा कि ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम में चार दर्पण और चार लेंस होते हैं, जो पाइपिंग सिस्टम के अंदर फिट होते हैं.

**दर्पण और लेंस की क्वालिटी उच्च है. यह लंबे समय तक टिकी रहेगी**

उन्होंने बताया, अंतिम लेंस और दर्पण पूर्व की ओर मुख किये हुए श्री राम के माथे पर सूर्य की किरणों को केंद्रित किया गया. सूर्य की किरणों को उत्तर दिशा की ओर दूसरे दर्पण की ओर भेजकर सूर्य तिलक बनाया गया. डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि दर्पण और लेंस की क्वालिटी काफी उच्च है. यह लंबे समय तक टिकी रहेगी. पाइप के अंदर की सतह काले पाउडर से रंगी गयी है, जिससे सूर्य की किरणें बिखरने नहीं पायं.

## ब्रीफ खबरें

### 'आप ने राम राज्य' वेबसाइट शुरू की

**नयी दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी (आप) ने 'राम राज्य' को लेकर अपनी अवधारणा जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वेबसाइट 'आप का राम राज्य' शुरू की और कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को साकार करने की कोशिश की है. 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत से पहले और संयोगवश आज देशभर में रामनवमी के त्योहार पर 'आप' ने यह वेबसाइट शुरू की. एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह वेबसाइट 'आप' की 'राम राज्य' की अवधारणा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार द्वारा किये गये कामकाज की भी जानकारी देगी.

### कारखाना में विस्फोट संचालक फरार हुआ

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर जिले में पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में बुरी तरह झुलसे तीन मजदूरों में शामिल 20 वर्षीय एक युवक की एक अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई, जबकि इस इकाई का संचालक घटना के बाद फरार हो गया है. चोइथराम अस्पताल के उपनिदेशक डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में गंभीर रूप से घायल रोहित परमानंद (20) इस घटना के बाद से सदमे में था और उसे जीवन रक्षक तंत्र पर रखा गया था. भट्ट ने बताया कि तमाम प्रयासों के बावजूद रोहित की जान नहीं बचाई जा सकी. उन्होंने बताया कि पटाखा कारखाना विस्फोट में बुरी तरह झुलसे दो अन्य मजदूरों- अर्जुन राठौर और उमेश चौहान की हालत स्थिर बनी हुई है.

### पूर्व मंत्री एकनाथ को मिली धमकी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता खडसे ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वह जल्द ही वापस भाजपा में चले जाएंगे. अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक अज्ञात नंबर से कॉल कर खडसे को धमकी दी गई, जिसके बाद उन्होंने जलगांव जिले के मुक्ताई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के अनुसार, फोन करने वाले ने खडसे को धमकी देते समय गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील के नाम लिए. अधिकारी ने कहा कि फोन करने वाले का अभी पता नहीं चल पाया है.

### कश्मीर नौका हादसा तीन की तलाश जारी

**श्रीनगर ।** श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में नाव पलट जाने के बाद से लापता तीन लोगों की तलाश के लिए बुधवार को बचाव-अभियान शुरू किया गया. इस हादसे में छह लोग मारे गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया. उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना के जवान अभियान में तैनात किया गया है.

## प्रधानमंत्री मोदी ने अगरतला में रैली के दौरान बोले

# कांग्रेस ने पूरे देश में 'लूट ईस्ट' की नीति अपनाई थी

एजेंसी। अगरतला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया. प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं.


मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है. प्रधानमंत्री ने अगरतला की रैली में कहा, कांग्रेस ने 'लूट ईस्ट' की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है. मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है. उन्होंने कहा, त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है. उन्होंने कहा, 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है. मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. उन्होंने कहा, पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है. यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है. अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता. कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. किसी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा.



**खास बातें**

- सरकार ने गरीबों के लिए तीन करोड़ आवास बनवाए
- रामलला अंततः तंबू की जगह भव्य मंदिर में विराजे

### अमित शाह ने छिंदवाड़ा में राम मंदिर में पूजा की



**छिंदवाड़ा (मप्र) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा शहर में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की. मंगलवार शाम को रोड शो करने के बाद वह रात भर छिंदवाड़ा में रुके थे. शाह ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट में कहा, रामनवमी के शुभ अवसर पर, मैंने छिंदवाड़ा में श्री राम मंदिर का दौरा किया और देश की निरंतर प्रगति और देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की. प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय धावले ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शाह ने राम मंदिर के दर्शन से पहले बुधवार सुबह पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की. उन्होंने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद शाह हेलिकॉप्टर से नागपुर के लिए रवाना हो गए. शाह ने मंगलवार को छिंदवाड़ा शहर में भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू के समर्थन में रोड शो किया था, जिनका मुकाबला नकुल नाथ से है.

## प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो

एजेंसी। सहारनपुर (उप्र)

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की आठ सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बुधवार को यहां विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो किया. जैन बाग क्षेत्र से शुरू हुआ रोड शो रायवाला, जेबीएस इंटर कॉलेज, कम्बोह पुल से होकर लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय करते हुए मुस्लिम बहुल इलाके कुतुब शेर में समाप्त हुआ. कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारे में भी जाने का कार्यक्रम था, लेकिन प्रशासन ने उन्हें अनुमति नहीं दी. सोशल मीडिया नेटवर्क 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रियंका गांधी ने कहा, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर वासियों के इस प्यार से अभिभूत हूं. यह उत्साह, यह जोश और यह जज्बा आने वाले परिवर्तन की आहट है. उन्होंने कहा, बेरोजगारी और महंगाई से निराश हो चुकी जनता को अब बदलाव की उम्मीद दिखने लगी है. यह उत्साह उसी उम्मीद की झलक है. जनता पर अन्याय करने वाली भाजपा की विदाई तय है. जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया. एक खुले वाहन में इमरान मसूद के साथ सवार प्रियंका गांधी ने हाथ जोड़कर सड़क के दोनों ओर मौजूद भीड़ का अभिवादन किया.



### यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमले में आठ लोगों की मौत

**कीव ।** रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइलें बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई. शहर के कार्यवाहक मेयर एलेक्जेंडर लोमाको ने बताया कि बुधवार सुबह हुए हमले में कम से कम 18 लोग घायल हो गए. कीव से लगभग 150 किमी उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है. पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है.

### पंजाब : साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों ने रेल पटरियों पर धरना दिया

एजेंसी ।चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए. वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है. किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हरियाणा प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि गिरफ्तार किसानों को 16 अप्रैल तक रिहा कर दिया जाएगा.



उन्होंने कहा, जब हमारे किसानों को रिहा नहीं किया गया, तो हमने रेल पटरियों पर धरना देने का फैसला किया. मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान नवदीप सिंह समेत तीन किसानों को गिरफ्तार किया गया है. पंजाब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रेल पटरियों की ओर जाने से रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, लेकिन किसान जबरन आगे बढ़ गए और पटरियों पर बैठ गए.

## दुबई में जल प्रलय | कई घर गिरे, मॉल्स में भरा पानी, एयरपोर्ट लबालब, मैट्रो सिस्टम ठहरा, एक की मौत

# कृत्रिम बारिश की कोशिश से कुछ घंटों में ही बरसा डेढ़ साल का पानी

एजेंसी। दुबई

प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि हम मौसम की मार झेलने को विवश हैं. प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए जाने के कारण ही मौसम में लगातार बदलाव आ रहा है. असमय बारिश, आंधी व ओलावृष्टि इसी का संकेत है. मौसम विज्ञानियों व विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम में तेजी से बदलाव के कारण स्थिति भयावह होती जा रही है. प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा कुछ इसी तरह रेगिस्तान के शहर के तौर पर मशहूर दुबई में भी देखने को मिला है. वहां फिलहाल बाढ़ का हाहाकार है. मशहूर शॉपिंग मॉल्स में पानी भरा है. पार्किंगों में गाड़ियां तैर रहीं हैं और सड़कें तालाब बनी पड़ी हैं. हालात यह हैं कि एयरपोर्ट भी बाढ़ में डूब गया है और हवाई पट्टी ही नहीं दिख रही. शहर का ड्राइवरलेस मेट्रो सिस्टम भी ठहर गया है. आखिर रेतीली जमीन पर अचानक इतनी बारिश क्यों हुई. यह जल प्रलय क्यों आई है? हर किसी का यही सवाल है. दरअसल कुछ वैज्ञानिकों ने बताया है कि यह साइंस के इस्तेमाल से हुई गलती है, जिसका खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है.

संयुक्त अरब अमीरात में आमतौर पर बारिश बहुत कम होती है. पूरा साल लगभग सूखा ही गुजरता है, बस सर्दी वाले कुछ महीनों में हल्की बारिश होती है. बारिश कम होती है, इसी के चलते पानी की निकासी की व्यवस्था भी बहुत ज्यादा नहीं की गई है. यही नहीं यूएई के अलावा सऊदी अरब, बहरीन, कतर जैसे देशों में भी कम बारिश होती है. अरब की खाड़ी वाले ज्यादातर देशों की यही स्थिति है.



### वैज्ञानिकों की कोशिश में फट गया बादल

वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार और मंगलवार को क्लाउड सीडिंग के लिए विमान उड़ाए गए थे. क्लाउड सीडिंग वह तकनीक है, जिसके जरिए कृत्रिम बारिश कराई जाती है. लेकिन यह पूरा प्लान तब फेल हो गया, जब कृत्रिम बारिश की कोशिश में बादल ही फट गया. कहा जा रहा हैकि इतनी बारिश महज कुछ घंटों में हो गई, जो डेढ़ साल में हुआ करती थी. इसका असर हुआ कि पूरा शहर जलमग्न हो गया और ऐसी जल प्रलय आया, जो दुबई के बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था. दुबई के अलावा एक और शहर फुजैराह में भी यही हालात हैं. यहां 5.7 इंच तक बारिश हुई है. इस बारिश के चलते रास अल-खैमा में एक शख्स की मौत हो गई. वह अपनी कार से गुजर रहा था, लेकिन बाढ़ के पानी में उसकी गाड़ी ही बह गई.

### 75 सालों में पहली बार हुई इतनी बारिश

दुनिया के सबसे बड़े शॉपिंग सेंटर्स में से एक मॉल ऑफ अमीरात की दुकानों का ऐसा हाल हुआ है कि छतों से पानी टपकने लगा. यही नहीं कुछ दुकानों की तो छत ही गिर पड़ी. दुबई के मौसम की जानकारी रखनेवालों का कहना है कि बीते 75 सालों के इतिहास में कभी इतनी बारिश नहीं हुई थी. इस बारिश की वजह से शारजाह सिटी सेंटर और दिएरा सिटी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है. दुबई के एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही को रोक दिया गया है. यही नहीं पार्किंग में खड़ी गाड़ियां पानी में ऐसी डूबी हैं कि उन्हें निकालना भी संभव नहीं हो रहा है. तमाम घरों और कॉलोनियों में पानी भर गया है.

## केरल : दुष्कर्म का आरोपी पुलिस अधिकारी मृत मिला

**कोच्चि।** महिला डॉक्टर से रेप के आरोप की जांच का सामना कर रहा एक पुलिस अधिकारी बुधवार को यहां स्टेडियम में मृत पाया गया. पुलिस ने बताया कि तिरुवनंतपुरम के एक थाने का पूर्व दारोगा अंबेडकर स्टेडियम के पास इमारत में लटका हुआ मिला. पुलिस ने कहा कि केरल हाईकोर्ट द्वारा मामले में दारोगा की जमानत याचिका खारिज करने के एक दिन बाद उसने यह कदम उठाया. उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एर्नाकुलम जनरल अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ने उससे शादी करने का वादा करके कई बार उसका यौन शोषण किया. पुलिसकर्मी ने डॉक्टर को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी थी.

## भाजपा के डर से वायनाड में कांग्रेस ने नहीं लगाये हैं झंडे : माकपा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ माकपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वायनाड में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के डर से अपने और अपने प्रमुख सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के झंडे नहीं लगाये थे. केरल में मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए माकपा की राज्य इकाई के सचिव एम.वी. गोविंदन ने कहा कि यद्यपि कांग्रेस दावा कर रही है कि उसकी लड़ाई भाजपा से है, लेकिन उसके दो राष्ट्रीय नेता-राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल, दक्षिणी राज्य से चुनाव मैदान में हैं, जहां भाजपा की कोई भूमिका नहीं है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)